✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 209 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 26 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान का भ्रमण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## मास्टर प्लान के तहत करें संजय गांधी जैविक उद्यान का विकास : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को संजय गांधी जैविक उद्यान का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान वहां उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और मुस्कुराते हुये उनका हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री ने वन्य जीवों तथा पक्षियों को देखा और उनके स्वास्थ्य-सुविधाओं, कार्यकलापों तथा पर्यावरण संरक्षण की जानकारी ली। उन्होंने वन्य जीवों की देखभाल अच्छे ढंग से करने और उनकी सुविधाओं का ठीक से ख्याल रखने का निर्देश दिया। संजय गांधी जैविक उद्यान में बड़ी संख्या में कराये गये वृक्षारोपण पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता जाहिर की। यहां भ्रमण करनेवाले बच्चों एवं आगंतुकों



को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्कूली छात्र-छात्राओं का अधिक से अधिक भ्रमण करायें ताकि वे वन्य जीवों एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक हो सकें। यहां टॉय ट्रेन जल्द से जल्द शुरू करायें। हमने संजय गांधी जैविक उद्यान का कई बार भ्रमण किया है तथा यहां कई सारी सुविधाएं विकसित की गयी हैं। संजय गांधी जैविक उद्यान के बेहतर विकास के लिए मास्टर प्लान बनाया गया है, उस पर तेजी से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने जू भ्रमण के दौरान जेब्रा के नवजात बच्चे का नाम 'समृद्धि रखा। हाल में ही पटना जू में अफ्रीका के देशों में पाये जाने वाले महत्वपूर्ण वन्य जीव जेब्रा के बच्चे का जन्म हुआ है। लगभग 17 वर्षों के बाद जेब्रा के बच्चे का जन्म होना राज्य सरकार के द्वारा वन्य जीवों के बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए किये जा रहे प्रयासों का फल है। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस एम, संजय गांधी जैविक उद्यान के निदेशक हेमंत पाटिल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर दिल्ली में उनके स्मृति स्थल 'सदैव अटल' के पास उपस्थित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन एवं अन्य।

## सड़क किनारे दौड़ लगा रहे दो छात्रों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिला स्थित बंजारी सीमेंट फैक्ट्री के समीप सड़क किनारे दौड़ लगा रहे दो छात्रों की एक हाईवा की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना गुरुवार की सुबह रोहतास थाना क्षेत्र के समहुता गांव के समीप की है और घटना के बाद वाहन चालक हाईवा लेकर मौके से फरार हो गया। मृत युवकों की पहचान काराकाट के मुंजी गांव के रहने वाले आशीष कुमार और समहुता निवासी रंजन यादव के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में मृतक रंजन कुमार के पिता हुलास सिंह ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे उनका पुत्र दौड़ने के लिए अपने दोस्त आशीष के साथ घर से निकला था तभी बंजारी सीमेंट फैक्ट्री के समीप दोनों एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आ गये। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के पश्चात हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

### संक्षिप्त समाचार

## नौकरी-रोजगार के लिए सरकार संकल्पित : उमेश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ से अधिक नौकरी और रोजगार सृजन का लक्ष्य पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। श्री कुशवाहा ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री ने पहली बैठक में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। यह समिति राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने से संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन का कार्य करेगी। साथ ही, नीतीश सरकार ने नौ पुराने चीनी मिलों के पुनरुद्धार और 25 नई चीनी मिलों को चरणबद्ध तरीके से स्थापित करने का निर्णय लिया है।

## स्नातक उत्तीर्ण तीन लाख छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का इंतजार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य में स्नातक उत्तीर्ण तीन लाख से अधिक छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का इंतजार है। पिछले एक साल से ये छात्राएं 50 हजार की प्रोत्साहन राशि मिलने का इंतजार कर रही हैं। शिक्षा विभाग ने वित्त विभाग से इस मद में राशि देने की मांग की है। इधर, शिक्षा विभाग ने इस योजना के तहत आवेदन करने वाली छात्राओं के सर्टिफिकेट जल्द जांच करने के लिए विश्वविद्यालयों को फिर से पत्र भेजा है। अभी भी दो लाख से अधिक छात्राओं की सर्टिफिकेट जांच बाकी है। ऐसी स्थिति में वित्त विभाग से राशि आवंटित होने और विवि से सभी छात्राओं के सर्टिफिकेट जांच होने के बाद ही इन छात्राओं के बैंक खाता में राशि जाएगी। इस योजना के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों से स्नातक उत्तीर्ण 5 लाख 78 हजार छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इसमें से एक लाख 98 हजार स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं के खाता में प्रोत्साहन राशि सितंबर अंत तक भेजी गई थी। इसमें अब शेष बचे तीन लाख 80 हजार छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दिया जाना है।

## रोहतास समेत तीन जिलों में पुलिस भवनों की नई आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी), रोहतास और लखीसराय जिलों में पुलिस भवनों की नई आधारभूत संरचनाओं के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के तहत आधुनिक और सुविधाजनक पुलिस भवन बनाए जाएंगे जिससे पुलिस कर्मियों के कार्य वातावरण में सुधार होगा और महिला पुलिस बल को बेहतर आवासन सुविधा भी उपलब्ध होगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का नया भवन, फर्नीचर और आधारभूत संरचना सहित बनाया जाएगा। वहीं, रोहतास जिले के डिहरी में पुलिस केंद्र का रक्षित कार्यालय और शस्त्रागार भवन, फर्नीचर और आधारभूत संरचना सहित तैयार किया जाएगा। लखीसराय में महिला पुलिस कर्मियों के लिए 200 बेड का महिला पुलिस बैरक, फर्नीचर और अन्य आधारभूत संरचना का निर्माण किया जाएगा। इन तीनों जिलों की योजनाओं पर कुल 30 करोड़ 26 लाख 57 हज़ार रुपये खर्च किए जाएंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य में पुलिस व्यवस्था को सशक्त, आधुनिक और संवेदनशील बनाने के लिए लगातार ठोस



कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य है कि पुलिस ढांचे को मजबूत किया जाए और जनता को बेहतर सुरक्षा प्रदान की जा सके। हाल ही में गृह विभाग ने यातायात प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना को भी स्वीकृति दी है। इसके अलावा गोरखा वाहिनी सह-अतिरिक्त प्रशिक्षण केंद्र के लिए 30 एकड़ भूमि के भू-अर्जन की मंजूरी दी गई है। साथ ही जिला पुलिस केंद्रों में पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पारण (मोतिहारी), रोहतास और लखीसराय जिलों में नई आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से पुलिस कर्मियों के कामकाज और जनता की सुरक्षा में सुधार आएगा।

## सीटेट फरवरी के लिए आवेदन 27 दिसंबर से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) फरवरी 2026 के लिए आवेदन पूरा नहीं कर पाने वाले एक लाख, 61 हजार, 127 अभ्यर्थियों को बोर्ड एक और मौका दिया है। इन अभ्यर्थियों के लिए सीबीएसई ने आवेदन के लिए पोर्टल खोलने का फैसला लिया है। अंतिम रूप से आवेदन जमा करने के लिए एक बारे पुनः 27 दिसंबर 11 बजे से 30 दिसंबर रात 11:59 बजे तक पोर्टल खोला जाएगा। जिन अभ्यर्थियों के आवेदन अधूरे रह गए थे, वह इस अवधि में आवेदन जमा करेंगे।

## संपत्ति का ब्योरा देने के बाद ही शिक्षकों को मिलेगा वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के शिक्षकों के लिए सरकार ने नया आदेश जारी किया है। सरकारी शिक्षकों को पहले अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देना होगा। उसके बाद ही उन्हें जनवरी महीने का वेतन मिलेगा। इसमें प्रधानाध्यापक और विशिष्ट शिक्षक से लेकर विद्यालय अध्यापक और नियोजित शिक्षक सभी कोटि के सरकारी टीचर शामिल हैं। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। विभाग से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार शिक्षकों द्वारा चल एवं अचल संपत्ति के साथ ही सभी तरह के दायित्वों का ब्योरा ए-4 साइज के सादे कागज में दिया जाएगा। वह कंप्यूटर में टंकित होगा। संबंधित अनुलग्नक के साथ विवरणी तीन पेज की होगी। हर पेज के नीचे शिक्षक का हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा। बता दें कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी के निर्देश के तहत राज्य के समूह क, ख एवं ग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को 31 दिसंबर की स्थिति पर आधारित चल एवं अचल संपत्ति एवं दायित्वों का ब्योरा सौंपना अनिवार्य है। इसमें सरकारी स्कूल में काम करने वाले शिक्षक भी शामिल हैं। इसी के तहत उनसे संपत्ति का ब्योरा लिया जा रहा है। शिक्षक जब तक प्रॉपर्टी की जानकारी विभाग को नहीं देंगे तब तक उन्हें वेतन नहीं दिया जाएगा।

## 83 उर्वरक प्रतिष्ठानों के लाइसेंस रद्द, 31 के खिलाफ प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि विभाग का दावा है कि राज्य में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है। कालाबाजारी, तस्करी एवं अधिक मूल्य पर विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई हो रही। इस बार रबी मौसम में 31 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। कुल 83 उर्वरक प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द किया गया है। यह कार्रवाई 24 दिसंबर तक की है। विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार के अनुसार प्राप्त शिकायतों के आधार पर उड़नदस्ता दल उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच एवं छोमारी कर रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में एसएसबी के समन्वय से तस्करी नियंत्रित की जा रही है। उर्वरक प्रतिष्ठानों की पाश मशीन में दर्शाई गई मात्रा और भौतिक रूप से उपलब्ध उर्वरक की मात्रा का विशेष सत्यापन गुरुवार कसे शुरू हुआ है, जो शुक्रवार तक चलेगा। स्टॉक में किसी भी तरह का अंतर या प्रतिष्ठान में अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई तय है। अभी किसी भी जिले में उर्वरक की कमी नहीं है। 24 दिसंबर की स्थिति के अनुसार, राज्य में 2.37 लाख टन यूरिया, 1.23 लाख टन डीएपी, 2.10 लाख टन एनपीके, 0.40 लाख टन एमओपी तथा 1.11 लाख टन एसएसपी का भंडार है।

## ट्रैक्टर ने दो बच्चों को कुचला

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** चकाई थाना क्षेत्र के बाराटांड़ गांव के पास एक बालू लदे ट्रैक्टर ने दो लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच वर्षीय बच्चे सहित दो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। घटना तब हुई जब एक पांच वर्षीय बच्चा अपने घर के सामने सड़क किनारे खड़ा था। बालू लदे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के सगदनियाडीह गांव निवासी राजेश यादव के पुत्र रविकांत कुमार चकाई थाना क्षेत्र के झगरूडीह गांव निवासी फागु पासवान के पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है।

## जयंती पर भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती गुरुवार को पूरे देश में मनायी गयी। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन पाटलिपुत्रा पार्क, पटना में किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, विधायक सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक रत्नेष कुशवाहा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदय कांत मिश्रा, बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष नन्द




किशोर यादव, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।



# अटल बिहारी का जीवन राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मर्यादाओं और वैचारिक दृढ़ता का संगम : संजय सरावगी

## पूर्व पीएम के जीवन वृत पर आधारित भाजपा कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर बिहार के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पटना स्थित पाटलिपुत्र पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सादर नमन किया। इस अवसर पर आयोजित राजकीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित वरिष्ठ नेता भी सम्मिलित हुए। इस मौके पर सांसद रविशंकर प्रसाद और



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, दूरदर्शिता और जनता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनके कार्यों और विचारों ने देश को एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा दी। उन्होंने जो नींव रखी, उसी पर आज देश आगे बढ़ रहा है। चाहे परमाणु शक्ति का विषय हो, भाषा और संस्कृति का विकास हो या देश की राजनीतिक स्थिरता, वह हर क्षेत्र में मिसाल रहे। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनके जीवन-वृत्त पर आधारित एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने किया। इस प्रदर्शनी को बड़ी संख्या में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा आम लोगों ने भी देखा और पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन को समझने की कोशिश की। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा, अटल जी के विचार, व्यक्तित्व और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण नमन किया गया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शिता और राष्ट्रभक्ति आज भी सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सिर्फ राजनीतिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और भाषाई दृष्टि से भी देश को समृद्ध किया। उन्होंने मैथिली भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाई और उसे संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल करवाया। इस प्रदर्शनी के शुरू होने के पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित प्रदेश के पदाधिकारियों, मंच, मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन करते हुए उनके व्यक्तित्वों की चर्चा की।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को डॉ. संतोष सुमन ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, विवेक और संवेदना से परिपूर्ण राष्ट्रपुरुष थे। उन्होंने भारतीय राजनीति को शालीनता, संवाद और लोकतांत्रिक मूल्यों की नई ऊँचाई दी। मतभेदों के बावजूद विपक्ष का सम्मान करना और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना, उनकी राजनीति की सबसे बड़ी पहचान रही। उन्होंने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्राम सड़क योजना और विदेश नीति में संतुलन जैसे ऐतिहासिक निर्णयों के माध्यम से अटल जी ने भारत को आत्मविश्वास और वैश्विक पहचान दिलाई। डॉ. संतोष सुमन ने कहा, ञअटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार, उनकी कविता और उनका राष्ट्रप्रेम सदैव हमें मार्गदर्शन देता रहेगा।

## बॉडीबिल्डिंग में मिस्टर बिहार बने पटना के बबलू

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** सारण के खेल भवन प्रेक्षा गृह में सोलहवीं सीनियर मिस्टर बिहार बॉडीबिल्डिंग एवं मेंस फिजिक पुरुष एवम महिला चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन विधानसभा सचेतक एवं बरेली विधानसभा के विधायक मंजीत कुमार सिंह ने किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन न्यू बिहार बॉडीबिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन के तत्वधान में सारण जिला के द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान 55 किलो वर्ग में सुजीत कुमार, 60 किलो वर्ग में चंदन कुमार, 65 किलो वर्ग में निखिल कुमार, 70 किलो वर्ग में बबलू कुमार, 75 किलो वर्ग में प्रकाश कुमार, 80 किलो वर्ग में शुभांशु भट्टाचार्य, 85 किलो वर्ग में अजय कुमार यादव, एवं 90 किलो वर्ग में टुन्नू सिंह, एवं मास्टर में मिस्टर रोहित कुमार सिंह ने प्राप्त किया। मिस रिंकी ने महिलाओं के बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा फिजिक्स चैंपियनशिप में मिस रिंकी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेंस फिजिक्स 165 में प्रथम स्थान अंकुर राजवीर एवं 165 किग्रा में रियाज शेख हुए। मिस्टर बिहार की उपाधि बबलू कुमार ने प्राप्त किया। इनको पुरस्कार स्वरूप रॉयल एनफील्ड प्रदान किया गया। विधायक मंजीत कुमार सिंह के द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि इस खेल विद्या को बिहार सरकार के खेल सूची में सम्मिलित करने हेतु प्रयास करेंगे। संरक्षक पूर्व विधान पार्षद वर्तमान बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर रणवीर नंदन ने जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अडाणी फाउंडेशन ने किया 400 कम्बल का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती प्रखंड के हरिण कोल पंचायत के पहाड़िया टोला गांव में गुरुवार को अडानी फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच चार सौ से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पीरपैंती क्षेत्र के विधायक मुरारी पासवान ने कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में कहा कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। उन्होंने पहाड़िया टोला गांव में अदाणी फाउंडेशन की ओर से लगाए गए छह सोलर स्ट्रीट लाइट और 30 फीट ऊंची सोलर हाई मास्ट लाइट का फीता काटकर उद्घाटन भी किया, जिससे गांव में रात्रि के




समय रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि पीरपैंती क्षेत्र में अदाणी पावर द्वारा 2400 मेगावाट क्षमता वाली विधुत प्लांट के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही कंपनी सीएसआर के तहत अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का लगातार निर्वहन कर रही है और स्थानीय समुदाय के समग्र विकास के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन और अदाणी पावर के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा हरिण कोल पंचायत के मुखिया दीपक सिंह, सरपंच बरुण गोस्वामी, बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के प्रखंड अध्यक्ष हरेराम शर्मा, वार्ड सदस्य रिजू पहाड़िया, विनोद यादव सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# सांसद खेल महोत्सव का समापन, खिलाड़ियों को दी गई बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती एवं सुशासन दिवस के शुभ अवसर पर पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के कंकड़बाग पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। समापन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नेतागण, पार्टी के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों के साथ वर्चुअल माध्यम से यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी संबोधन को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री का आज सांसद खेल महोत्सव में संबोधन हर खिलाड़ी और युवा को प्रेरित करने वाला रहा। सांसद खेल महोत्सव एक व्यापक और सार्थक आयोजन है, जिसमें करोड़ों खिलाड़ियों को नए-नए अवसर मिले और युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच मिला। इस अवसर पर बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी जी, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता, पटना साहिब विधायक रत्नेश कुमार जी, महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी सहित पार्टी के सभी पदाधिकारीगण एवं जिलाध्यक्षगण व मंडलाध्यक्षों का हार्दिक आभार, जिन्होंने उपस्थित होकर हमारे युवा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की। सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथियों एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का मान व सम्मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। पुरस्कार वितरण सह समापन समारोह में हजारों की संख्या में शामिल प्रतिभागियों में विजेता, उपविजेता सहित अन्य को प्रमाण पत्र, मोमेंटो मेडल देकर मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सांसद खेल महोत्सव के आयोजक श्री प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच कर का परिणाम है की पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य है स्थानीय प्रतिभावान खिलाड़ियों को नए-नए अवसर प्रदान करना और उनके खेल को प्रोत्साहित करना। सांसद खेल महोत्सव में शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं ने भी बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों के लड़किया कबड्डी में बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। कबड्डी, फुटबॉल, ताक्यवंडो, योगा, बास्केटबॉल का मुख्य रूप से प्रतियोगिता हुआ। इस मौके पर श्री प्रसाद ने बच्चों से आग्रह करते हुए कहा की खूब खेलो, बड़े सपने देखो और सफल होकर देश, प्रदेश का नाम गौरवान्वित करो। ऐसी मेरी शुभकामनाएं है। प्रतियोगिता में पटना के अनेक स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और उत्साह के साथ खेल का आनंद लिया। छोटे-छोटे बच्चों को भी ताक्यवंडो प्रतियोगिता में भाग लेते देख बहुत सुखद अनुभूति प्राप्त हुई। मैच के रेफरी, कोच टीम मैनेजर को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सांसद खेल महोत्सव में जीते हुए प्रतिभागी फुटबॉल बॉयज में शुक्ला फुटबॉल एकेडमी प्रथम स्थान व दूसरे स्थान में PSFA टीम रही वही फुटबॉल गर्ल्स में प्रथम स्थान अखंड ज्योति टीम रही एवं द्वितीय स्थान पर शुक्ला फुटबॉल एकेडमी रही। कबड्डी बॉयज में प्रथम स्थान पाटलिपुत्र कॉम्प्लेक्स व द्वितीय स्थान देव कबड्डी एकेडमी रही वही गर्ल्स कबड्डी में प्रथम स्थान बख्तियारपुर तथा द्वितीय स्थान देव कबड्डी रही। योगा अंडर 19 गर्ल्स में कुमारी सुप्रिया को प्रथम, लिली कुमारी को द्वितीय तथा रिया सिंह को तृतीय स्थान मिला। वही बॉयज टीम में नीतीश कुमार को प्रथम, धनंजय कुमार को द्वितीय तथा गणेश कुमार को तृतीय स्थान मिला।

# वीर बाल दिवस आज, राष्ट्रपति देंगी प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

## 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय स्तर पर वीर बाल दिवस मनाएगा। इस अवसर पर देश के युवा वीरों के साहस, बलिदान और अनुकरणीय मूल्यों का स्मरण किया जाएगा। इसी दिन विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों को दिया जाने वाला देश का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान है। यह पुरस्कार वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया जाता है। वर्ष 2025 में 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 20 बच्चों का चयन इस सम्मान के लिए किया गया है। यह पुरस्कार 26 दिसंबर 2025 को सुबह 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रदान किया जाएगा। वीर बाल दिवस 2025 का राष्ट्रीय स्तर का मुख्य कार्यक्रम 26 दिसंबर को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे और बच्चों तथा युवाओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका, साहस, दृढ़ता और निस्वार्थ सेवा की प्रेरक कहानियों को प्रस्तुत किया जाएगा। यह आयोजन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप सशक्त और जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी स्वागत भाषण देंगी। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर से स्कूली बच्चे, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्तकर्ता और अन्य गणमान्य लोग भाग लेंगे। समारोह के दौरान भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और वीरता की भावना को दर्शाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। वीर बाल दिवस 2025 का यह राष्ट्रीय कार्यक्रम 26 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे से एनआईसी वेबकास्ट, डीडी न्यूज और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारित किया जाएगा, जिससे देशभर के लोग इसमें सहभागिता कर सकेंगे।

# वीडियो-एल्बम 'तनहाई' तथा नाट्य-पुस्तक- 'रंगरूपा कोशा' का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नाटककार जाने-माने कवि/गीतकार मधुरेश नारायण के वीडियो एल्बम 'तनहाई' तथा वरिष्ठ लेखक और डॉ किशोर सिन्हा की नाट्य-पुस्तक- 'रंगरूपा कोशा' का लोकार्पण-सह-कवि सम्मेलन, ए एन कॉलेज, पटना में फिल्म और संस्कृति को समर्पित संस्था 'मुग्धाभि सिने प्रोडक्शन' (ट) के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की और मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ लेखक / नाटककार डॉ नरेन्द्रनाथ पांडेय ने शिरकत की। इनके अतिरिक्त डॉ किरण घई, पूर्व सदस्य, बिहार विधान परिषद, शिक्षाविद् अनीता राकेश, बी के जैन, अन्तर्राष्ट्रीय छायाकार, प्रो. डॉ नरेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, अंग्रेज़ी विभाग, 'रंगरूपा कोशा' नाटक के लेखक डॉ किशोर सिन्हा और वीडियो एल्बम 'तनहाई' के गीतकार-गायक मधुरेश नारायण सहित अनेक गणमान्य साहित्यकारों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संगीत और संस्कृत की विदुषी नम्रता कुमारी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. नरेन्द्र नाथ पांडेय, लेखक/नाट्यकार ने संगीत वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं मधुरेश नारायण को नाट्य-संस्था के अध्यक्ष के रूप में जानता था। आज इस वीडियो को देखकर लगा कि बैंकिंग सेवा में रहते हुए इनकी साहित्य-सेवा और गीत-संगीत के प्रति अनुराग बहुत सराहनीय एवं दूसरे सेवानिवृत्त लोगों के लिए प्रेरणादायक है। विशिष्ट अतिथि श्री बी. के. जैन, अंतर्राष्ट्रीय छायाकार ने कहा कि गीत लिखना, स्वरबद्ध करना एवं गाना इनकी बहुमुखी प्रतिभा की परिचायक है। डॉ. किशोर सिन्हा की नाट्य-रचना 'कोशा' पर अपने विचार रखते हुए देश के जाने-माने कवि-कथाकार श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि किशोर जी साहित्य की हर विधा के जानकार एवं स्थापित हस्ताक्षर हैं। बिहार विधान परिषद की पूर्व सदस्य, किरण घई ने डॉ किशोर सिन्हा को साहित्य और रंगकर्म के क्षेत्र में एक कल्पनाशील और क्रियाशील व्यक्तित्व बताया। उन्होंने कहा कि ये कृति हमें इतिहास के अनछुए पृष्ठों से परिचित कराती है। डॉ. अनिता राकेश, शिक्षाविद ने 'कोशा' पुस्तक पर विचार रखते हुए कहा कि नाटक की इनकी पहले भी कई पुस्तकें आ चुकी हैं। इनके अलावा प्रो. नरेन्द्र कुमार, प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, ए. एन. कॉलेज के अलावा, समाज और साहित्य के अनेक गणमान्य विद्वानों एवं विदुषियों- सर्व आनंद बिहारी प्रसाद, प्रो. अनिल प्रसाद, नीलांशु रंजन, अभय सिन्हा, आराधना प्रसाद, सीमा रानी, कविता राज, विभा रानी श्रीवास्तव, बेंगलुरु से पधारी कंचन अपाराजिता, शुभचन्द्र सिन्हा, सुनील कुमार, रवि कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार रखे।

# संस्कृत के माध्यम से ही भारतीय ज्ञान-परम्परा का संरक्षण एवं प्रसार संभव : मृत्युंजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** संस्कृत भारती, बिहार प्रांत के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर स्थित रामेश्वर महाविद्यालय के परिसर में आयोजित आवासीय प्रबोधन वर्ग का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में सम्मिलित हुए तथा उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित संस्कृत प्रेमियों, आचार्यों, कार्यकर्ताओं एवं पूरे प्रदेश से प्रशिक्षण प्राप्त करने आये 100 से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए श्री झा ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दृष्टि, संस्कृति और मूल्यबोध की संवाहिका है। संस्कृत के माध्यम से ही भारतीय ज्ञान-परम्परा, दर्शन, विज्ञान, योग और नैतिकता का संरक्षण एवं प्रसार संभव है। उन्होंने संस्कृतभारती द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण एवं संस्कृत सम्भाषण प्रशिक्षणात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शीतकालीन आवासीय प्रबोधन वर्ग जैसे आयोजन संस्कृत को जनभाषा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संस्कृत शिक्षा के



सुदृढ़ीकरण के लिए शिक्षक, विद्यार्थी और समाज–तीनों की सहभागिता आवश्यक है। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड संस्कृत के विकास एवं शैक्षणिक गुणवत्ता के उन्नयन हेतु निरंतर प्रयासरत है और संस्कृतभारती जैसे संगठनों के साथ समन्वय से यह कार्य और अधिक प्रभावी होगा। कार्यक्रम में संस्कृतभारती, बिहार प्रांत के पदाधिकारियों ने प्रबोधन वर्ग के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ग के माध्यम से प्रतिभागियों को संस्कृत संभाषण, शिक्षण-पद्धति, संगठनात्मक कार्य एवं संस्कृत के सामाजिक उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह वर्ग संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को वैचारिक एवं कार्यात्मक रूप से सशक्त बनाएगा।

# नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन से पहले आसमान में दिखा भव्य नजारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवी मुंबई/भागलपुर।** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) के संचालन की पूर्व संध्या पर बुधवार रात आसमान एक अभूतपूर्व नज़ारे का साक्षी बना। एयरपोर्ट के ऑपरेशनल लॉन्च को चिह्नित करने के लिए 1,515 ड्रोन का भव्य ड्रोन शो आयोजित किया गया, जिसने तकनीक और कला का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। समन्वित गति से उड़ते ड्रोन ने आकाश में 3डी कमल पुष्प, कमल से प्रेरित टर्मिनल डिज़ाइन, एयरपोर्ट का लोगो, ग्रीन एयरपोर्ट की अवधारणा, मुंबई के ऊपर उड़ता विमान और



'राइज़ ऑफ इंडिया' जैसे आकर्षक एरियल फॉर्मेशन बनाए। पूरा ड्रोन शो एयरपोर्ट की थीम और उसकी भव्यता को केंद्र में रखकर तैयार किया गया, जिसने रात के आसमान को एक जीवंत कैनवास में बदल दिया। इस विशेष अवसर के साक्षी बनने के लिए विशेष रूप से दिव्यांगजन, युवा खिलाड़ी और नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस ऐतिहासिक पल को प्रत्यक्ष रूप से देखा। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के बारे में नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईएएल) महाराष्ट्र के नवी मुंबई में ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास, निर्माण, संचालन और रखरखाव के लिए गठित एक विशेष प्रयोजन कंपनी है। यह एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) परियोजना है, जिसमें मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल)–अदाणी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की सहायक कंपनी–की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि महाराष्ट्र सरकार की इकाई सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सीडको) के पास 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एएएचएल, अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की सहायक कंपनी है। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण विमानन केंद्रों में से एक बनने की दिशा में अग्रसर है। महाराष्ट्र के नवी मुंबई में स्थित यह एयरपोर्ट मुंबई महानगर क्षेत्र और पश्चिमी भारत की बढ़ती हवाई यातायात जरूरतों को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थित है। 1,160 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फैला यह एयरपोर्ट पूर्ण क्षमता पर 9 करोड़ यात्रियों (90 एमपीपीए) को प्रतिवर्ष सेवा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एयरपोर्ट में दो समानांतर रनवे, अत्याधुनिक टर्मिनल भवन और उन्नत कार्गो सुविधाएं होंगी, जो यात्रियों को सहज अनुभव और कुशल कार्गो संचालन सुनिश्चित करेंगी। पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्ध एनएमआईए को एक ग्रीनफील्ड, सतत और इको-फ्रेंडली एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन बिल्डिंग प्रैक्टिस को प्राथमिकता दी गई है। इसका तरल और भविष्यवादी डिज़ाइन भारत के राष्ट्रीय पुष्प 'कमल' से प्रेरित है। प्रारंभिक चरण में एयरपोर्ट की क्षमता 2 करोड़ यात्रियों (20 एमपीपीए) और 5 लाख मीट्रिक टन कार्गो प्रतिवर्ष संभालने की होगी। आधुनिक अवसंरचना, सतत विकास और रणनीतिक लोकेशन के साथ नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट भारत के लिए एक नया वैश्विक प्रवेश द्वार बनने को तैयार है।

# भागलपुर में राजस्व को लेकर प्रधान सचिव ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने आज यहां राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की विभिन्न पैरामीटर की समीक्षा बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक का शुभारंभ प्रधान सचिव एवं जिला अधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पहले जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने ने पौधा एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर भागलपुर की पावन धरती पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। पीपीटी के माध्यम से जिलाधिकारी ने बताया कि भागलपुर में दाखिल खारिज के आवेदनों के निष्पादन की स्थिति अच्छी है। 75 दिन से अधिक के 1716 एवं 35 दिन से अधिक के 1575 मामले लंबित है। जिन्हें अंचलाधिकारियों द्वारा दो से तीन दिनों में निष्पादित कर दिया जाएगा। प्रधान सचिव ने सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एससी/एसटी, विधवा एवं गंभीर बीमारी वाले आवेदकों के मामलों का निष्पादन नियम का पालन करते हुए तेज गति से किया जाए। परिमार्जन प्लस की समीक्षा में पाया गया कि 5632 मामले और शेष हैं। परिमार्जन प्लस लेफ्ट आउट जमाबंदी, ई- मापी, अभियान बसेरा- 2, राजस्व अभियान, राजस्व महा अभियान की समीक्षा में निर्देशित किया गया की नए डिप्लोमा वाले अमीन को पुराने अमीन के साथ सहायक अमीन के रूप में रखा जाए जिससे कि वे अमानत का काम अच्छी तरह से कर सके। राजस्व अभियान की समीक्षा में निर्देशित किया गया की 31 दिसंबर के पहले शत प्रतिशत कॉपी स्कैन हो जाना चाहिए। प्रधान सचिव ने बताया कि भूमि बंटवारे के मामले को भी राजस्व महा अभियान के अंतर्गत 20 दिसंबर से एलाऊ कर दिया गया है। बैठक में डीसीएलआर एवं अपर समाहर्ता कोर्ट में भूमि से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। एलपीसी, आधार सीडिंग, सरकारी जमीन का दाखिल खारिज की समीक्षा के दौरान सभी सरकारी भूमि जिनका म्यूटेशन अब तक नहीं हो पाया है उनका म्यूटेशन 90 दिनों के अंदर कर देने का निर्देश दिया गया।

# सेवा ही चिकित्सकों की है सबसे बड़ी पूंजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना स्थित मौर्य महावीर हॉस्पिटल में क्रिसमस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राज्य के वरिष्ठ चिकित्सक व आईएमए अध्यक्ष डॉ सहजानंद शर्मा उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ सहजानंद ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार हमें आपसी प्रेम व सौहार्द्र सिखाता है। प्रभु इशा मसीह ने हमेशा एकता का संदेश दिया। डॉ सहजानंद ने लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। कहा कि इस अस्पताल को गरीबों के लिए सुलभ रखना चाहिए। कभी किसी जरुरतमंद को पैसों के अभाव में चिकित्सीय सहायता प्रदान करने से परहेज नहीं करना चाहिए। एक चिकित्सक की सबसे बड़ी पूंजी उसकी सेवा होती है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के संचालक रंजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह अस्पताल व्यवसायिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है बल्कि सेवाभाव को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

# समाज के दबे-कुचले लोगों की आवाज थे राम नरेश सिंह

## दृढ़ इच्छाशक्ति और जुझारू व्यक्तित्व वाले लूटन बाबू आमजन के प्रतिनिधि

### वरिष्ठ पत्रकार और संपादक कमल किशोर के संस्मरण

औरंगाबाद की राजनीति के प्रमुख स्तम्भ रहे रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू हमेशा शोषित, गरीबों और समाज के दबे कुचले लोगों की आवाज बने रहे। वरिष्ठ पत्रकार और नवबिहार टाइम्स के प्रधान संपादक कमल किशोर उन्हें एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में याद करते हैं जिन्होंने समाज की भलाई के लिए हमेशा संघर्ष किया। श्री किशोर का 1986 से राम नरेश बाबू से संपर्क था और उन्होंने उनकी राजनीति, जीवन और व्यक्तित्व को बेहद करीब से महसूस किया है.। उनके पास रामनरेश बाबू से जुड़ी कई भावात्मक स्मृतियां हैं जो रामनरेश बाबू के व्यक्तित्व के अनूठे अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डालती हैं। कमल किशोर कहते हैं कि रामनरेश बाबू ने अपनी नीतियों और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया तथा अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते आम नागरिकों की समस्या को लेकर निरंतर व्यवस्था से लड़ते रहे, संघर्ष करते रहे. उनकी यह खासियत थी कि जिस काम में वह लग जाते थे उसे पूरा करके ही छोड़ते थे। जीवन के लगभग प्रत्येक मोड़ पर उन्होंने जीत हासिल की और समाज की भलाई के लिए कुछ कर गुजरने की हमेशा चाहत रखते हुए अपनी धुन में लगे रहे. श्री किशोर याद करते हैं कि वे 1986 से औरंगाबाद में पत्रकारिता से जुड़े और उस समय उनकी आयु लगभग 16 वर्ष थी। वे बताते हैं कि कुछेक दिनों बाद कई कार्यक्रमों में लूटन बाबू से हमारी मुलाकात होती रही लेकिन पहली विस्तृत मुलाकात 1989 में उस समय हुई जब नवभारत टाइम्स के मुख्य संवाददाता और वर्तमान में देश के चर्चित पत्रकार उर्मिलेश औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र में होने वाले चुनाव के सर्वेक्षण के लिए यहां आए थे। मैं उर्मिलेश जी के साथ चुनाव संबंधी विषयों पर बातचीत के लिए सिंह कोठी गया था तब मेरे साथ लोकदल के युवा नेता महामाया सिंह यादव भी थे। उस समय अखबारों में परंपरा थी कि लोकसभा अथवा विधानसभा चुनाव के पूर्व राजधानी पटना से प्रकाशित होने वाले अखबारों के प्रमुख संवाददाता चुनाव पूर्व सर्वेक्षण करने के लिए जिलों में आते थे। श्री किशोर कहते हैं कि लोकसभा चुनाव को लेकर लूटन बाबू से हम लोग की काफी लंबी बातचीत चलती रही और इसी दौरान उर्मिलेश जी एवं मैंने उन्हे सुझाव दिया कि क्यों नहीं औरंगाबाद से आप संसदीय चुनाव लड़ने के लिए प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी अभी हमारी इच्छा तो नहीं है लेकिन आप सब कहते हैं तो मैं इस पर विचार करूंगा। कमल किशोर का मानना है कि यहीं से उनके लोकसभा चुनाव लड़ने की बात की शुरुआत हुई और इसके बाद उन्होंने चुनाव में उतरने का मन बना लिया। तब बिहार में सत्येंद्र नारायण सिंहा मुख्यमंत्री थे और लोकसभा चुनाव के दौरान उनकी पुत्रवधू श्यामा सिन्हा कांग्रेस की उम्मीदवार थी। मुख्यमंत्री की पुत्रवधू से चुनाव लड़ना आसान नहीं था और साधन भी सीमित थे। इसके बावजूद लूटन बाबू जिस बुलंदी और आम जनों के विशेष समर्थन से चुनाव में उतरे उस समय ही यह लगभग साफ हो गया था कि औरंगाबाद की राजनीति में बदलाव होना निश्चित है। इस दौरान वे अस्वस्थ भी हुए लेकिन बेहतर चुनाव संचालन और व्यापक जनसमर्थन से उन्हें लोकसभा चुनाव के दौरान भारी जीत हासिल हुई। उनके चुनाव प्रचार में तब प्रधानमंत्री के उम्मीदवार विश्वनाथ प्रताप सिंह और चंद्रशेखर का भी आगमन हुआ था ।यद्यपि वह दोनों के करीबी थे लेकिन चंद्रशेखर



से उनकी निकटता जगजाहिर थी। देश में चंद्रशेखर के जो करीबी 10 प्रमुख लोग थे उनमें एक नाम लूटन बाबू का भी था। कमल किशोर बताते हैं कि लूटन बाबू निष्पक्ष तथा निडर पत्रकारिता के हमेशा पक्षधर रहे। यही कारण था कि 9 सितंबर 1989 को जब वे औरंगाबाद के नगर भवन में मध्य बिहार के पत्रकारों का एक बड़ा सम्मेलन आयोजित कर रहे थे तो लूटन बाबू ने उनसे कहा कि सम्मेलन के आयोजन में अगर कोई कमी आपको महसूस हो तो उसके लिए मैं हमेशा तैयार हूं। चूकि औरंगाबाद में पूरे बिहार के बड़े पत्रकारों का जमावड़ा हो रहा है तो यह निश्चित रूप से औरंगाबाद की प्रतिष्ठा का सवाल है और बाहर से आने वाले पत्रकारों को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। लूटन बाबू ने कहा कि जो भी आवश्यकता पड़े आप बेझिझक मुझसे कहेंगे और मुझसे जो बनेगा इस सम्मेलन की सफलता के लिए तैयार रहूंगा। यह हुआ भी. उन्होंने पूरा सहयोग किया और सम्मेलन जिस भव्य तरीके से आयोजित एवं संपन्न हुआ तब के पत्रकार आज भी उसकी चर्चा करते हैं। कमल जी कहते हैं कि उनके साथ अक्सर मैं बैठा करता था और उनका स्नेह मुझे निरंतर मिलता था। एक बार की बात है कि मैं उनके साथ सिंह कोठी में ही बैठा हुआ था कि एक साधारण सा व्यक्ति उनके पास आया और कोई छोटा सा कार्य एसडीओ कार्यालय में उसका नहीं हो पा रहा था। संभवतः वृद्धा पेंशन या कुछ इसी तरह का मामला था। तब उन्होंने उसकी बात सुनकर ना केवल तत्कालीन एसडीओ को फोन किया बल्कि तुरंत उसके साथ जाकर उस जरूरतमंद व्यक्ति के कार्य को संपादित कराया। जब भी चाहे दिन हो या रात हो कोई भी व्यक्ति मुसीबत में या आवश्यकता पड़ने पर उनके पास आता था तो वे जिस स्थिति में होते थे तुरंत कार्य कराने के लिए निकल पड़ते थे। कई बार तो ऐसा हुआ कि वह धोती अथवा लुंगी पहने ही जरूरतमंदों के साथ उसका कार्य कराने निकल गए। एक बार उन्हें एक अभियंता के पास जनता के काम से जाना पड़ा लेकिन तब तक रात हो गयी थी। अभियंता महोदय बाउंड्री गेट में ताला लगा कर घर में आराम कर रहे थे। उनके कानों तक आवाज ही नहीं पहुँच रही थी। तब लूटन बाबू ने दीवार फांद कर उनके आहाते में प्रवेश किया और जनता का कार्य कराया। उनमें अहं नाम की कोई चीज नहीं थी और वह सामान्य आदमी के नेता थे। यही कारण है कि औरंगाबाद के लोग आज भी पूरे सम्मान के साथ उनका नाम लेते हैं और उन्हें याद करते हैं। श्री किशोर का कहना है कि संभवत उनके सुपुत्र और सांसद सुशील कुमार सिंह पर भी उनकी गहरी छाप पड़ी है तथा वे भी उनके पद चिन्हों पर चल रहे हैं। मैं देखता था कि लूटन बाबू जब नागरिकों की समस्या सुन रहे होते थे तो पास में सुशील बाबू भी अक्सर रहते थे और इनके कार्य करने का तरीका भी उनसे काफी मिलता-जुलता है। एक सांसद के रूप में उनके कार्यों को याद करते हुए श्री किशोर कहते हैं कि अपने सांसद के कार्यकाल के दौरान नबीनगर में एनटीपीसी की स्थापना के मुद्दे को उन्होंने लोकसभा में कई बार प्रमुखता से उठाया और प्रश्न को तैयार करने में उनके बेहद करीबी स्मृति शेष जितेंद्र सिंह जी (पहरपुरा) और मेरी भूमिका होती थी। वह यहां के विकास के लिए निरंतर सोचते रहते थे और उस दिशा में कार्य भी करते थे। उनका वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी बेहद जुड़ाव रहा। नीतीश जी उनकी काफी इज्जत करते थे। कमल किशोर याद करते हैं कि जब जनता दल से अलग होकर समता पार्टी का गठन हो रहा था तो उसके लिए 14 सांसदों की आवश्यकता थी और 13 सांसद जुट गए थे। सिर्फ एक सांसद की कमी थी। तब दिल्ली में लूटन बाबू अस्पताल में थे। नीतीश जी वहीं जाकर लूटन बाबू से मिले और 14 वे सांसद के रूप में उनकी सहमति मिलते ही समता पार्टी (अब जनता दल यूनाइटेड ) के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया। नीतीश जी और लूटन बाबू पहली बार एक साथ 1989 में सांसद बने तथा साथ-साथ लोकसभा पहुंचे।

# जब सात दिनों तक थम गया था चुनावी फैसला

## धैर्य, दृढ़ता और आत्मविश्वास की परीक्षा में खरे उतरे लूटन बाबू

स्वर्गीय रामनरेश सिंह उर्फ़ लूटन बाबू का जीवन केवल राजनीतिक सफलताओं की गाथा नहीं है, बल्कि वह संघर्ष, संयम और अडिग आत्मविश्वास की पाठशाला भी रहा है। जिन परिस्थितियों में अनेक लोग टूट जाते हैं, वहीं लूटन बाबू और मजबूत होकर खड़े हो जाते थे। चुनौतियाँ उन्हें विचलित नहीं करती थीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व को पहाड़ जैसा अटल बना देती थीं। 1991 का लोकसभा चुनाव इसका सबसे सशक्त उदाहरण है–जब वे विजयी घोषित होने के बावजूद सात दिनों तक अपने ही परिणाम के लिए प्रतीक्षा करने को मजबूर हुए, लेकिन न तो धैर्य खोया, न संतुलन। इस घटना को वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर आज भी स्पष्टता से याद करते हैं। वे बताते हैं कि 1991 के चुनाव में लूटन बाबू का सीधा मुकाबला बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा जैसे दिग्गज नेता से था। मतगणना के दौरान उस समय यह स्पष्ट नियम था कि निर्वाचन पर्यवेक्षक या निर्वाचन आयोग की अनुमति के बिना किसी भी चुनाव परिणाम को अंतिम रूप से घोषित नहीं किया जा सकता। लेकिन मतगणना के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी ने आयोग की अनुमति की प्रतीक्षा किए बिना ही परिणाम घोषित कर दिया। इसमें रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू को 50 हजार से अधिक मतों के भारी अंतर से विजयी बताया गया।

> *वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में विजयी घोषित होने के बावजूद लूटन बाबू सात दिनों तक अपने ही परिणाम के लिए प्रतीक्षा करने को मजबूर हुए, लेकिन न तो धैर्य खोया, न संतुलन। इस घटना को वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर आज भी स्पष्टता से याद करते हैं। वे बताते हैं कि 1991 के चुनाव में लूटन बाबू का सीधा मुकाबला बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा जैसे दिग्गज नेता से था।*

राजनीतिक दृष्टि से यह बड़ी खबर थी, लेकिन इसी तकनीकी चूक को आधार बनाकर उनके विरोधियों ने परिणाम को चुनौती दे दी। तर्क यह दिया गया कि घोषणा नियमों के विरुद्ध हुई है, इसलिए वह अमान्य मानी जाए। निर्वाचन आयोग ने इस आपत्ति को गंभीरता से लिया। परिणामस्वरूप, मतगणना के समय ही जिलाधिकारी का तबादला कर दिया गया। नए जिलाधिकारी ने पदभार संभाला और पूरे चुनाव परिणाम की नए सिरे से समीक्षा शुरू हुई। इस प्रक्रिया के दौरान लगभग एक सप्ताह तक परिणाम पर रोक लगी रही। यह समय किसी भी विजयी उम्मीदवार के लिए अत्यंत तनावपूर्ण हो सकता था, लेकिन लूटन बाबू इस दौरान पूरी तरह शांत, संतुलित और आश्वस्त रहे। उनका कहना था– सत्य के साथ हूँ, इसलिए परिणाम से डरने की कोई वजह नहीं। सात दिनों की जांच और पुनः सत्यापन के बाद अंततः निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया पूरी हुई और रामनरेश सिंह को विधिवत विजयी घोषित किया गया। तब जाकर उन्होंने चैन की सांस ली, लेकिन उनके व्यवहार में न कोई अहंकार था, न उत्तेजना–सिर्फ संतोष और सहजता।

# जब लूटन बाबू बने 40 हजार शिक्षकों की उम्मीद

### बिहार राज्य बेरोजगार शिक्षक संघ के अध्यक्ष रहे सुभाष चंद्र त्रिवेदी के संस्मरण

बिहार के पुराने शिक्षक आज भी 1979 के उस नवंबर महीने को याद करते हैं, जब एक जननेता के हस्तक्षेप ने हजारों घरों में रोशनी भर दी थी। यह केवल नियुक्ति का मामला नहीं था, यह सम्मान, भरोसे और संघर्ष की जीत थी। इस ऐतिहासिक घटना के केंद्र में थे स्वर्गीय रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू, जिनके प्रयासों से बिहार में प्राथमिक और मध्य विद्यालयों के 40,000 शिक्षकों की बहाली का रास्ता खुला। उस दौर में बिहार के विद्यालय लंबे समय से शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहे थे। समस्या यह थी कि राज्य सरकार प्राथमिक और मध्य विद्यालयों के लिए शिक्षक यूनिट स्वीकृत नहीं कर रही थी। हजारों प्रशिक्षित शिक्षक बेरोजगार बैठे थे। प्रशिक्षण के बाद भी नियुक्ति न मिलना उनमें गहरा असंतोष और आक्रोश पैदा कर रहा था। इसी पीड़ा से जन्म हुआ बिहार राज्य बेरोजगार शिक्षक संघ का, जिसके अध्यक्ष थे सुभाष चंद्र त्रिवेदी और सचिव उमेश सिंह। संघ ने सरकार की निष्क्रियता के विरुद्ध आंदोलन का रास्ता चुना। निर्णय हुआ कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इसी क्रम में औरंगाबाद में कचहरी के पास धरना शुरू हुआ। पंद्रह दिनों तक शिक्षक शांतिपूर्ण तरीके से बैठे रहे, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। ऐसा लगने लगा था कि यह आंदोलन भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। इसी बीच एक दिन एक संयोग ने इतिहास की दिशा बदल दी। तत्कालीन विधायक रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू पैदल ही कुछ लोगों के साथ उस रास्ते से गुजर रहे थे। धरने पर बैठे सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने उन्हें पहचान कर आगे बढ़कर अभिवादन किया। लूटन बाबू ने सहजता से पूछा-यह क्या हो रहा है और आप कौन हैं? जब आंदोलन और मांगों के बारे में उन्हें बताया गया, तो वे बिना किसी औपचारिकता के सीधे धरना स्थल पर आ गए। यहीं लूटन बाबू का असली चेहरा सामने आया। वे केवल सुनकर आगे नहीं बढ़े, बल्कि माइक थामा और शिक्षकों की मांगों का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने न सिर्फ राज्य सरकार से शिक्षकों की बहाली की मांग की, बल्कि धरने पर बैठे लोगों का मनोबल भी बढ़ाया। यह एक विधायक का नहीं, बल्कि एक संवेदनशील जननेता का व्यवहार था। भाषण समाप्त होने के बाद भी उन्होंने मामला यहीं खत्म नहीं किया। उन्होंने सुभाष चंद्र त्रिवेदी से कहा–तीन दिन बाद पटना आइए, मैं आपको मुख्यमंत्री से मिलवाऊँगा। यह कोई औपचारिक आश्वासन नहीं था, बल्कि एक ठोस वादा था। तीन दिन बाद लूटन बाबू के साथ 57 शिक्षित बेरोजगार शिक्षक प्रतिनिधियों का शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से मिला। बैठक में लूटन बाबू ने बेहद स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य भर के प्रशिक्षित शिक्षक आंदोलित हैं और उनकी उपेक्षा उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक केवल नौकरी नहीं मांग रहे, बल्कि राज्य के भविष्य को सँवारने का अवसर मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शिष्टमंडल की बात गंभीरता से सुनी और भरोसा दिलाया कि दो दिन बाद होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में शिक्षकों की बहाली से संबंधित प्रस्ताव लाया जाएगा। यह आश्वासन महज शब्द नहीं था। दो दिनों के भीतर कैबिनेट की बैठक हुई और उसमें 40,000 शिक्षक यूनिट की स्वीकृति दे दी गई। इसी के साथ बिहार में 40 हजार प्राथमिक और मध्य विद्यालय शिक्षकों की बहाली का रास्ता साफ हो गया। यह खबर उस समय अखबारों की सुर्खियां बनी। मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात और कैबिनेट के फैसले की खबरें आज भी सुभाष चंद्र त्रिवेदी के पास अखबारी कटिंग के रूप में सुरक्षित हैं–इतिहास के जीवंत दस्तावेज़ की तरह। यह घटना केवल एक सफल आंदोलन की कहानी नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि जब जनप्रतिनिधि ईमानदार हों, संवेदनशील हों और जनता के संघर्ष को अपना संघर्ष मानें, तो व्यवस्था भी झुकती है। लूटन बाबू ने न कोई राजनीतिक लाभ देखा, न जाति-धर्म, न चुनावी गणित। उन्होंने केवल यह देखा कि हजारों प्रशिक्षित शिक्षक बेरोजगार हैं और उनके साथ अन्याय हो रहा है। आज जब राजनीति में आंदोलनों को अनदेखा करना आम बात हो गई है, तब यह प्रसंग याद दिलाता है कि नेतृत्व का असली अर्थ क्या होता है। लूटन बाबू ने दिखा दिया कि एक सच्चा नेता वही है जो सड़क से सदन तक जनता की आवाज़ को पहुँचाए।

# लूटन बाबू में थी राजनीति की हवा बदलने की क्षमता

वो दौर था जब औरंगाबाद के बारे में कहा जाता था कि यहाँ हवा भी सत्येन्द्र बाबू से पूछ कर बहती है, उस दौर में हवा के रुख को बदल कर रख देने की ताकत जिस व्यक्तित्व में थी वो रामनरेश सिंह उर्फ़ लूटन सिंह ही थे। 1989 और 1991 में रामनरेश बाबू ने तब तक के तमाम राजनीतिक समीकरण पलट कर रख दिए थे। एक सांसद के रूप में अपनी अस्वस्थता के बाद भी वे जिस तरह लोगों से जुड़े रहे वो उस दौर में चौंकाने वाली बात थी। उस समय तक उत्तर कोयल नहर का काम ठप हो गया था लेकिन रामनरेश बाबू ने अपने फंड से तथा अन्य प्रयासों से इसकी सहायक नहरों की मरम्मत कराई। इस बात की चर्चा उनके विरोधी भी करते रहे। लोगों के लिए उनकी उपलब्धता सदा बनी रही। 1988 में वे विधायक नहीं थे। लेकिन जब कुछ लोगों ने रात 9 बजे उनके पास पहुँच कर रमेश चौक पर ट्रांसफार्मर जले होने की बात की तो वे उन लोगों को अपनी लाल रंग की मारुति कार पर बिठा कर खुद कार चला कर बिजली ऑफिस ले गए और उसी रात ट्रांसफार्मर बदलवाया। राजनीति में विरोधियों के प्रति भी इनका व्यवहार बहुत बेहतर रहता था। स्व. सत्येंद्र नारायण सिन्हा यानि छोटे साहब से इनकी नहीं बनती थी लेकिन ताजिंदगी उनके लिए सम्मान का भाव रखा और निजी बातचीत में भी उन्हें छोटे साहब कह कर ही संबोधित किया। एक बार उनके एक समर्थक ने छोटे साहब के बारे में कोई हल्की टिपण्णी कर दी तो वे नाराज हो गए और अपने समर्थक को ढंग से बात करने की हिदायत दी। वर्ष 1994 में समता पार्टी के गठन के बाद सवाल उठा कि पहली जनसभा कहाँ की जाय जिसमें नवगठित दल की भावी दिशा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला जाये। ऐसे में रामनरेश बाबू सामने आये और उन्होंने समता पार्टी के सभी नेताओं को औरंगाबाद आकर जनसभा करने को कहा। तब नीतीश कुमार, जार्ज फर्नांडिस, सैयद शहाबुद्दीन, अब्दुल गफूर, वृषिण पटेल आदि सभी प्रमुख नेता औरंगाबाद पहुंचे। नीतीश कुमार चाहते थे कि सभा दमदार हो ताकि अच्छा मैसेज जाये। उन्हें संदेह हो रहा था कि औरंगाबाद की सभा में भीड़ होगी या नहीं। उन्होंने अपनी आशंका धीरे से रामनरेश बाबू से कही। वे हंस पड़े और कहा आप बिलकुल निश्चिन्त रहिये। सभा हुई भी काफी सफल। काफी भीड़ भी आई थी। इस पूरे घटनक्रम के साक्षी रहे पत्रकार प्रेमेन्द्र मिश्र बताते हैं कि उत्साह में भरे समता पार्टी नेताओं ने बाद में यही प्रेस कांफ्रेंस कर कई ऐतिहासिक घोषणाएं की थीं जिसकी बाद में काफी चर्चा हुई। इसके बाद तो नया इतिहास रचा गया। देश के कई प्रमुख नेताओं से रामनरेश बाबू के घनिष्ठ सम्बन्ध रहे। लालू प्रसाद यादव भी उन्हें लूटन भाई कह कर ही पुकारते थे। साल 1995 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद भवानीपुर और देव की यात्रा पर आये। उस समय अस्वस्थता की वजह से लूटन बाबू कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो रहे थे। लालू जी ने कामता सेवा केंद्र में राज्य सभा सदस्य स्व। शंकर दयाल सिंह से लूटन, बाबू के स्वास्थ्य के बारे पूछा। जब वहीं मौजूद प्रेमेन्द्र मिश्र ने उनके स्वास्थ्य के बारे में लालू जी को बताया तो वे भोजपुरी में बोले कि लूटन भाई ठीक हो जायेंगे, बड़े बहादुर आदमी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और चन्द्रशेखर से भी रामनरेश बाबू के बेहतर सम्बन्ध रहे। उनका पूरा जीवन संघर्ष और जुझारूपन की मिसाल रहा। इनके बारे में चर्चित है कि इनसे जो मदद मांगने गया, कभी खाली हाथ नहीं लौटा। अपनी शर्तों पर हमेशा जीवन जिया।

> **वर्ष 1994 में समता पार्टी के गठन के बाद सवाल उठा कि पहली जनसभा कहाँ की जाय जिसमें नवगठित दल की भावी दिशा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला जाये। ऐसे में रामनरेश बाबू सामने आये और उन्होंने समता पार्टी के सभी नेताओं को औरंगाबाद आकर जनसभा करने को कहा। तब नीतीश कुमार, जार्ज फर्नांडिस, सैयद शहाबुद्दीन, अब्दुल गफूर, वृषिण पटेल आदि सभी प्रमुख नेता औरंगाबाद पहुंचे। सभा में काफी भीड़ भी आई थी।**

# आसान नहीं है 'लूटन बाबू' हो जाना

## धारा के विरुद्ध बहने वाले एक जुझारू जननेता

औरंगाबाद की राजनीति में स्वर्गीय रामनरेश सिंह उर्फ़ लूटन बाबू का नाम किसी पद, सत्ता या वैचारिक खांचे का मोहताज नहीं रहा। वे ऐसे जननेता थे जो राजनीति में आए तो धूमकेतु की तरह–और अपनी चमक, तेज और दिशा खुद तय की। उनका पूरा जीवन संघर्ष, साहस और जनपक्षधरता की मिसाल रहा। राजनीति की प्रचलित धारा के विपरीत खड़े होना उनका स्वभाव था और कमजोर, वंचित तथा हाशिये पर खड़े लोगों की आवाज़ बनना उनका संकल्प। 1936 में जन्मे रामनरेश सिंह की परवरिश राजनीतिक वातावरण में हुई, लेकिन उन्होंने विरासत की राजनीति नहीं, बल्कि संघर्ष की राजनीति चुनी। वे मानते थे कि सत्ता की धारा के साथ बहना आसान है, पर सवाल उठाना, विरोध करना और जनता के हक़ में खड़े रहना कठिन–और वही कठिन रास्ता उन्होंने जीवन भर चुना। यही कारण है कि उन्हें केवल नेता नहीं, बल्कि जननेता कहा गया। उन्होंने राजनीति की शुरुआत कांग्रेस से की–वह भी ऐसे समय में जब देश में इंदिरा गांधी विरोधी लहर चरम पर थी। 1977 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें औरंगाबाद से टिकट दिया। राजनीतिक समीकरण उनके खिलाफ थे, पर लूटन बाबू ने धारा के विपरीत चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। यह उनकी पहली बड़ी पहचान थी–कि वे परिस्थितियों से नहीं, अपने जनाधार से जीतते हैं। 1980 में जब इंदिरा लहर चली, तब उन्होंने फिर धारा के विपरीत खड़े होने का निर्णय लिया। कांग्रेस छोड़कर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे और एक बार फिर विधानसभा चुनाव जीत लिया। उस दौर में, जब बड़े-बड़े राजनीतिक दिग्गज कांग्रेस की आंधी में उड़ गए, निर्दलीय रहते हुए जीत हासिल करना उनकी असाधारण राजनीतिक क्षमता और जनविश्वास का प्रमाण था। 1985 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति लहर में उन्हें हार मिली, लेकिन यह हार उनके कद को छोटा नहीं कर सकी। इसके बाद उन्होंने विधानसभा राजनीति से हटकर संसदीय राजनीति की राह पकड़ी। विश्वनाथ प्रताप सिंह से उनके व्यक्तिगत और वैचारिक संबंध थे। उन्हीं के साथ वे जनता दल में शामिल हुए। 1989 और 1991 के लोकसभा चुनावों में जनता दल ने उन्हें औरंगाबाद से प्रत्याशी बनाया और दोनों बार उन्होंने जीत दर्ज की। 1989



में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी श्यामा सिंह को पराजित किया और 1991 में स्वयं सत्येंद्र नारायण सिन्हा जैसे बड़े नेता को हराया। यह उपलब्धि किसी साधारण राजनेता के बस की नहीं थी। राजनीतिक मतभेदों के चलते जब 1994 में जॉर्ज फर्नांडिस और नीतीश कुमार जनता दल से अलग होकर समता पार्टी बनाने आगे आए, तो लूटन बाबू बिना किसी हिचक उनके साथ खड़े हो गए। वे समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में थे। नीतीश कुमार से उनके अत्यंत निकट संबंध थे और जॉर्ज फर्नांडिस उन्हें गहरा सम्मान देते थे। यह मित्रता ताउम्र बनी रही–सत्ता के उतार-चढ़ाव से परे। 1996 में स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने सक्रिय राजनीति को अलविदा कह दिया, लेकिन उनका सामाजिक और नैतिक प्रभाव कभी समाप्त नहीं हुआ। आज उनके सुपुत्र सुशील कुमार सिंह राजनीति में सक्रिय हैं और 1998, 2009, 2014 तथा 2019 में लोकसभा चुनाव जीतकर सत्येंद्र बाबू के बाद औरंगाबाद के सबसे लंबे समय तक सांसद रहने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। उनके अन्य पुत्र सुनील कुमार सिंह सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय हैं, जबकि कनिष्ठ पुत्र सुधीर सिंह भारतीय सेना में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए सेवानिवृत्त हुए और उनकी बहादुरी व कर्तव्यनिष्ठा के उदाहरण दिए जाते हैं। लूटन बाबू के जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने कभी धर्म और जाति की राजनीति नहीं की। वे वर्षों तक अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू बिहार के संरक्षक रहे। अंजुमन की ओर से लगने वाले आई-रिलीफ कैंपों में मरीजों को मुफ्त चश्मे लूटन बाबू की ओर से ही वितरित किए जाते थे। सामाजिक कार्यों में उनकी उपस्थिति सबसे आगे रहती थी–चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो या जरूरतमंदों की सीधी मदद। उनके बारे में कहा जाता था कि वे न बड़ा देखते थे, न छोटा; न अमीर-गरीब, न राजनीतिक लाभ-हानि। जो पहला व्यक्ति मदद मांगने उनके पास पहुंचता, वे उसी के साथ खड़े हो जाते। अगर उन्होंने एक बार 'हां' कह दी, तो फिर कोई उन्हें डिगा नहीं सकता था–चाहे उसमें उन्हें नुकसान ही क्यों न उठाना पड़े। यही कारण था कि कहा जाता था–जो लूटन बाबू के पास गया, वह कभी खाली हाथ नहीं लौटा। आज जब राजनीति में अवसरवाद, ध्रुवीकरण और निजी स्वार्थ हावी हैं, तब लूटन बाबू जैसे नेता एक कसौटी की तरह याद आते हैं। वे याद दिलाते हैं कि राजनीति सेवा भी हो सकती है, साहस भी और सिद्धांत भी। सच कहा जाए तो–आसान नहीं है लूटन बाबू हो जाना।

## एक नजर

### यूरिया की किल्लत से स्थानीय किसान परेशान

**दनियावां(पटना)**। प्रखंड के छह पंचायतों के 33 राजस्व ग्रामों में यूरिया की किल्लत से किसानों को दिक्कतें पेश आ रहीं हैं। यहां के विक्रेताओं के द्वारा ऊंचे दर से किसानों के बीच यूरिया दिया जा रहा है। अभी रबी, गेहूं और तिलहनी फसलों के पटवन का मुख्य समय है। महंगे दाम पर यूरिया की खरीदारी से किसानों को चपत लग रही है। इस बात की जानकारी जिला कृषि अधिकारी पटना इफको के जिला प्रभारी एवं प्रखंड कृषि अधिकारी दनियावां को दी गयी है। इस संबंध में युवा राजद पटना के जिलाध्यक्ष विपिन बिहारी निर्मल ने कहा की प्रखंड में छह पंचायत है, जिसमें सरकारी समिति के पैक्स को मात्र 1200 बोरी यूरिया का आवंटन किया गया है जो आवश्यकता से काफी कम है। जबकि फतुहा सोनारू स्थित गोदाम में यूरिया उपलब्ध है उन्होंने ने तत्काल पैक्स को आवंटन समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है।

### पुलिस ने चोरी हुए मोबाइल किए बरामद



**नवादा**। बिहार पुलिस द्वारा चोरी एवं गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले में लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देशानुसार कौआकोल थाना क्षेत्र में सफल कार्रवाई करते हुए कुल आठ गुम/चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद किए गए मोबाइल फोन को विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द कर दिया गया। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर धारकों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गई और उन्होंने पुलिस की तत्परता व कार्यशैली की सराहना की। पुलिस प्रशासन ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की खोई हुई संपत्ति को बरामद कर उन्हें वापस दिलाना है, ताकि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत हो सके। इसके लिए तकनीकी संसाधनों और साइबर सेल की सहायता से लगातार निगरानी एवं जांच की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाए तो वे तुरंत संबंधित थाना या ऑनलाइन माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं, ताकि त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि इस अभियान के तहत आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### ड्यूटी के दौरान शहीद हुआ आइटीबीपी जवान

**नवादा**। जिले के नरहट प्रखंड अंतर्गत छोटी शेखपुरा गांव के रहने वाले आइटीबीपी जवान मनोज कुमार साव मध्य प्रदेश के शिवपुरी में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। उनकी शहादत की खबर मिलते ही पूरे गांव, प्रखंड और जिले में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई इस वीर सपूत के बलिदान को नमन कर रहा है। शहीद जवान के परिवार से मिलने और उन्हें सांत्वना देने के लिए पत्रकार विजय प्रसाद, आलोक वर्मा, संजय वर्मा एवं समाजसेवी कन्हैया कुमार बादल छोटी शेखपुरा गांव पहुंचे। उन्होंने शहीद के पिता एवं परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि मनोज कुमार साव का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले जवान पूरे समाज का गौरव होते हैं। इस दौरान गांव के कई गणमान्य लोग और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि मनोज कुमार साव बचपन से ही अनुशासित और देशसेवा के प्रति समर्पित थे।

### मांझी समाज को नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ

हिसुआ (नवादा)। मांझी समाज को आज तक सरकार की किसी भी योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बनी हुई है, बावजूद इसके सरकारी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इसे लेकर मांझी समाज में गहरा असंतोष देखा जा रहा है। मांझी समाज के नेता हिसुआ प्रखंड के कैथीर पंचायत के पूर्व मुखिया,अरविंद मांझी ने सरकार से मांग की है कि मांझी समाज को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में समाज को न तो शिक्षा में उचित आरक्षण मिल रहा है और न ही रोजगार व विकास योजनाओं का लाभ। इसके कारण समाज के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। अरविंद मांझी ने कहा कि मांझी समाज परंपरागत रूप से जल, जंगल और जमीन से जुड़ा रहा है, लेकिन उनकी पहचान और अधिकारों को लगातार नजरअंदाज किया गया है। यदि समाज को एसटी वर्ग में शामिल किया जाता है तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने सरकार से इस मांग पर गंभीरता से विचार करने और मांझी समाज को उसका हक देने की अपील की है।

### जरूरतमंदों को कंबल और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था



**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में जारी कड़ाके की ठंड और शीत लहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने आमजन, विशेषकर असहाय, निराश्रित एवं वृद्धजनों की सुरक्षा को लेकर व्यापक और प्रभावी कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में शीत लहर से बचाव हेतु कंबल वितरण अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के माध्यम से 1,419 तथा विभिन्न प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों के जरिये कुल 3,483 कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किए गए हैं। इसका उद्देश्य ठंड के प्रकोप से प्रभावित कमजोर वर्गों को राहत पहुंचाना है। इसके अलावा जिले के प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की समुचित व्यवस्था की गई है। अलाव नियमित रूप से जलाए जा रहे हैं और इसकी सतत निगरानी संबंधित पदाधिकारियों एवं नगर निकाय कर्मियों द्वारा की जा रही है, ताकि राहगीरों एवं बेसहारा लोगों को ठंड से राहत मिल सके। शीत लहर को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। किसी भी आपात स्थिति में प्रभावित व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि अत्यधिक ठंड के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें, अनावश्यक रूप से खुले में न रहें तथा किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति की जानकारी निकटतम प्रशासनिक इकाई को दें। शीत लहर से संबंधित सहायता के लिए जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, नालंदा के 24×7 दूरभाष संख्या 06112-233168 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अटल के सुशासन से मिली देश को दिशाः सांसद विवेक ठाकुर

## अटल जयंती पर प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नवादा जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, उनके संघर्ष, राजनीतिक यात्रा तथा राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को चित्रों एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि राष्ट्र को सही दिशा देने वाले दूरदर्शी नेता थे। उनके विचार, सुशासन की सोच और देशहित में लिए गए निर्णय आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी के आदर्शों पर चलकर ही भारत को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सादगी, सिद्धांत और राष्ट्रभक्ति का जीवंत उदाहरण रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अटल जी के विचारों, मूल्यों और उनके ऐतिहासिक योगदान से जोड़ना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान गुरु गोपाल पाण्डेय एवं उनकी शिष्या कनिष्क सिन्हा ने भावपूर्ण गीतों की प्रस्तुति देकर पूर्व प्रधानमंत्री को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला प्रभारी राजेश सिंह, प्रदेश समिति सदस्य श प्रमोद चून्नू, निर्वतमान जिलाध्यक्ष संजय मुन्ना, महामंत्री अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, सभी मंडल अध्यक्ष, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## टूटा हत्या के आरोपितों का हौसला, छह ने किया न्यायालय में आत्मसमर्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा पुलिस की सतत दबिश और सख्त कार्रवाई के चलते नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोनावां में हुए सनसनीखेज हत्या कांड के छह अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा 25 दिसंबर 2025 को जारी प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई। जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर 2025 को ग्राम गोनावां में एक युवक की कुछ अपराधियों द्वारा बेरहमी से मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। मृतक की माता के फर्दबयान पर नगर थाना कांड संख्या 1270/25 दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश को इस जघन्य वारदात का कारण बताया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर एसडीपीओ सदर-01 नवादा के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त दो अभियुक्तों दीप पासवान एवं भूषण चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। न्यायालय के आदेशानुसार 18 दिसंबर 2025 को अभियुक्तों के आवासों पर इश्तेहार चिपकाया गया। पुलिस दबिश और गिरफ्तारी के भय से अंततः 23 दिसंबर 2025 को कुल छह अभियुक्तों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में सन्नी कुमार, राहुल कुमार उर्फ रणवीर, विकास कुमार उर्फ टाइगर चौधरी, हनी कुमार सहित अन्य शामिल हैं। अब तक इस कांड में संलिप्त आठ अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। नवादा पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## रेड क्रॉस और विहिप ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से रेड क्रॉस सोसाइटी एवं विश्व हिंदू परिषद की ओर से अलग-अलग स्थानों पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन मानवीय कार्यक्रमों से गरीब, असहाय एवं बेसहारा लोगों को बड़ी राहत मिली। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव प्रिय शंकर प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी सदैव आपदा और कठिन परिस्थितियों में मानव सेवा के लिए आगे रहती है। ठंड के मौसम में गरीबों की मदद करना संस्था का नैतिक दायित्व है।

वहीं, विश्व हिंदू परिषद की ओर से सुबोध लाल के नेतृत्व में अलग कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा करना ही सच्चा धर्म है और ऐसे सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। दोनों संगठनों द्वारा किए गए कंबल वितरण कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों एवं स्वयंसेवकों का सक्रिय सहयोग रहा। जरूरतमंदों ने कंबल पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और आयोजकों के प्रति आभार जताया। इन सेवा कार्यों से ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को राहत मिली और समाज में मानवता व सेवा की भावना को मजबूती मिली।

## ठंड में सांसद विवेक ठाकुर बने गरीबों का सहारा, बड़े पैमाने पर कंबल वितरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। बढ़ती ठंड के बीच नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए शहर के प्रजातंत्र चौक एवं संसदीय कार्यालय के समीप सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस पहल से गरीब, असहाय, वृद्ध एवं सड़क किनारे जीवन यापन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता सहित पार्टी के कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजीत शंकर, प्रमोद कुमार, चुन्नू, मुकेश कुमार दिनकर, संदीप कुमार चुन्नू, उमेश विश्वकर्मा के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा समर्थक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने जरूरतमंदों तक राहत पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रजातंत्र चौक पर जैसे ही कंबल वितरण शुरू हुआ, जरूरतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ देर के लिए अव्यवस्था और आपाधापी की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे कई लोग कंबल प्राप्त करने से वंचित रह गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद विवेक ठाकुर ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए निर्देश दिया कि जो लोग कंबल नहीं ले सके हैं, उन्हें संसदीय कार्यालय के समीप अलग से कंबल उपलब्ध कराए जाएं।

## गुलमोहर यूनिक स्कूल में वार्षिक समारोह व खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शहर के न्यू एरिया स्थित एसबीआइ मुख्य शाखा के पीछे अवस्थित गुलमोहर यूनिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को वार्षिक समारोह एवं खेलकूद प्रतियोगिता (पुरस्कार वितरण समारोह) का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से उत्सवमय माहौल में सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे हुआ, जिसमें शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालयी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने गुलमोहर यूनिक स्कूल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गोविंदपुर की विधायक बिनिता मेहता रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल और कला में भी आगे बढ़ने के अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नवादा सदर-1 के एसडीपीओ हुलाश कुमार तथा जिला परिषद नवादा की अध्यक्ष पुष्पा देवी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों की भी उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. ए. के. अरुण (एमडी मेडिसिन, कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कृष्णा, राजीव कुमार सिन्हा, डॉ. राघव राज, मनीष आनंद, श्याम अग्रवाल (एमडी, युवा होंडा), तथा जिला आइकन ईसीआई नवादा राहुल वर्मा शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने की। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

## मॉडर्न समूह के विद्यालयों में रही तुलसी पूजन की धूम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान के द्वारा संचालित सभी विद्यालयों में 25 दिसंबर को तुलसी पूजन का भव्य आयोजन किया गया। संस्थान के द्वारा संचालित शाखा मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ ,मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज में बच्चों ने धूमधाम से पारंपरिक पोशाक में तुलसी पूजन कर सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित मॉडर्न समूह के निदेशक डॉ अनुज सिंह ने बच्चों के साथ शामिल होकर तुलसी माता की आरती उतारी। वहीं नारदीगंज शाखा में प्राचार्य सुनील कुमार मिश्रा के द्वारा तुलसी पौधा लगाया गया। सभी शाखाओं में बच्चों ने विधिवत तुलसी का पूजन किया, साथ ही साथ मनोहारी नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। वही बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ अनुज सिंह ने कहा कि एक ओर जहां अन्य सभी विद्यालयों में पश्चिमी संस्कृति का नकल करते हुए क्रिसमस ट्री की पूजा की जा रही है, वहीं मॉडर्न के बच्चे आज इस भौतिकवादी परिवेश में अपनी संस्कृति को सजोने में लगे हुए हैं। तुलसी पूजन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तुलसी की महिमा और उसके औषधीय व आध्यात्मिक गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने घर में तुलसी का पौधा लगाकर नियमित पूजन और सेवन करना चाहिए, जिससे लौकिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार के लाभ प्राप्त होते हैं। तुलसी आयु, आरोग्य और पुष्टि प्रदान करती है। इसके दर्शन से पापों का नाश, स्पर्श से पवित्रता, प्रणाम से रोगों का निवारण और सींचने से नरकीय योनियों से रक्षा होती है। तुलसी केवल एक पौधा नहीं है, यह औषधि, शांति और ऊर्जा का प्रतीक है। कुंती नगर शाखा के उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय ने कहा कि तुलसी पूजन जैसे आयोजन न केवल सनातन संस्कृति को सहेजने का माध्यम हैं, बल्कि यह समाज को प्रकृति और परंपराओं की महत्ता समझाने का भी प्रयास है। हमारी संस्कृति केवल भोग के लिए नहीं, बल्कि समाज और देश के लिए जीने की प्रेरणा देती है।

## योजना बनाते हथियार के साथ पांच अपराधी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत पितौजिया गांव स्थित सिमरन चिमनी ईट भट्ठा पर अपराध की योजना बना रहे हथियार के साथ पांच अपराधियो को एसटीएफ और थाना की पुलिस के संयुक्त टीम के सहयोग से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के वांक्षित एवं इनामी अभियुक्त नोवामा गांव निवासी राजीव कुमार उर्फ राजीव महतो, नीतीश कुमार उर्फ कारू उर्फ सिरा, रहुई थाना क्षेत्र के पुनहा गांव निवासी राजेश कुमार उर्फ कारू, पिटौंजिया गांव निवासी सोनू कुमार और बिंद थाना क्षेत्र के बकरा गांव निवासी पंकज कुमार उर्फ मंगल के रूप में की गई है। पुलिस ने इन सभी के पास से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 4 जिंदा कारतूस, एक पिस्टल का खाली मैगजीन एवं चार मोबाइल फोन को बरामद किया है। इस संबंध में सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि रहुई थाना के सरकारी नंबर पर एसटीएफ द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पितौजिया गांव स्थित सिमरन चिमनी ईट भट्ठा के पास अस्थावां थाना के वांक्षित एवं 25 हजार का इनामी अपराधकर्मी राजीव कुमार उर्फ राजीव महतो, नीतीश कुमार उर्फ कारू उर्फ सिरा अपने कुछ साथी के साथ संदिग्ध स्थिति में हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला है सूचना का सनहा थानाध्यक्ष द्वारा दर्ज किया गया और वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए उनके निर्देशानुसार एक टीम गठित करते हुए उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष रहुई अपने टीम एवं विशेष कार्य बल के साथ पांचों व्यक्ति के संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए थानाध्यक्ष रहुई द्वारा उक्त रूम की विधिवत तलाशी की गयी। तलाशी के क्रम में राजीव कुमार उर्फ राजीव महतो के कमर में खोंसा हुआ एक लोडेड देशी पिस्टल एवं चार जिन्दा कारतूस एवं एक मोबाइल मिला, उसके बाद दूसरे व्यक्ति नितीश कुमार उर्फ कारू उर्फ सिरा के कमर से एक देशी कट्टा एवं पिस्टल का एक खाली मैग्जीन बरामद किया। तीसरे व्यक्ति राजेश कुमार उर्फ कारू के पास से एक मोबईल बरामद किया, चौथे व्यक्ति सोनू कुमार के पास से भी मोबाइल बरामद किया एवं पांचवां व्यक्ति पंकज कुमार उर्फ मंगल के पास से मोबाईल बरामद हुआ। गिरफ्तार सभी अपराधकर्मी को आपराधिक योजना बनाने एवं बरामद अगन्यास्त्र व कारतूस के संबंध में काण्ड दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेश कर दिया गया है। छापामारी टीम में थानाध्यक्ष ललित विजय, एसआई सौरभ कुमार, संतोष कुमार सुमन, उपेंद्र कुमार राम, एएसआई सन्नी कुमार आदि शामिल थे।

## गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। सदर प्रखंड की भदोखरा पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर महादलित गांव में 75 वर्षीया श्रम साध्वी स्वर्गीय शांति देवी के निधन के उपरांत गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा सह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री राज कृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से संपन्न हुआ, जिसका उद्घाटन सदर विधायक विभा देवी ने किया। इस अवसर पर विधायक विभा देवी ने स्व. शांति देवी को श्रमशील, मेहनती और निष्ठावान महिला बताते हुए उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया। विधायक ने ग्रामीणों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए आपात स्थिति में 102 एवं 112 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस सेवा का लाभ उठाने की सलाह दी। जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी ने भी स्व. शांति देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की और विधायक विभा देवी की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने एक महादलित महिला के मरणोपरांत संपूर्ण कर्मकांड एवं ब्रह्मभोज की व्यवस्था के लिए आभार जताया। पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा चिकित्सा शिविर का जायजा लिया। ट्रस्ट अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कहा कि संस्था गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य जागरूकता फैलाएगी, विशेषकर यक्ष्मा (टीबी) जैसी बीमारियों के प्रति, ताकि नियमित जांच और दवा से लोग स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ सकें।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती पर जीवन-दर्शन की चित्र प्रदर्शनी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय में उनके जीवन, विचार और राष्ट्र-निर्माण के योगदान पर आधारित भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुनील कुमार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अटल जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपना संपूर्ण जीवन देश को समर्पित किया। उनकी जयंती देशभर में 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाई जाती है।

वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति को अटल जी की विचारधारा से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि धारा 370 का निरसन, राम मंदिर निर्माण, वैश्विक मंच पर भारत की सशक्त पहचान और व्यापक जनकल्याणकारी योजनाएं अटल जी के अधूरे सपनों की साकार अभिव्यक्ति हैं। इसी क्रम में बाबा मणिराम अखाड़ा परिसर, बिहारशरीफ में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नालंदा विद्या मंदिर में साइंस एग्जीबिशन सह बाल मेला आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। पतासंग स्थित नालंदा विद्या मंदिर में गुरुवार को आयोजित साइंस एग्जीबिशन सह बाल मेला शिक्षा, विज्ञान और रचनात्मकता का सुंदर संगम बनकर उभरा।

विद्यालय परिसर बच्चों द्वारा तैयार किए गए वैज्ञानिक मॉडलों, नवाचारी विचारों और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरे दिन जीवंत रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार, कांग्रेस नेता दिलीप कुमार तथा विभिन्न विद्यालयों के निदेशक और प्राचार्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली समझाई, जिसे देखकर अतिथियों और अभिभावकों ने उनकी खुले दिल से सराहना की। इस अवसर पर इंजीनियर सुनील कुमार ने कहा कि आज के युग में विज्ञान और तकनीक की समझ अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता को मजबूत करते हैं। वहीं कांग्रेस नेता दिलीप कुमार ने इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी मंच बताते हुए विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की।

विद्यालय के प्राचार्य आशीष रंजन ने कहा कि नालंदा विद्या मंदिर शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास को भी समान महत्व देता है। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# कार्यक्रमों का आयोजन कर मनायी गयी भारत रत्न अटल बिहारी की जयंती

गया जी।भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेई जी का 101 वी. जयंती 25 दिसंबर 2025 को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अटल जयंती समारोह पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया है जिसे ध्यान में रखते हुए आज 24 दिसंबर 2025 को रामशिला मंदिर गया के प्रांगण में 101 दिया जलाकर जयंती समारोह पखवाड़ा का प्रारंभ स्थानीय गया शहर के रामशिला मंदिर के प्रांगण में किया गया जिसका नेतृत्व भाजपा गया जिला किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंभू यादव ने किया है।

इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए एवं उनके सपनों को साकार करने हेतु संकल्प लिया गया और उपस्थित भाजपा के कार्यकताओं एवं नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेई जी को एक प्रखर नेता एवं देश को चौमुखी विकास करने वाला प्रधानमंत्री के रूप में सफल प्रधानमंत्री साबित



हुए।इनके नेतृत्व में देश में आने को विकास के कार्य किए गए हैं। आज भाजपा कार्यकताओं ने 101 दिया जलाकर उनके सम्मान में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया है।

इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शंभू यादव किसान मोर्चा के अलावा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य सह जिला नागरिक परिषद के सदस्य राजनंदन प्रसाद गांधी, पम्मी सिंह किसान मोर्चा जिला महामंत्री शिव नारायण सिंह भाजपा नेता सुरेंद्र राय उर्फ डब्ल्यू सिंह रंजीत कुमार अनु बरनवाल जितेंद्र यादव लक्ष्मण पांडे मोहन कुशवाहा दिनेश यादव बबलू बाबा मंटू गुप्ता खुशबू देवी , जुगल माहिर , साकेत कुमार , श्याम बिहारी मनोज कुमार अधिवक्ता श्याम प्यारे ,के कर पगला साल राजेश केसरी सुनील पंडा टिंकू कुमार राजा बाबू जयराम मिस्त्री सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खिजरसराय से संवाददाता के अनुसार दक्षिणी मंडल द्वारा अपने पार्टी के संस्थापक गौरवशाली नेता, कार्यकताओं के प्रेरणास्त्रोत, युग पुरुष एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न परम श्रद्धेय स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101 वीं जयंती को




पूरे जोशोखरोश के साथ सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मजयंती के इस मौके पर खिजरसराय दक्षिणी मंडल के भाजपा कार्यकताओं द्वारा भव्य आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष दया शंकर द्वारा श्रद्धेय अटल जी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर महान विभूति को याद किया। कार्यक्रम हेतु उपस्थित सभी लोगों ने इस महान विभूति के बारे में चर्चा भी किया।

इनके प्रधानमंत्रित्व काल के समय किये गये सुधारों, पोखरण परमाणु परीक्षण, सैन्य शक्ति की मजबूती, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, कारगिल विजय इत्यादि पर प्रकाश डाला गया। मंडल अध्यक्ष दया शंकर ने कहा कि वह माँ भारती के सच्चे सपूत थे जो अटल, अविचल और अडिग थे। जिनकी वाणी में सिंहनाद था, जिनके शब्दों में संस्कार था, जिनके विचारों में विकास था। वह कवि थे, योद्धा थे, राजनेता थे पर सबसे पहले भारत के सच्चे सेवक थे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने भाजपा की स्थापना से भारतीय राजनीति को देशहित और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को सर्वोपरि रखने वाला राजनैतिक विकल्प दिया। भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाना हो या सुशासन को चरितार्थ करना हो, उनके नेतृत्व में एनडीए सरकार ने विरासत एवं विज्ञान को एक साथ आगे बढ़ाने का गवर्नेंस मॉडल देश के सामने रखा। अटल जी भारतीय राजनीति में लोकसेवा और संगठन शक्ति के ऐसे सशक्त हस्ताक्षर हैं, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, मनोज कुमार, सहजानंद दांगी, बिरेन्द्र शर्मा, सतीश कुमार सिंह उर्फ जय सिंह, प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता फणी भुषण चरण, महामंत्री अभय पाण्डेय, उपाध्यक्ष विकास रंजन, बलवंत सिंह, मनोज महतो, मुन्नी देवी, विकास कुमार विक्की, संतोष जयंत, जिला युवा मोर्चा के धीरज पाण्डेय, मिंकू दांगी, मनोज रजक, शैलेष कुमार, संजीत पासवान, सुर्यभान चौहान, उज्जवल सिंह, सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एएनएम के बंद घर से लाखों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी**। थाना क्षेत्र अंतर्गत चिताब पंचायत के राजा बीघा गांव में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। यहां एएनएम पद पर कार्यरत कविता देवी के बंद घर को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी तब हुई जब किसी अन्य व्यक्ति द्वारा गृहस्वामी को चोरी की सूचना दी गई। पीड़िता कविता देवी ने बताया कि घटना के समय उनका घर बंद था ।बताते चले कि घर मे मां और बेटी के सोने-चांदी के कीमती जेवरात और नगदी रखे हुए थे। चोरों ने पहले बगल में स्थित पंचर की दुकान का ताला तोड़ा और वहां से औजार निकालकर उनके घर का ताला तोड़ दिया। इसके बाद घर में रखे जेवरात एवं नगदी की चोरी कर फरार हो गए। वहीं चोरों ने पास में खड़ी एक पिकअप वैन का गेट तोड़कर चोरी करने का भी प्रयास किया, लेकिन इस प्रयास में वे सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही शेरघाटी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। गाँव मे हुई इस चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है और मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चोरों की पहचान कर ली जाएगी और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी हुई है।

## मुर्गी दाना लूटकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी**। कोलकाता से उत्तर प्रदेश जा रहे मुर्गी दाना लदे कंटेनर की लूटकांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में लूट में शामिल पांच और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान दी ।उन्होंने ने बताया कि 13 दिसंबर 2025 की रात लगभग 8:30 बजे आमस थाना क्षेत्र के करमांइन मोड़ के पास हरियाणा नंबर के कंटेनर को अपराधियों ने रोक लिया था और चालक को बंधक बनाकर कंटेनर में लदे मुर्गी दाना की लूट कर ली गई थी।

घटना के बाद से ही पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई थी।

उन्होंने बताया कि इस कांड में पहले ही तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका था।



उन्हीं की निशानदेही पर आगे की कार्रवाई करते हुए मोहम्मद शमशाद पिता आरिफ मियां, प्रोसित मजूमदार पिता प्रवास मजूमदार, मोहम्मद मुबारक पिता आसिफ मियां, मुर्तजा अंसारी पिता आशिक मियां तथा शुभंकर मंडल पिता सुशील मंडल को गिरफ्तार किया गया है।

इससे पूर्व गजेंद्र सिंह, मो.आफताब एवं आलमगीर खान को भी पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

एएसपी ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर आमस थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसमें अन्य पुलिस पदाधिकारी भी शामिल थे।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक ङक्अ कंपनी की कार को भी जब्त किया है, जिसका उपयोग लूटकांड में किया गया था।

इसके साथ ही लूटे गए मुर्गी दाना की लगभग 9260 बोरी का भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस का कहना है कि इस कांड में शामिल अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय लुटेरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सड़क हादसे में मृत प्लंबर की बेटी को जसुपा नेता ने दी मदद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

कोंच। प्रखंड के केर पंचायत अंतर्गत केर गांव निवासी स्वर्गीय बिनोद यादव की सात बेटियां हैं, जिनमें से एक का विवाह हो चुका है। बिनोद यादव की असमय मृत्यु के बाद परिवार पर आए संकट को देखते हुए जन सुराज पार्टी के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष सह समाजसेवी डॉ. बी. डी. शर्मा ने परिवार की 6 बेटी को गोद लेकर उसकी शिक्षा एवं पालन-पोषण की जिम्मेदारी ली है। गुरुवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए डॉ. शर्मा द्वारा बच्ची को ऊनी वस्त्र, अनाज, तिलकुट, चूड़ा सहित पढ़ाई के लिए आवश्यक पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराई गई। विदित हो कि बिनोद यादव पेशे से प्लंबर थे और नवंबर 2024 में एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो गई थी। डॉ. शर्मा के इस मानवीय कदम की ग्रामीणों ने सराहना की है।

## चित्रकला सह विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**वजीरगंज**। ऑक्सब्रीज इंटरनेशनल स्कूल एरू में को चित्रकला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चों ने अपने विवेक और क्षमता के अनुसार एक बढ़कर एक मॉडल एवं चित्रों की प्रदर्शनी लगाई है। विद्यालय निदेशक पंकज कुमार एवं प्रधानाध्यापिका एरीना बनर्जी और निर्णायक मंडली ने प्रत्येक मॉडल का अवलोकन किया है। इस दरम्यान अतिथि के रूप में पहुंचे जनसुराज नेता मनिष कश्यप ने बच्चों को सोशल मीडिया की जरूरत बताते हुए उससे धन उपार्जन करने की सलाह दी है। तुलसी दिवस की शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि समाज को बेहतर दिशा देने वाले रील बनाएं तथा अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाएं ताकि पर्यावरण शुद्ध हो सके। बेहतर जीवन के लिये अच्छी हवा किसी भी दवा से ज्यादा कारगर होती है। निदेशक ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ - साथ बहुमुखी विकास करने की आवश्यकता है, जिसके लिये ऐसा आयोजन होना जरूरी है।

## शराब पीकर शोरगुल मचा रहा युवक गिरफ्तार

**कोंच (गया)**। कोंच थाना की पुलिस ने रौना गांव से शराब के नशे में शोरगुल मचा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि रौना गांव में एक युवक द्वारा शराब पीकर हंगामा किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर गश्ती दल ने मौके पर पहुंचकर मोहम्मद हसनैन, ग्राम रौना, थाना कोंच को गिरफ्तार कर थाने लाया। थाने में ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने पर आरोपी के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद गिरफ्तार शराबी की कोविड जांच कराकर न्यायिक हिरासत में गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

## पुलिस ने शराब के साथ बाइक को किया जब्त

**शेरघाटी**। थाना क्षेत्र के गढ़ मोहल्ला में पुलिस ने गश्ती के दौरान एक बाइक पर लदा अवैध शराब बरामद किया है। इस दौरान शराब ले जा रही बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई नियमित वाहन जांच के दौरान की गई। पुलिस को देखते ही चालक मौके से फरार हो गया, जबकि बाइक पर रखी शराब को जब्त कर थाना लाया गया। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस फरार आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही।

## दुर्घटना में राज्य प्रशिक्षक डॉ. सैयद मुस्तफा कमाल घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले एनसीईआरटी के राज्य प्रशिक्षक डॉ. सैयद मुस्तफा कमाल बुधवार सुबह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घटना सुबह करीब नौ बजे की है, जब वह विद्यालय जाने के लिए बाइक से निकल रहे थे। डॉ. कमाल ने बताया कि शेरघाटी पुल के पास एक नशे की हालत में मौजूद व्यक्ति अचानक फुटपाथ से नीचे उतर गया। संतुलन बिगड़ने के कारण वह व्यक्ति उनकी बाइक से टकरा गया, जिससे बाइक गिर गई। टक्कर के बाद संबंधित व्यक्ति मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद डॉ. कमाल कुछ देर तक सड़क पर ही पड़े रहे। वहां से गुजर रहे मोटरसाइकिल सवार यात्रियों ने उन्हें उठाया और अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर उनके शुभचिंतकों में हमजापुर के मोहम्मद मसरूर आलम, शेरघाटी के मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद इमरान और इमामगंज के सैयद असजद अली अस्पताल पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। घटना की खबर मिलते ही उनके कई शुभचिंतक अस्पताल पहुंचे। इनमें डॉ. असलम कोठी, बांकेबाजार से नीतीश कुमार आरटी, मनीष कुमार लेखापाल, कंप्यूटर ऑपरेटर निरंजन कुमार सक्सेना, शिक्षक दिलीप कुमार सिन्हा, प्रधान शिक्षक सुबोध कुमार, गया के डॉ. बदरुल हसन, सेवानिवृत्त प्रधाना ध्यापक डॉ. वकार अहमद, प्रधाना ध्यापिका शमा जहां, सैयद अज्कार अहमद, मोहम्मद अनवर अली, मोहम्मद नूर आलम, डॉ. वेद प्रकाश पांडेय सहित अन्य शामिल रहे। इसके अलावा दिल्ली से डॉ. राणा प्रताप शर्मा, लखनऊ से डॉ. कैंसर अहमद शेख और डॉ. सूरज देव पांडेय, नवादा से डॉ. वजी अहसन ने फोन पर हालचाल लिया। स्थानीय लोगों में मो असलम, अफसर इकबाल, मो रिंकू जफर, सिम्मी परवीन, मो शहबाज अहमद, अरबाज अहमद, मो अमजद अली सहित सैकड़ों लोगों ने फोन कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## मगध पुस्तक मेला में ज्ञान, गुरु और राष्ट्रचेतना का जीवंत संगम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। मगध पुस्तक मेला के अंतर्गत 25 दिसंबर 2025 को आयोजित कार्यक्रम ज्ञान, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रचेतना के प्रभावशाली समागम के रूप में सामने आए। अवकाश का दिन होने के कारण मेला परिसर में दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी। बच्चों और महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बच्चों ने जहां रचनात्मक गतिविधियों और खेलों में उत्साह दिखाया, वहीं पुस्तक स्टॉलों से पुस्तकों की खरीदारी कर पठन संस्कृति के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मगध मेधा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके तहत विद्यालय स्तर पर नृत्य प्रतियोगिता और महाविद्यालय स्तर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और कलात्मकता से दर्शकों को प्रभावित किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने



समसामयिक विषयों, सामान्य ज्ञान और तार्किक प्रश्नों के माध्यम से अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों और युवाओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, रचनात्मकता और ज्ञान-वृद्धि को बढ़ावा देना रहा। 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर विशेष विचार गोष्ठी और स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेई के काव्यात्मक व्यक्तित्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। पं मदन मोहन मालवीय के शिक्षा, सामाजिक सुधार और भारतीय सांस्कृतिक चेतना के पुर्नजागरण में योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। इसके बाद गुरु विषय पर आधारित विशेष सत्र गुरुः ज्ञान का सागरह्व आयोजित हुआ। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। प्रियंका कुमारी और रंजन कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। दोनों गैलेंट इंडिया फाउंडेशन द्वारा स्लम क्षेत्रों में वंचित बच्चों के लिए संचालित प्रगति केंद्र से सक्रिय रूप से जुड़े हैं और शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं। संध्या कालीन सत्र में युवा कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें युवा कवियों और साहित्यकारों ने समकालीन विषयों, सामाजिक यथार्थ और संवेदनशील भावनाओं से ओतप्रोत रचनाओं का पाठ किया। कविताओं ने श्रोताओं को भावनात्मक रूप से जोड़ा और साहित्यिक वातावरण को सजीव बनाया। कुल मिलाकर मगध पुस्तक मेला का यह आयोजन साहित्य, शिक्षा, सामाजिक चेतना, राष्ट्रमूल्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को एक मंच पर लाने में सफल रहा। यह पहल समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाली एक सराहनीय कोशिश के रूप में देखी जा रही है।

## बसपा नेता विष्णुदेव सिंह ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया**। गुरुआ प्रखंड के सिमारू पंचायत के पूर्व मुखिया और बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता विष्णुदेव सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्हें कांग्रेस की सदस्यता जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार ने दिलाई। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि विष्णुदेव सिंह के कांग्रेस में शामिल होने से गुरुआ प्रखंड सहित पूरे गया जिले में पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सिंह का सामाजिक और राजनीतिक अनुभव कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त करेगा। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते हुए विष्णुदेव सिंह ने कहा कि वह लंबे समय तक बहुजन समाज पार्टी से जुड़े रहे, लेकिन वर्तमान समय में संविधान और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की गरिमा की रक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वंचितों और कमजोर वर्गों की लड़ाई को आगे बढ़ाने की सोच, जो राहुल गांधी के विचारों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, उससे वह प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही गया जिले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष कुमार द्वारा पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों ने उन्हें कांग्रेस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। विष्णुदेव सिंह के कांग्रेस में शामिल होने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्हें बधाई देने वालों में बाकें खान, फेकू दास, जयप्रकाश कुशवाहा, पवन दांगी, मनोज यादव, राजकुमार रजक, सत्येंद्र दास, सूरज रजक, प्रकाश पासवान, कारू मांझी, रोहित दांगी और अंकित कुमार शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने उम्मीद जताई कि विष्णुदेव सिंह के आने से संगठन को नई ऊर्जा और पार्टी के मुद्दों को और मजबूती से उठाएगी।

## विकसित भारत गारंटी योजना की बैठक

**कोंच (गया)**। पंचायत सरकार भवन आंती में बुधवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आंती पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने की। बैठक में पीओ संजय कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाले गारंटीड रोजगार के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 किए जाने का प्रस्ताव है। साथ ही न्यूनतम मजदूरी दर को 240 रुपये प्रतिदिन करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस बदलाव का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना और आजीविका को सशक्त करना है। मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों को कई आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में पीआरएस शंभू कुमार, पंचायत सचिव रामकुमार द्विवेदी, पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह सहित वार्ड सदस्य मुन्ना चौधरी, देवबली यादव, नंदू पासवान, किशोरी चौधरी, यशवंत कुमार, बसंत यादव, विनय यादव, जितेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## माथुर वैश्य पूर्वांचल महिला मंडल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी** । माथुर वैश्य पूर्वांचल महिला मंडल (गया जी महिला मंडल) द्वारा वार्षिक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रमुख मंडल अध्यक्षा श्रीमती प्रीति प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर प्रीति धीरेंद्र गुप्ता (मंत्राणी), अंजना आशुतोष गुप्ता (मीडिया प्रभारी) एवं इंदु सत्य प्रकाश गुप्ता (कार्यकारिणी सदस्य) की विशेष भूमिका रही है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख मंडल अध्यक्षा प्रीति प्रमोद गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ है। इसके पश्चात ईश प्रार्थना, हनुमान चालीसा पाठ, राम नाम जप, तुलसी पूजन तथा गणेश वंदना की सुंदर प्रस्तुति किट्टू गुप्ता द्वारा दी गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है।




इस अवसर पर इंदु सत्य प्रकाश गुप्ता ने अध्यक्षा प्रीति प्रमोद गुप्ता, मंत्राणी प्रीति धीरेंद्र गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी अंजना आशुतोष गुप्ता को उपहार भेंट कर सम्मानित किया है। तत्पश्चात सभी सखियों का तिलक, स्वागत एवं उपहार देकर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत धार्मिक विधि से होजी खेल के साथ हुई। इसके बाद मनोरंजक एवं रोचक खेलों का आयोजन किया गया है। महिला मंडल अध्यक्षा प्रीति प्रमोद गुप्ता द्वारा स्वयं दो खेलों का संचालन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है।

इस कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को मंडल की पदाधिकारियों द्वारा उपहार प्रदान किए गए। इस प्रकार सौहार्द, भक्ति और मनोरंजन से भरपूर यह वार्षिक महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अगर आप चाहें तो मैं इसे और संक्षिप्त, हेडलाइन सहित, या अखबार में छपने योग्य छोटे समाचार के रूप में भी तैयार कर सकता हूँ।

संपादकीय

# अरावली : सवाल नीयत का है

अरावली पर्वतमाला में सीमित खनन की अनुमति के केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव के आश्वासन के बाद भी पर्यावरण प्रेमियों का विरोध प्रदर्शन थम नहीं रहा है। ये प्रदर्शन उसी राजस्थान में हो रहा है, जहां से भूपेन्द्र यादव भी जीत कर आते हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को स्वीकार करने और टिकाऊ खनन से जुड़ी सिफारिशों को मंजूरी देने के बाद सरकार की व्यापक आलोचना हो रही है। विपक्ष का आरोप है कि इसमें सरकार की खनन माफिया से मिलीभगत है। सुप्रीम कोर्ट ने पहाड़ियों की नई परिभाषा पर जो मुहर लगाई है, उसी कारण लोगों में डर फैला है और पूरे उत्तर भारत में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि अरावली दुनिया की सबसे पुरानी भूगर्भीय संरचनाओं में से एक है, जो राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और राजधानी दिल्ली तक फैली हुई है। केंद्र सरकार की सिफ़ारिशों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की जिस परिभाषा को स्वीकार किया है, उसके अनुसार आसपास की ज़मीन से कम से कम 100 मीटर (328 फीट) ऊंचे ज़मीन के हिस्से को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। दो या उससे ज़्यादा ऐसी पहाड़ियां जो 500 मीटर के दायरे के अंदर हों और उनके बीच ज़मीन भी मौजूद हो, तब उन्हें अरावली श्रृंखला का हिस्सा माना जाएगा। इस बारे में पर्यावरणविदों का कहना है कि सिर्फ़ ऊंचाई के आधार पर अरावली को परिभाषित करने से कई ऐसी पहाड़ियों पर खनन और निर्माण का दरवाज़ा खुलने का ख़तरा पैदा हो जाएगा जो 100 मीटर से छोटी हैं, झाड़ियों से ढकी हुई और पर्यावरण के लिए ज़रूरी हैं। हालांकि केंद्र सरकार का कहना है कि नई परिभाषा का मक़सद नियमों को मज़बूत करना और एकरूपता लाना है, न कि सुरक्षा को कम करना। इसी संदर्भ में 'पीपल फ़ॉर अरावलीज़ समूह' की संस्थापक सदस्य नीलम आहलूवालिया के अनुसार नई परिभाषा अरावली की अहम भूमिका को कमज़ोर कर सकती है। अरावली उत्तर पश्चिम भारत में रेगिस्तान बनने से रोकने, भूजल को रीचार्ज करने और लोगों की आजीविका बचाने के लिए ज़रूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटी-छोटी झाड़ियों से ढकी पहाड़ियां भी रेगिस्तान बनने से रोकने, भूजल रीचार्ज करने और स्थानीय लोगों के रोज़गार में अहम योगदान देती हैं। पर्यावरण कार्यकर्ताओं की मांग है कि सरकार अरावली क्षेत्रों को वैज्ञानिक मानकों से परिभाषित करे, जिसमें उसका भूगोल, पर्यावरण, वन्यजीव संपर्क और जलवायु संघर्ष क्षमता शामिल हो। जबकि विपक्षी दलों का कहना है कि नई परिभाषा से पर्यावरण और पारिस्थितिकी को गंभीर नुक़सान पहुंच सकता है। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि अरावली की रक्षा को दिल्ली का अस्तित्व बचाने से अलग नहीं किया जा सकता। इस बारे में पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि 1,47,000 वर्ग किलोमीटर में फैली अरावली श्रृंखला का सिर्फ़ लगभग 2 प्रतिशत हिस्सा ही संभावित रूप से खनन के लिए इस्तेमाल हो सकता है और वह भी विस्तृत अध्ययन और आधिकारिक मंजूरी के बाद। एक इंटरव्यू में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि अरावली क्षेत्र में खनन गतिविधियां बेहद सीमित इलाके में ही अनुमति होंगी। यह पर्वत श्रृंखला मजबूत पारिस्थितिकीय सुरक्षा के तहत बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि अरावली क्षेत्र की मुख्य समस्या अवैध खनन है। इसे रोकने के लिए ही सुप्रीम कोर्ट ने यह परिभाषा दी है और इस पर अभी भी समीक्षा लंबित है। उन्होंने यह भरोसा भी दिया कि सरकार अरावली पर्वत माला की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन सवाल नीयत का है। लोगों को सरकार की नीयत पर भरोसा नहीं हो रहा है। यह तभी बनेगा, जब आगे सरकार क्या करती है, यह साफ होगा।

# दिसंबर रहा अटलमय, साल 2025 मोदीमय !



हरेन्द्र प्रताप

दिसंबर माह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम रहा जबकि पूरा साल यानि 2025 भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी के नाम रहा। दोनों ऐतिहासिक योगदान के लिए ख्यात, दृढ़ निर्णयों के लिए विख्यात और दोनों सृजनशील, दोनों रचनाकार ! दोनों में ÷अटल÷ के गुण और दोनों में ÷नरेन्द्र÷ के गुण ! दोनों अद्वितीय और अतुलनीय ! दोनों विश्व में अपने - अपने समय में सर्वाधिक चर्चित ! दोनों के समय में भारत अनेक अवसरों पर साहसिक फैसले लेने के मामलों में आत्मनिर्भर ! दोनों का रोजगार सृजन में तेज गति से योगदान ! दोनों के समय में आतंकवादियों और आतंकपरस्तियों को मुंहतोड़ जवाब ! दोनों का युवाओं, मातृशक्ति, किसान और जवान पर विशेष ध्यान ! दोनों के समय में राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक जागरण का पुनर्घोष ! अंदर और बाहर के उपद्रवियों पर दोनों की नकेल !

इसलिए अटल बिहारी वाजपेयी के भौतिक रूप से नहीं रहने पर भी पूरा दिसंबर अटलमय दिख रहा और ट्रंप, पुतिन और इस्राइल के प्रभाव वाले वर्ष 2025 में भी भारत समेत विश्व का बड़ा भूभाग मोदीमय दिखा। पारंपरिक रूप से दो ध्रुवों वाला विश्व इस साल चीन, ब्राजील और भारत के साहसिक निर्णयों से आधुनिक युग में बहुध्रुवीय बन गया !

अटल बिहारी वाजपेयी को वास्तविक अर्थों में अटल और नरेन्द्र दामोदरदास मोदी को नरेन्द्र बनाने में अमेरिका और पाकिस्तान का बाहर से विशेष योगदान है जबकि देश के अंदर इसका श्रेय भटकाव का शिकार हो चुके विपक्ष को जाता है और बाकी दोनों महान हस्तियों की अपनी - अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत मेहनती सोच को व्यक्तिगत रूप से जाता है। सफल परमाणु परीक्षण और करगिल विजय ने अटल बिहारी वाजपेयी को अमर प्रधानमंत्री बना दिया। सर्जिकल स्ट्राइक, कोविड विजय और आत्मनिर्भर भारत अभियान ने नरेन्द्र दामोदरदास मोदी को अद्वितीय प्रधानमंत्री बना दिया !

दोनों के शासनकाल की कुछेक समान खामियां भी रही हैं जिनका खामियाजा आम जनमानस को आज भी भुगतना पड़ रहा है। दोनों की सरकार भारतीय नौकरशाही में व्याप्त भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, गुटबाजी, अपारदर्शी व्यवहार, भेदभावपूर्ण नियुक्ति और लापरवाही युक्त आचरण रोकने में विफल रही है। दोनों अपने - अपने समय के सुस्त मंत्रियों, कुलपतियों, अक्षम नौकरशाहों को समय पर हटाने में विफल रहे हैं। दोनों की सरकार अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों की सूचना लक्षित समूह तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सफल नहीं रही हैं। दोनों के समय में लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को जनता के प्रति अधिक जागरूक, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के लिए किसी ठोस पहल का अभाव दिखा है। एक छोटा सा उदाहरण ही काफी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सत्ता से बाहर हुए आम आदमी पार्टी को अनेक महीने गुजर गए हैं लेकिन आम नागरिकों के लिए दिल्ली परिवहन सेवा यानि डी टी सी का प्रबंधन पहले से कहीं अधिक कुप्रबंधन का शिकार हो गया है और दैनिक यात्रियों को समय पर सार्वजनिक बस नहीं मिल पा रही है ! इसका परिणाम यह है कि आम नागरिक बहुत जल्द फिर से आम आदमी पार्टी की व्यवस्था की तारीफ कर रहे हैं। मतलब सरकारी स्तर पर करने के लिए बहुत कुछ शेष है।

वैसे, अटल जी और नरेन्द्र जी में कुछेक मौलिक अंतर भी हैं। अटल बिहारी वाजपेयी पराधीन भारत में पैदा हुए। इसलिए वे अधिक संतुलन बना कर चलते थे। विपक्ष में पक्ष और पक्ष में विपक्ष का भी वे विशेष ध्यान रखते थे। विपक्ष में रह कर भी वे सरकार की मुखिया श्रीमती इंदिरा गांधी की समय - समय पर तारीफ कर देते थे। वे पराधीन मानसिकता और स्वाधीन मानसिकता वालों के बीच गज़ब का तालमेल बिठा लेते थे और पक्ष में ही रह कर पक्ष के ही मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री को भी नहीं बख्शते थे।

नरेन्द्र दामोदरदास मोदी स्वतंत्र भारत में पैदा हुए। इसलिए वे स्वभाव से अधिक आजाद रहे हैं। भारत समेत पूरी दुनिया उनके निर्भीक निर्णयों से वाकिफ रही है। साल 2025 को भी ऑपरेशन सिंदूर और टैरिफ मामले से इसका प्रमाण मिल चुका है। वे प्रयोगधर्मी और नवाचारी हैं। ÷ मन की बात ÷ उनका बड़ा प्रयोग है और ÷ विकसित भारत ÷ की संकल्पना अकल्पनीय प्रयोग !

इस बार के दिसंबर और विशेष कर 25 दिसंबर का दिवस अधिक अटलमय शायद इसलिए भी दिख रहा है क्योंकि यह वर्ष अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी वर्ष भी रहा। पिछले दिसंबर से इस दिसंबर तक अटल जी की स्मृति में कोई न कोई महत्वपूर्ण आयोजन इस दौरान हर महीने आयोजित किया जाता रहा। यह सिलसिला 2025 के दिसंबर में भव्य रूप में दिखाई दिया। 24 दिसंबर को दिल्ली में अटल जी की स्मृति में संस्कृत - मैथिली - भोजपुरी कवि संगोष्ठी का आयोजन तथा 25 दिसंबर को अटल कैंटीन का उद्घाटन खास आदमी से लेकर आम आदमी तक के बीच में अटल जी की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने का प्रयास रहा। इस बीच अटल जी के नाम से अनेक योजनाओं, कार्यक्रमों, पुरस्कारों और अन्य आयोजनों की झड़ी लगी रही। सरकारी तथा गैर-सरकारी और केंद्र तथा राज्य स्तर पर भी विविध आयोजन होते रहे। अक्टूबर में प्रयागराज में हिंदुस्तानी एकेडमी में आयोजित संगोष्ठी भी अटल जी पर ही केंद्रित रही।

दरअसल अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों विराट रहा। राजनीति में यदि वे नहीं आते तो भी आज हम-आप उन्हें एक प्रखर कवि तथा संपादक और ओजस्वी वक्ता के रूप में याद कर रहे होते।

हां, यह सही है कि नेहरू - इंदिरा काल में अन्य लोगों के लिए जयंती तथा पुण्य तिथि और शताब्दी समारोहों का जो संकुचन या अघोषित आरक्षण कर दिया गया था, उसका अटल-मोदी युग में भव्य विस्तारीकरण कर दिया गया। यही कारण है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री, नरसिम्हा राव जैसी हस्तियों की स्मृतियां सुस्थापित हो रही हैं और आजादी का अमृत महोत्सव, वंदेमातरम् के सृजन का 150 वां साल और भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती का ऐतिहासिक वर्ष दिव्य रूप में राष्ट्रीय स्तर पर नजर आ रहा है।

यही नहीं बल्कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहादत दिवस और लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर विभिन्न समारोहों का आयोजन भी अधिक राष्ट्रीय नजर आया। आपातकाल के 50 वर्ष और संविधान के विधान बनने के 75 वर्ष से जुड़े आयोजन भी इस साल स्मरणीय रहे। इसी कड़ी में सन् 2047 में भारत की आजादी की शताब्दी को भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में तैयार करने का लक्ष्य सामने लाकर उसे हर स्तर पर स्वीकार्य बना देना अद्भुत नेतृत्व के कौशल का परिचायक है।

आंतरिक हिंसा को नियंत्रित करने के लिए नक्सलियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान इस साल अधिक प्रभावी रहा ! घुसपैठियों को वापस लौटाने और उनके खिलाफ दीर्घकालिक नीति तैयार करने की योजना ने सरकार को प्रतिष्ठित किया।





वैसे , इस साल सबसे स्मरणीय रही भारत की विश्व स्तरीय डिप्लोमैसी जो ऑपरेशन सिंदूर से लेकर टैरिफ टेरर तक भारत को वैश्विक मीडिया में चर्चित करती रही। इसका दिलचस्प पहलू यह रहा कि जहां विश्व स्तर पर भारत के राजनयिक रिश्तों को नया विस्तार मिला, वहीं देश के अंदर अनेक विपक्षी नेता भी केंद्र सरकार के सुर में सुर मिलाते नजर आये। मतदाताओं की पहचान वैसे तो चुनाव आयोग की पहल है लेकिन इसका भी श्रेय मोदी सरकार को ही जाता है। वहीं बिहार चुनाव में हुई ऐतिहासिक विजय का श्रेय नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह की आधुनिक चाणक्य नीति को जाता है। देश भर में जनसंख्या की डिजिटल गणना का ऐलान भविष्य में देश की राजनीति को तय करने का नया आधार तय कर सकता है। भारत की नजर बांग्लादेश के आंतरिक उथल-पुथल के परिणाम पर भी केंद्रित है जिसके बारे में निर्णायक कदम कभी भी उठाये जा सकते हैं।

वास्तव में यह साल भारत को विश्व की एक आत्मनिर्भर मौलिक शक्ति की पहचान दिलाने में निर्णायक रहा। और, वर्ष 2025 के मोदीमय होने का भारत के लिए यह सबसे सुखद परिणाम है !

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# उस्मान हादी की मौत से सुलग रहा पड़ोसी देश

**बांग्लादेश में पिछले वर्ष जुलाई में हुए विद्रोह के प्रमुख नेताओं में से एक शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं हुईं, जिससे देशभर में तनाव पैदा हो गया है. जैसे-जैसे बांग्लादेश फरवरी 2026 में पार्लियामेंट्री इलेक्शन (संसदीय चुनाव) की ओर बढ़ रहा है, शरीफ उस्मान हादी की मौत हिंसा का एक फ्लैशपॉइंट बन गई है, जिसके बॉर्डर पार फैलने का खतरा है. माइनॉरिटीज, इंडियन डिप्लोमैटिक इंटरेस्ट और बड़े मीडिया आउटलेट्स को टारगेट करना इस बात पर जोर देता है कि बांग्लादेश की अंदरूनी पॉलिटिकल तबाही कैसे तेजी से इंडिया और साउथ एशिया के लिए एक क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौती ((रीजनल सिक्योरिटी चैलेंज) बन सकती है.**

अरूनिम भुयान

इंडिया-विरोधी रेडिकल लीडर और शेख हसीना-विरोधी इंकलाब मंच के स्पोक्सपर्सन हादी को 13 दिसंबर को ढाका के एक व्यस्त इलाके में नकाबपोश बंदूकधारियों ने गोली मार दी. जिसके बाद वे कोमा में चले गए. उन्हें इलाज के लिए सिंगापुर एयरलिफ्ट किया गया था, लेकिन गुरुवार रात उनकी मौत हो गई. हादी की मौत तब से कट्टरपंथी और भारत-विरोधी ग्रुप्स के लिए एक मजबूत मोबिलाइजिंग सिंबल बन गई है, जिससे हिंसा भड़क गई है. जिसमें माइनॉरिटीज, इंडियन डिप्लोमैटिक मिशन और मीडिया के कुछ हिस्सों को निशाना बनाया गया है, यह सब फरवरी 2026 में होने वाले देश के संसदीय चुनाव (पार्लियामेंट्री इलेक्शन) से कुछ ही हफ्ते पहले हुआ है.

यह अशांति बांग्लादेश के पहले से ही नाजुक पॉलिटिकल माहौल में एक खतरनाक बढ़ोतरी को दिखाती है, जो पिछले साल अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद हुआ था, जो शुरूआत में एक घरेलू पावर स्ट्रगल लग रहा था. उसने अब साफ तौर पर कम्युनल और जियोपॉलिटिकल पहलू ले लिए हैं, जिसका सीधा असर भारत-बांग्लादेश रिश्तों और पूरे साउथ एशिया में सुरक्षा और स्थिरता पर पड़ रहा है. हादी की मौत के बाद हुई हिंसा में खतरनाक क्रूरता देखी गई है. ईशनिंदा के आरोप में हिंदू गारमेंट फैक्ट्री वर्कर दीपू चंद्र दास को लिंच करके जिंदा जलाने की घटना ने बढ़ते रेडिकलाइजेशन के बीच धार्मिक माइनॉरिटीज की कमजोरी को दिखाया है. भारतीय मिशन और हितों पर हमले अंदरूनी राजनीतिक आंदोलन से खुले तौर पर भारत विरोधी लामबंदी की ओर बदलाव का संकेत देते हैं, जबकि द डेली स्टार और प्रोथोम एलो जैसे जाने-माने मीडिया हाउस में तोड़फोड़, डर के जरिए आजाद आवाजों को चुप कराने और पब्लिक नैरेटिव को बदलने की कोशिश की ओर इशारा करती है.

ये घटनाएं मिलकर एक्सट्रीमिस्ट आइडियोलॉजी, स्ट्रीट पावर और पॉलिटिकल मौकापरस्ती के एक खतरनाक मिश्रण के उभरने का इशारा करती हैं. हादी की मौत को एक नारे के तौर पर इस्तेमाल करने से रेडिकल ग्रुप्स को हिंसा को सेक्युलरिज्म, माइनॉरिटीज और इंडिया के खिलाफ विरोध के तौर पर दिखाने का मौका मिला है, जिससे देश में पोलराइजेशन यानी की ध्रुवीकरण और गहरा हो गया है.

यह अशांति एक ऐसे अहम मोड़ पर आई है, जब बांग्लादेश फरवरी 2026 में संसदीय चुनाव की तैयारी कर रहा है. इस हिंसा से इस बात पर गंभीर शक पैदा होता है कि क्या इलेक्शन फ्री, फेयर और शांतिपूर्ण तरीके से कराए जा सकते हैं. मीडिया आउटलेट्स को धमकाना, सांप्रदायिक हिंसा और विदेशी मिशन्स पर हमले बिगड़ते सिक्योरिटी माहौल की ओर इशारा करते हैं जो चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता को कमजोर कर सकता है.

एक विवादित या हिंसक इलेक्शन रिजल्ट पॉलिटिकल फ्रैगमेंटेशन (राजनीतिक विखंडन) को और गहरा करेगा और अस्थिरता (इनस्टेबिलिटी) के लंबे समय तक बने रहने का जोखिम होगा. भारत के लिए, यह परिस्थिति ढाका के साथ एंगेजमेंट को मुश्किल बना देगा. चाहे पावर में कोई भी आए, क्योंकि वैधता (लेजिटिमेसी) और गवर्नेंस के सवाल बड़े होंगे. बांग्लादेश में एक कमजोर या पोलराइज्ड सरकार एक्सट्रीमिस्ट एलिमेंट्स को कंट्रोल करने या बाइलेटरल सिक्योरिटी कमिटमेंट्स को पूरा करने में भी कम काबिल होगी.

भारत के लिए, ये डेवलपमेंट उस रिश्ते की जड़ पर चोट करते हैं जो लंबे समय से उसकी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी का आधार रहा है. पिछले दस सालों में, भारत और बांग्लादेश ने काउंटरटेररिज्म कोऑपरेशन, बॉर्डर मैनेजमेंट, कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स, ट्रेड बढ़ाने और एनर्जी पर एक-दूसरे पर निर्भरता को शामिल करते हुए एक मल्टीफेसटेड पार्टनरशिप बनाई है.

हसीना के तहत ढाका की भारत-केंद्रित विद्रोही ग्रुप के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई को, जो उसके इलाके से ऑपरेट कर रहे थे, द्विपक्षीय संबंधों में एक टर्निंग पॉइंट के तौर पर देखा गया. मौजूदा उथल-पुथल से इनमें से कई फायदे खत्म होने का खतरा है. भारतीय डिप्लोमैटिक मिशन पर हमले देश की जिम्मेदारी के बुनियादी नियमों को कमजोर करते हैं और ढाका में पॉलिटिकल लोगों के साथ खुलकर बातचीत करने की नई दिल्ली की काबिलियत को मुश्किल बनाते हैं.

भारत के खिलाफ बयानबाजी में बढ़ोतरी से लोगों की भावना और सख्त होने का खतरा है, जिससे भविष्य की किसी भी बांग्लादेशी सरकार के लिए नई दिल्ली के साथ प्रैक्टिकल सहयोग करने की राजनीतिक गुंजाइश कम हो जाएगी.

इस हफ्ते की शुरुआत में, भारत में बांग्लादेश के हाई कमिश्नर रियाज हमीदुल्लाह को विदेश मंत्रालय ने बुलाया और बांग्लादेश में बिगड़ते सिक्योरिटी माहौल पर भारत की गहरी चिंताओं से उन्हें अवगत कराया. उनका ध्यान खास तौर पर कुछ कट्टरपंथी लोगों की गतिविधियों की ओर दिलाया गया, जिन्होंने ढाका में भारतीय हाई कमीशन के आसपास सिक्योरिटी की स्थिति पैदा करने की योजना की घोषणा की है.

विदेश मंत्रालय ने कहा, 'भारत बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं के बारे में कट्टरपंथी लोगों द्वारा बनाई जा रही झूठी कहानी को पूरी तरह से खारिज करता है.' 'यह दुख की बात है कि अंतरिम सरकार ने न तो पूरी जांच की है और न ही इन घटनाओं के बारे में भारत के साथ कोई काम के सबूत शेयर किए हैं. भारत के बांग्लादेश के लोगों के साथ करीबी और दोस्ताना रिश्ते हैं, जो आज़ादी की लड़ाई से जुड़े हैं, और अलग-अलग डेवलपमेंट और लोगों के बीच आपसी बातचीत से और मजबूत हुए हैं. '

'हम बांग्लादेश में शांति और स्थिरता के पक्ष में हैं और हमने लगातार शांतिपूर्ण माहौल में आजाद, निष्पक्ष, सबको साथ लेकर चलने वाले और भरोसेमंद चुनाव कराने की मांग की है. हम उम्मीद करते हैं कि अंतरिम सरकार अपनी डिप्लोमैटिक ज़िम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए बांग्लादेश में मिशन और पोस्ट की सुरक्षा पक्का करेगी.' मौजूदा हालात के बारे में, ढाका के पत्रकार सैफुर रहमान तपन ने बताया कि बांग्लादेश में पॉलिटिकल माहौल दो खेमों में बंटा हुआ है -आजादी के पक्ष में और आजादी के खिलाफ.

तपन ने ढाका से फोन पर ईटीवी भारत को बताया, वैसे तो अवामी लीग (हसीना की लीडरशिप में) लिबरेशन वॉर में सबसे आगे थी, इसलिए इसे प्रो-लिबरेशन कैंप का लीडर माना जाता है.' 'एंटी-लिबरेशन कैंप को स्वर्अब्दुल रोब के लीडरशिप में जातीय समाजवादी दल लीड कर रहा था. लेकिन, 1975 में शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद, जिया-उर-रहमान एंटी-लिबरेशन कैंप में सबसे आगे आ गए. '

उन्होंने आगे कहा कि रेडिकल इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी हमेशा एंटी-लिबरेशन कैंप में रही है. तपन ने कहा, 'हादी एंटी-लिबरेशन कैंप में थे.' 'एंटी-लिबरेशन कैंप को लगता है कि जो लोग सेक्युलरिज्म और बंगाली नेशनलिज्म को बढ़ावा देते हैं, वे प्रो-अवामी लीग हैं. उन्हें लगता है कि मीडिया अवामी लीग की आइडियोलॉजी को बढ़ावा दे रहा है. '

उन्होंने बताया कि हादी ने द डेली स्टार और प्रोथोम अलो मीडिया हाउस को कल्चरल फासिस्ट कहा था. इन दो मीडिया हाउस के अलावा, उन्होंने कहा कि बंगाली कल्चर को समर्पित संस्था छायानॉट पर भी मौजूदा हिंसा में हमला हुआ है.

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज आप किसी नये काम को लेकर योजना बना सकते हैं। शेयर मार्केट में अधिक निवेश न करें। नकारात्मक सोच आपके ऊपर हावी हो सकते हैं।

**वृषभ**

नयी कला और अभियोग्यता सीखने के लिये बहुत अच्छा समय है। दिल की अपेक्षा दिमाग से निर्णय लें। आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकार प्राप्त हो सकते हैं।

**मिथुन**

कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति दूर होगी। घरेलू समस्याओं का समाधान होगा। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्यों में उत्तम आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है।

**कर्क**

मामा पक्ष के साथ अपने सम्बन्ध मधुर रखें। पेपर वर्क को लेकर सावधानी रखनी चाहिये। रिसर्च सम्बन्धी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

**सिंह**

कार्यक्षेत्र में आपको अपमान सहना पड़ सकता है। धर्म-कर्म में आपका मन नहीं लगेगा। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये।

**कन्या**

आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। सन्तान की नौकरी सम्बन्धी परेशानी का समाधान होगा।

**तुला**

पेट में वायु विकार उत्पन्न हो सकते हैं। बड़े सरकारी ऑर्डर आपको मिलने की सम्भावना है। विवादित मुद्दों का कूटनीतिक समाधान मिलेगा।

**वृश्चिक**

नया कार्य आरम्भ कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। बच्चों की पढ़ाई में आ रही बाधा दूर होगी। धन समृद्धि में बढ़ोत्तरी होने की सम्भावना है।

**धनु**

धन को लेकर आ रही समस्या दूर होगी। नयी परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। आपको धैर्यपूर्वक काम करना चाहिये। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहेगी।

**मकर**

आपकी सफलताओं की सर्वत्र चर्चा होगी। धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। लम्बे समय से चला आ रहा तनाव दूर होगा। धन को बचाने का प्रयास करेंगे। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारें।

**कुंभ**

आपकी कोई योजना उजागर हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य करायें।

**मीन**

आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। ज्ञानवर्धक साहित्य का अध्ययन और चिन्तन करेंगे। व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दानापुर में प्रकाश पर्व पर चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खालसा पंथ के संस्थापक गुरु श्री गोविंद सिंह जी महाराज के 359 वें प्रकाश उत्सव समारोह पर हांडी साहिब गुरुद्वारा परिसर में तीन दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी लगाया गया। चित्रकार राजेश कुमार शर्मा उर्फ राजेश पिकासो ने अपने हाथों से चित्रकारी किये गये गुरु श्री गोविंद सिंह जी महाराज व गुरु तेग बहादुर जी महाराज की जीवनी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी में लगाया गया है। चित्र के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के जीवन गाथा को प्रस्तुत किया गया है.देश-विदेशों से आये श्रद्धालुओं गुरु श्री गोविंद सिंह जी महाराज के जीवन पर संजीव चित्र देखकर आकर्षित हो रहे है। चित्रकार राजेश कुमार शर्मा बधाई दे रहे है।

### टिकट चेकिंग अभियान, दर्जनों यात्री पकड़े गए

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल अंतर्गत बाढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की सुबह अचानक टिकट चेकिंग का अभियान चलाया गया। जब यात्री अपने गंतव्य स्थान पर जाने के लिए स्टेशन पहुंचे और टिकट चेकिंग दल को सक्रिय देखा, तो कई लोग स्टेशन परिसर से भागते हुए नजर आए। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे लगभग दो दर्जन से अधिक यात्रियों को पकड़ा गया। टिकट जांच दल ने नियमानुसार जुर्माना वसूल कर उन्हें छोड़ दिया। अचानक हुए इस अभियान से यात्रियों में काफी हैरानी देखी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें याद नहीं पड़ता कि इससे पहले बाढ़ रेलवे स्टेशन पर कभी इस तरह का सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया हो। वहीं कुछ यात्रियों का कहना था कि यदि नियमित टिकट चेकिंग अभियान चलाया जाए तो रेल सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व का फायदा होगा और लोग टिकट लेकर ही यात्रा करने का काम करेंगे।

### स्कॉर्पियो-ई रिक्शा की टक्कर में एक की मौत, 5 जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लहरिया पोखर रोड स्थित डॉक्टर सपना कुमारी के क्लीनिक के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा सड़क पर पलट गई और सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि 17 वर्षीय दिलखुश कुमार (17 वर्ष) कि मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक कुमार (20 वर्ष), एवं आदित्य कुमार (3 वर्ष) की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही बाढ़ थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्कॉर्पियो चालक को हिरासत में ले लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि नशे की हालत में स्कॉर्पियो चालक ने बेलगाम गति से वहां चला रहे थे तभी सामने इसकी चपेट में ई रिक्शा आ गई और घटना घटित हुई।

### अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती मनाई गई

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के मलाहि स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गुरुवार को दोपहर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम का संयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार राजू ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन जिला इकाई बाढ़ के शैलेंद्र कुमार ने की। इस मौके पर उपस्थित भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कुशल प्रशासन और बेहतर छवि एवं ठोस निर्णय पर चर्चा करते हुए उन्हें याद किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### इलाज के बाद पैसे मांगने के आरोप पर संज्ञान लिया अस्पताल प्रबंधन ने

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल परिसर में इलाज करवाने आए दाहौर गांव के एक बुजुर्ग से इलाज के बाद पैसे की मांग करने वाला चिकित्सा कर्मी के ऊपर विभागीय गाज की कितना तय है। बुजुर्ग के द्वारा उपाधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत की गई है। मामले पर अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि लंबे समय से आरोपी स्टाफ पर पैसे मांगने का आरोप कई बार लग चुके हैं । साथ ही इलाज में कोताही एवं मनमानी करने का भी आप है। जिसको लेकर अस्पताल प्रबंधन ने कारण बताओ ना नोटिस जारी करने के बाद विभागीय कार्रवाई करेगी। अस्पताल की उपाधीक्षक डॉक्टर विनय कुमार चौधरी ने बताया कि अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की मनमानी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मसौढ़ी व धनरूआ की विभिन्न जगहों पर आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शीतकालीन अनुरक्षण कार्य को लेकर शुक्रवार को मसौढ़ी व धनरूआ के बिभिन्न जगहों पर दो पालियों मे दो-दो घंटे के लिये बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. इस बाबत 132 / 33 केवी जीएसएस मसौढ़ी के सहायक कार्यपालक अभियंता सुनंदन भूषण ने बताया कि मसौढ़ी ग्रीड में शीतकालीन अनुरक्षण कार्य को लेकर शुक्रवार को धनरूआ प्रखंड के कादिरगंज, मनकीपर , चारूई, धनरूआ एवं नदौल में दोपहर ग्यारह बजे से एक बजे एवं मसौढ़ी के केवड़ा, बेला, दरियापुर, भगवानगंज, बैदौली, हसनपुरा एवं शाहाबाद समेत अन्य जगहो पर दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. उन्होने इस अवधि में अपने अपने घरो एवं प्रतिष्ठानों मे समुचित पानी का भंडारण कर लेने की अपील को है. सहायक कार्यपालक अभियंता ने इस दौरान लोगों को होने वाली परेशानी के लिये खेद ब्यक्त किया है.

### दानापुर में कड़ाके ठंड में नगर के चौके-चौराहे पर जलाया गया अलाव

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछ्ले दिनों से पड़ी रही हाड़ कंपा देने वाली ठंड ने लोगों की मुश्किले बढ़ा दी है. जिसको देखते हुए नगर परिषद व अंचल प्रशासन द्वारा नगर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था गुरूवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाया गया.परिषद के प्रभारी ईओ व्यवस्था रवि कुमार ने बताया कि कड़ाके ठंठ को देखते हुए नगर के चौक-चौराहे व सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि डीएम व एसडीओ के निर्देश पर नगर में अलाव जलाया जा रहा है. नगर में गरीब और निःसहाय लोगों और वैसे लोग जिन्हें ठंड से बचने के लिए प्रयाप्त गर्म कपड़े नहीं हैं. वैसे लोगों के लिए अलाव ही एक मात्र सहारा है. इसको देखते हुए नगर के प्रमुख चौक चौराहा जैसे नासरीगंज प्राचीन देवी मंदिर, गोलापर रामजनकी मंदिर, गोला रोड शिव मंदिर, सगुना मोड़, तकियापर समेत अन्य जगहों पर अलाव जलाया गया है. अलाव जलते ही रिक्शा और ठेला चालक ठंड से बचने के लिए अलाव के पास पहुंच गए. मौके पर पर्षद के लेखापाल सुभाष कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे. वही सीओ चंदन कुमार ने बताया कि कड़ाके ठंडा को देखते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्र के चौके-चौराहे पर अलाव जलाये गए हैं

# खलिहान में भीषण आग, धान-पुआल और ट्रैक्टर राख, लाखों का नुकसान





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के आलमपुर-गोनपुरा पंचायत के लहियार चक इलाके में बुधवार की देर रात एक वार्ड सदस्य के खलिहान में अचानक भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते खलिहान में रखे धान, पुआल और कृषि उपकरण जलकर खाक हो गए. आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों के किसान और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया. इसी दौरान फुलवारी शरीफ थाना और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था. घटना के संबंध में गोनपुरा वार्ड संख्या-8 के वार्ड सदस्य शंकर कुमार ने बताया कि रात करीब 12 बजे के बाद किसी व्यक्ति ने फोन कर उन्हें खलिहान में आग लगने की सूचना दी. सूचना मिलते ही वे परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने आशंका जताई कि करीब एक माह पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति से हुए विवाद के कारण साजिश के तहत आग लगाई गई हो सकती है. वार्ड सदस्य के अनुसार आग की इस घटना में पांच कट्ठा से अधिक धान, दस कट्ठा से अधिक पुआल, लगभग 50 पीस कृषि पाइप और खेत जोतने में इस्तेमाल होने वाला एक ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया. इस अगलगी में तीन लाख रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है. पीड़ित परिवार की ओर से वार्ड सदस्य के बड़े भाई बालानंद उर्फ नौमी कुमार ने फुलवारी शरीफ थाना में लिखित आवेदन दिया है. इधर, इस मामले में फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है और पीड़ित पक्ष से आवेदन देने को कहा गया है. उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आग कैसे लगी और इसके पीछे किसका हाथ है.

## दानापुर संत लुकस चर्च में क्रिसमस पर विशेष प्रार्थना







**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरूवार को कड़ी सुरक्षा के बीच क्रिसमस पर बिहार रेजिमेंट सेंटर के ऐतिहासिक संत लुकस गिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर झारखंड व बिहार सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल विकास भारद्वाज(वीएसएम) व रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा समेत सैन्य अधिकारियों, जेसीओ व जवान प्रार्थना सभा में शामिल हुए. सांता क्लॉज ने बच्चों के बीच चॉकलेट बांटा. गिरजाघर के फादर नायक सूबेदार धर्मगुरु फादर एल विपिन ने ईसा मसीह के संदेश व बाइबल के ऋचाओं का पाठ किया गया. फादर ने संदेश देते हुए कहा कि दुनिया को शांति और अहिंसा का पाठ पढाने वाले प्रभु यीशु मसीह के जन्म दिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस पर्व प्रत्येक गिरजाघर में हर्षोल्लास से मनाया जाता है. लेकिन गिरजाघर में इस पर्व पर सैनिक के साथ सभी धर्मो के लोग एक साथ शामिल होकर इसे और भी खास बना देते है.फादर ने प्रार्थना कराते हुए प्रभू यीशु के जन्मदिन के बारे में विस्तार से जानकारी दी. साथ ही उन्होंने ने विशेष प्रार्थना की व कैरोल गीत गाये. श्रद्धालुओं ने मोमबत्ती जलाकर प्रभु यीशु की आराधना की. वहीं कंपनीबाग स्थित कैथोलिक चर्च में भी विशेष प्रार्थना की गयी. मौके ले कर्नल एके सिंह, ले कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा, सूबेदार मेजर विपिन कुमार प्रधान समेत सैन्य अधिकारी, जेसीओ व जवान मौजूद थे. सैनिक का चर्च में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद आम लोगों का गिरजाघर में मोमबत्ती जलाने के लिए लंबी कतार लगा रहा. दिनभर गिरजा घर में मेला लगा रहा.

## क्रिसमस समारोह में मंत्री-नेताओं ने की शिरकत




**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ स्थित एस.के. मैरेज हॉल में इमैनुएल मिशन द्वारा क्रिसमस पर्व के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ. समारोह में राज्य सरकार के मंत्री अशोक चौधरी कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना और कैरोल गीतों से हुई. बच्चों द्वारा प्रस्तुत क्रिसमस नाटिका और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. वक्ताओं ने प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, शांति और सेवा के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया. समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि क्रिसमस आपसी भाईचारे, करुणा और मानवता की सेवा का पर्व है. ऐसे आयोजनों से समाज में सौहार्द और एकता का संदेश जाता है. उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में इमैनुएल मिशन के योगदान की सराहना की. आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत किया गया और जरूरतमंदों के बीच उपहार वितरण भी किया गया. कार्यक्रम के अंत में शांति, समृद्धि और सद्भाव के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई. समारोह में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे.

पटना में ग्लोरियस मिस एंड मिसेज इंडिया वर्ल्ड का भव्य आयोजन

## फुलवारीशरीफ की सान्या सोनल को मिला प्राइड ऑफ इंडिया का खिताब



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साइ ग्लोरियस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड न्यू दिल्ली के तत्वाधान में पटना में ग्लोरियस मिस एंड मिसेज इंडिया वर्ल्ड प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया. इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के लगभग हर राज्य से प्रतिभागियों ने भाग लिया. कार्यक्रम ने बिहार की धरती पर फैशन, टैलेंट और आत्मविश्वास का शानदार संगम प्रस्तुत किया.इस भव्य मंच पर फुलवारी शरीफ की सान्या सोनल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्राइड ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम किया. वहीं अस्मिता सिंह को ब्रांड एंबेसडर ऑफ बिहार का टैग प्रदान किया गया.इस प्रतियोगिता के जज पैनल में बॉलीवुड फिल्म निर्देशक व अभिनेता मनीष वत्सल्य, अभिनेता व मॉडल अर्जुन यादव तथा ग्लोरियस मिसेज इंडिया विजेता रिमझिम सिंह मौजूद रहीं. सभी जजों ने प्रतिभागियों के खिताब जीतने के बाद सान्या सोनल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका उद्देश्य बॉलीवुड इंडस्ट्री में मॉडलिंग, एक्टिंग और एंटरटेनमेंट की दुनिया में अपनी पहचान बनाना है. उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन मुंबई की चकाचौंध में अपने दम पर जगह बनाना आसान नहीं होता और इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है. सान्या ने बताया कि वे पिछले चार वर्षों से मुंबई में रहकर संघर्ष कर रही हैं और इस सफर में उन्हें अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिला है. उन्होंने कहा कि उन्हें बॉलीवुड की कई हस्तियों के साथ काम करने का अवसर मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास और अनुभव दोनों बढ़ा है. सान्या सोनल ने साइ ग्लोरियस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड का आभार जताते हुए कहा कि यह मंच बिहार के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है. उन्होंने विशेष रूप से संस्था की डायरेक्टर अंजु मैम का धन्यवाद किया, जिनका उन्हें लगातार मार्गदर्शन और सहयोग मिलता रहा. अपने संदेश में सान्या ने कहा कि गांवों और कस्बों में छिपी हुई नई प्रतिभाओं को आगे आकर ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेना चाहिए. अगर युवा अपनी प्रतिभा को निखारें और मंच का सही उपयोग करें, तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं. आत्मविश्वास, प्रस्तुति और प्रतिभा की सराहना की. प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि ऑनलाइन ऑडिशन में देशभर से 100 से 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. इसके बाद ग्रैंड फिनाले के लिए 30 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिसमें से 20 प्रतिभागियों को अलग-अलग कैटेगरी और विशेष टैग से सम्मानित किया गया.

## मसौढ़ी में स्तनपान परामर्श केंद्र की खुलेगी यूनिट, स्तनपान पर जोर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्तनपान को बढ़ावा देने और माताओं को सही तकनीक सिखाने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में स्तनपान परामर्श केंद्र की यूनिट बहुत जल्द खुलने जा रहा है। जहां स्वास्थ्य संगठन माताओं को कई तरह की स्तनपान पोजीशन और तकनीकों के बारे में शिक्षित करेंगे ताकि मां और बच्चे दोनों के लिए प्रक्रिया आरामदायक और प्रभावी हो।इन स्तनपान तकनीकों या पोजीशन के छह तरीकें बताये गये है जिनमें क्रेडल होल्ड जिसमें बच्चे के सिर को कोहनी के मोड़ में सहारा दिया जाता है। क्रॉस-क्रेडल होल्ड जिसमेंबच्चे को विपरीत हाथ से पकड़ा जाता है, जिससे सिर को बेहतर नियंत्रण मिलता है। फुटबॉल होल्ड/क्लटच होल्ड जिहमें बच्चे को मां की बगल के नीचे रखा जाता है, जैसे फुटबॉल पकड़ी जाती है। यह सिजेरियन ऑपरेशन के बाद मददगार हो सकता है। साइड-लाइंग पोजीशन में माँ और बच्चा दोनों एक-दूसरे के सामने लेटे होते हैं। एवं लेट बैक/रिक्लाइनिंग पोजीशन में माँ थोड़ा पीछे की ओर झुकी हुई अवस्था में होती है और बच्चा उसके पेट के बल लेटा होता है। बहरहाल कुल छह तकनीक के जरिए मां अपने बच्चों को स्तनपान कराती हैं जिसको लेकर अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी में स्तनपान परामर्श केंद्र खोला गया है इसका विधवा तौर पर बहुत जल्द उद्घाटन होने वाला है।

## शराब के मामले के आरोपित को पांच साल की सजा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाने में दर्ज शराब के एक केस के आरोपित राजेश तुरी को कोर्ट ने पांच साल सजा सुनायी है. साथ ही एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है. राजेश धनबाद के के रहने वाला है। आरोपित अभियुक्त राजेश तुरी को 5 साल की कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये की अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर 6 माह की अतिरिक्त कारावास सुनाई गई है।

## हत्या का प्रयास मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**खेत में ट्रैक्टर चलाने पर हुआ था विवाद**

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर मठ गांव में हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपी सुरेंद्र प्रसाद पिता कामता प्रसाद को उसके घर से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल घटना के वादी संतोष कुमार पिता महेंद्र प्रसाद ने बताया कि यह घटना 7.11 .2025 को है जहां पर अपने खेत में ट्रैक्टर जोतने के लिए जा रहे थे इस दौरान बगल के परती खेत में ट्रैक्टर चला गया था। उसी दरमियान सुरेंद्र प्रसाद ने लाठी डंडे से मारपीट कर अधमरा कर दिया था। वही जब हमारी पत्नी बचाने आई तो उसे भी मारपीट कर जख्मी कर दिया था

# अटल जी की सामाजिक और राजनीतिक यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का सांसद ने किया उद्घाटन



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती अटल स्मृति दिवस पर गुरुवार को नव उद्घाटित अटल चौक पर अटल जी के जीवन, सामाजिक और राजनीतिक यात्रा पर आधारित अटल प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया। उक्त अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि अटल जी हम भारत वासियों के लिये प्रेरणा हैं। उनके आदर्शों जीवन संघर्षो से युवा पीढ़ी को अवगत कराना हमारा दायित्व है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से देखने वाले अटल जी के विराट व्यक्तित्व से परिचित होंगे और अनुसरण करेंगे। अटल प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर सौ किलो का केक काटा गया और उपस्थित लोगों के बीच वितरित किया गया। मौके पर मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, मछुआरा आयोग के अध्यक्ष ललन सहनी, जिलाध्यक्ष पवन राज, उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, विनोद कुशवाहा, सुधांशु रंजन, जिला महामंत्री द्वय योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं मार्तण्ड नारायण सिंह, अब्दुल कलाम, बबलू पासवान, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा नीता शर्मा, डॉ. हेना चंद्रा, जिला प्रवक्ता साजिद रजा, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, आईटी सेल प्रभारी ऋषभ झा, राजेश कुमार, उत्तम मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह, लड्डू सिंह बनिहारा उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने दी।

## दानापुर में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनी



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती पर गुरूवार को नगर के रूकनपुरा में मनाया. भाजपा बेली रोड मंडल अध्यक्ष चंदन कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में की गई. जयंती समारोह पर अटल बिहारी वाजपेयीके तैलचित्र पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन कर नमन किया. मंत्री श्री यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान विद्वान, प्रखर वक्ता, कुशल प्रशासक, राष्ट्रसेवक और सवंदेनशील लेखक थे. उन्होंनें वाजपेयी के जीवन को राष्ट्रसेवा , सुशासन और समर्पण का प्रतीत बताया, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है. मौके पर भाजपा नेता विजय भोटी, शंकर सिंह, सुबोध यादव, सतीश पासवान, विनय मेहता, रजनीश कुमार, भाई सनोज यादव , संजय यादव, अजीत यादव, सुजीत कुमार समेत ने अटल बिहारी वाजपेयी जी की जीवनी के बारे में बताया और कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा मिलती है और अटल जी का व्यक्तित्व बहुत ही व्यापक और सर्वग्राही था. अटल जी साधारण व्यक्ति नही बल्कि युगपुरूष थे. मौके पर भाजपा के कार्यकर्ताओं मौजूद थे.

# दो दिवसीय प्रखण्ड क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन








**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के मेरा युवा भारत,पटना के तहत 'स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र' के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय प्रखण्ड क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को बिहटा के अल्हनपुरा खेल मैदान में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बिहटा, मनेर,बिक्रम एवं नौबतपुर प्रखण्ड के कुल 150 खिलाड़ी शामिल होकर सभी खिलाड़ीयों ने अपनी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ व समापन बिहटा नगर पंचायत परिषद के मुख्यअध्यक्ष प्रियंका कुमारी, प्रखंड उप प्रमुख वरुण कुमार, राकेश कुमार मुखिया प्रतिनिधि, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शिवजन्म राम,अमित कुमार बीसीएम,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि निखिल कुमार,अविनाश कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, शुभम कुमार ,सुजीत सरकार ,गौरव शर्मा समेत अन्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, मोमेंटो, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।प्रियंका कुमारी ने कहा कि युवाओं में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया गया है।इस प्रतियोगिता में 15-29 वर्ष के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया है। वरुण कुमार ने कहा कि युवाओं को 'मेरा युवा भारत' मंच से जोड़ना और उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार का सराहनीय कदम है। इससे छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को उजागर किया जा रहा है। बीडीओ शिवजन्म राम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं युवाओं में फिटनेस, खेल भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए आयोजित की जा रही हैं। सफल युवा खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।बजरंग युवा क्लब के अध्यक्ष सह पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक बबलू कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में माई भारत पोर्टल पर खिलाड़ियों का पंजीकरण कराया गया, जिससे युवा खिलाड़ियों को सरकारी योजनाओं, कार्यक्रम और राष्ट्रीय मंच से जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,बिहटा के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं में मेडिकल कैंप खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए सुविधा प्रदान किया गया। जिसमें तरुण पाठक व परवेज बुलेरी उपस्थित थे। नगर परिषद बिहटा के द्वारा खिलाड़ियों के लिए पोर्टेबल टॉयलेट,पानी का टैंकर एवं साफ सफाई का व्यवस्था किया गया है।

## अगले 6 दिनों तक भयंकर ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साल 2025 के आखिरी सप्ताह की शुरूआत के साथ ही पूरे बिहार में ठंड ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है. राजधानी पटना समेत राज्य के लगभग सभी जिले कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की गिरफ्त में हैं. मौसम विभाग ने शीतलहर और घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और साफ कर दिया है कि 29 दिसंबर तक ठंड से किसी तरह की राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. नए साल का स्वागत बिहारवासियों को ठिठुरते हुए ही करना पड़ेगा. गुरुवार को पटना और आसपास के इलाकों में कुछ देर के लिए हल्की धूप जरूर निकली, लेकिन तेज बर्फीली पछुआ हवाओं के आगे धूप बेअसर साबित हुई. दिनभर सर्द हवाओं के झोंकों ने लोगों को घरों से निकलने पर मजबूर नहीं होने दिया.

**Affidavit**

I, Rajesh Kumar Singh, s/o.Mundrika Singh, vill- Dayal Chak, K.p. Rampur district-Saran Bihar 841211 do solemnly affirm and declare as Affidavit No. 39, Date: 22.12.2025 That my name is mentioned in my Aadhar card and pan card as Rajesh Kumar Singh Correct. But my daughter's Akansha Singh 10th matriculation C.B.S.E Certificate my name has been wrongly mentioned as Rajesh Singh. That from now I will be know as RAJESH KUMAR Singh for All future purpose.

## संक्षिप्त समाचार

### लड़की का अपहरण मां ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक लड़की का अपहरण कर लिया गया है। मामले में लड़की की मां ने शिकारपुर थाना प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़िता ने धुमनगर गांव निवासी, सूरज कुमार, राहुल कुमार, समेत आधा दर्जन से अधिक लोगो को आरोपित किया है। आरोप है की उसकी लड़की घर पर अकेली थी। आरोपितों ने उसकी लड़की का अपहरण कर लिया है। खोज बिन के बाद जानकारी मिलने पर पुछताछ करने गए तो सभी लोग गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिए। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया की मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस सभी विन्दुओ पर जांच कर रही है। लड़की को बहुत जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

### ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71 वीं बटालियन एफ कंपनी झरौखर एसएसबी और पुलिस की संयुक्त अभियान चलाया गया जिसे सीमावर्ती गाँव महुआई के भेलवा बाजार के निकट से पीलर संख्या 357/03 से लगभग 14 किलोमीटर की दुरी पर तेरह ग्राम पेपर के ब्राउन शुगर के साथ एक प्लेटीना बाइक और एक ओप्पो मोबाईल फोन के साथ उक्त तस्कर को दबोच लिया गया. उक्त तस्कर की पहचान घोडासहन थाना क्षेत्र के महुआई गाँव निवासी शिवशंकर राउत पिता महेन्दर राउत के रूप मे किया गया हैं. जिसे गिरफ्तार कर घोड़ासहन थाना सुपुर्द कर दिया गया हैं. जानकारी एसएसबी के अधिकारियो ने दी.इस करवाई से टस्करो मे हरकम्प मचा हुआ हैं।



### शारदा कला केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने डांस कर सुर्खियां खुब बटोरीं

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल स्थित हजारीमल हाईस्कूल के प्रांगण में शारदा कलां केन्द्र एवं राईज के द्वारा आकर्षक काउंटर लगाकर 2025 फन फेयर का आयोजन बुधवार को किया गया, उदधाटन में पहुंचे रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, अतिथि रक्सौल एसडीएम मनीष कुमारी उपस्थित रहें, रक्सौल पंचायती सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट के सचिव कैलाश चन्द काबरा, एनजीओ के अजय कुमार एवं शिखा रंजन ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया, आरंभ गणपति बप्पा के बंदना से शुरू हुई,इस अवसर पर पहुंचे भाजपा के कार्यकर्ता शारदा कलां केन्द्र के उपयुक्त पदाधिकारी गण , एनजीओ राइज के सदस्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे, ग्रो जीनियस प्ले स्कूल के छोटे छोटे बच्चों की अदाकारी दे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए,नप कार्यपालक पदाधिकारी मनीष आनंद, उपसभापति पुष्पा देवी,आरडीडी ब्रजेश ओझा, मौजूद थे, दर्शक दीर्घा हेतु परिसर में खाने पीने की सभी व्यंजन उपलब्ध थे, स्वास्थ्य कैम्प, हर्बल चिकित्सा पद्धति को लोगों के बीच रखा गया, प्रतिभा सम्पन्न बच्चों को सम्मानित किया गया,साथ ही आते हुए मुख्य अतिथियों को पौध पुष्प अर्पित कर सम्मानित किया गया।




### मनमानी फीस को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनमाना कॉलेज फीस को लेकर जिला मुख्यालय स्थित एसएनएस कॉलेज के छात्रों ने बुधवार को कार्यालय गेट के समक्ष आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन किया।एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष कुमार के नेतृत्व में छात्रों ने जमकर नारेबाजी की।छात्रों के अनुसार कॉलेज प्रशासन किसी ना किसी बहाने राजभवन द्वारा निर्धारित फीस से ज्यादा लिया जाता है।बाद में छात्रों ने प्रिंसिपल से मिलकर अपनी बातें रखी।प्रिंसिपल ने छात्रों की समस्याओं को सुना और तत्काल उसका निदान किया। 2025-29 परीक्षा फीस में 500 रुपए की कमी की गई।साथ ही साथ आगे राजभवन के फीस के हिसाब से फीस लेने का फैसला कॉलेज प्रशासन के द्वारा लिया गया । मौके पर मो. इकराम ,प्रियांशु राज,अमन सिन्हा ,युवराज,मयंक कुमार,अबू इमाम, अंकुश गुप्ता ,मोहित, सुजीत,मोनू, संभवी सिंह, जयशिखा,गरिमा सहित बड़ी संख्या छात्र,छात्रा मौजूद थे ।



### कागज का बंडल थमाकर महिला से 45 हजार की ठगी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मझौलिया थाना क्षेत्र में टेंपो से यात्रा कर रही एक महिला से ठग ने चालाकी से 45 हजार रुपये ठग लिए। पीड़िता सुगंधी देवी (पत्नी रंजीत पटेल, निवासी चनायनबांध वार्ड 12) ने पुलिस को बताया कि 19 दिसंबर को वह पारस पकड़ी स्थित एसबीआई से रुपये निकालकर मायके गई थी और लौटते समय टेंपो में एक व्यक्ति ने बातचीत में उलझाकर रुपये का बंडल बदल दिया। ठग ने कागज के बंडल में 500 रुपये का एक नोट रखकर रुमाल में बांध दिया। अकड़ाहा पुल के पास उतरने के बाद ठगी का पता चला। पीड़िता की शिकायत पर मझौलिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

### प्रखंड कार्यालय परिसर से होगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क के तहत चयनित एजेंसी के कर्मियों द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में टावर का अधिष्ठापन कार्य किया जा रहा है। इससे हाई स्पीड नेटवर्क समेत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा में मिल सकेगी। इसको लेकर कार्य अंतिम चरण में है। वही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व कंट्रोल रूम को लेकर सभी आवश्यक मशीनों को लगाने की प्रक्रिया चल रही है।आधुनिक मशीनों के इस्तेमाल से बाहरी शोर पर नियंत्रण भी मिलेगा और विभागीय समीक्षा समेत आवश्यक ऑनलाइन बैठक आदि प्रखंड परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम से ही संचालित होंगे। बता दे कि पूर्व में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अधिकारियों को अनुमंडल कार्यालय जाना पड़ता था। दूसरी तरफ सुविधा बहाल होने के बाद सुरक्षित मल्टीप्वाइंट हाई-परफॉर्मेंस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा उपलब्ध होगी। उच्च क्षमता होने से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में काफी बेहतर तरीके से सभी आवश्यक सुविधा मील सकेगी। चयनित एजेंसी के कर्मी आलोक कुमार ने बताया कि मशीनों को लगाने की प्रक्रिया दो से तीन दिन में पूरी कर ली जाएगी। इधर बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रखंड में नया वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनेगा इसको लेकर सभी आवश्यक मशीनों को लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रखंड परिसर में आपूर्ति कार्यालय के बगल में वीसी रूम बनाया जा रहा है। वही चयनित एजेंसी बेल्ट्रॉन द्वारा टावर समेत सभी आवश्यक उपकरणों को लगाया जा रहा है।

### मोतीहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम मना 'नव वर्ष की उमंग गांव के बच्चों के संग'

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बंजरिया प्रखंड के सिसवा पूर्वी पंचायत में मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष अंगद सिंह तथा सभी सदस्यों का स्वागत करके किया गया तत्पश्चात अध्यक्ष अंगद सिंह के द्वारा उपस्थित सदस्यों का परिचय दिया गया, कार्यक्रम के आयोजन के संदर्भ में जानकारी पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल ने दिया ' उल्लेखनीय है कि लगभग स्कूल के 150 बच्चों के बीच एक बैग जिसके अंदर हुडी , मोजा, दो कॉपी, पेंसिल, रबर कटर केक, बिस्कुट, ब्रश, जीभिया,पेस्ट फ्रूट्स सहित 20 समान था. बच्चों के बीच संयोजक मनीष कुमार ने शिक्षा और सफाई के महत्व के बारे मे बताया उक्त कार्यक्रम के प्रभारी कार्यकारिणी सदस्य चंदू मिश्रा तथा संचालन अरविंद श्रॉफ ने किया उक्त कार्यक्रम में मोतिहारी चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ सदस्य सुरेश चंद्र उप सचिव अनिल बोहरा डॉ कमलेश कुमार, विनय देवकुलियार, ई अजय आजाद विशाल कुमार, राहुल शर्मा अनिल अग्रवाल, मनीष राज सहित मुखिया तानिया परवीन, प्रखंड प्रमुख चमन जी बहुत से सदस्यों ने भाग लिया । इस कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों को अध्यक्ष अंगद सिंह ने दिल से धन्यवाद एवं शुक्रिया अदा किया।धन्यवाद ज्ञापन महासचिव आलोक कुमार ने दिया कार्यक्रम समाप्ति राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ उक्त जानकारी सचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।



# सांसद की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## सांसद द्वारा राह - वीर योजना के प्रचार- प्रसार हेतु सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहुत की गयी। उक्त बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा किया गया - जिले में सड़क सुरक्षा क्रिया कलाप की समीक्षा। सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा। सड़क दुर्घटना के कारणों को की समीक्षा। प्रोटोकॉल के अनुसार ब्लैक स्पॉटों की पहचान तथा सुधार से संबंधित कार्य की समीक्षा। सड़क सुरक्षा मानकों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना। दुर्घटना/घातकता में कमी लाने के लिए विशिष्ट लक्ष्यों के साथ जिले के सड़क सुरक्षा कार्य योजना तैयार करना तथा उसका क्रियान्वयन की समीक्षा। शिक्षा, प्रवर्तन, अपातकालीन देखभाल और इंजीनियरिंग के क्रियान्वयन की समीक्षा। गति सीमा और यातायात को सुचारू बनाने के उपायो की समीक्षा। जिले में नेक व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए कार्य नीतियां। जिले में सड़क सुरक्षा अभियान को बढ़ावा देने से संबंधित आवश्यक विचार-विमर्श। उपरोक्त अवसर पर प्रमोद कुमार, सविस / श्याम बाबु प्रसाद, सविस/ सचिन्द्र प्रसाद सिंह, सविस/ कृष्णनंदन पासवान, सविस/ श्रीमती प्रिती कुमारी, महापौर, नगर निगम, मोतिहारी / लालबाबू प्रसाद, उप महापौर, नगर निगम मोतिहारी / उप विकास आयुक्त/अनुमंडल पदाधिकारी, सदर/अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज / जिला परिवहन पदाधिकारी / परियोजना निदेशक, मोतिहारी एवं दरभंगा / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मोतिहारी एवं ढाका / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल/पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) / अपर जिला परिवहन पदाधिकारी / सभी मोटरयान निरीक्षक / सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक आदि उपस्थित रहें। उक्त अवसर पर सांसद के द्वारा राह - वीर योजना का प्रचार - प्रसार हेतु सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। साथ बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण भी किया गया।





## अटल जयंती पर रामनगर में कार्यकर्ता सम्मान समारोह

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर के नरैनापुर स्थित बालाजी विवाह भवन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, बगहा विधायक राम सिंह, विधायक नंद किशोर राम, भाजपा जिला अध्यक्ष अचिंत्य कुमार और अजया शर्मा राय मौजूद रहे।समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने अटल बिहारी वाजपेयी को विचार, संस्कार और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताया। बगहा विधायक राम सिंह ने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी पूंजी हैं। विधायक नंद किशोर राम ने अटल जी के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताते हुए रामनगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं को ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूर्य प्रसाद सिंह ने कहा कि यह आयोजन कार्यकर्ताओं के सम्मान और उत्साहवर्धन के लिए किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अचिंत्य कुमार ने की, जबकि संचालन विरेन्द्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सतीश वर्मा, नागेंद्र सहनी, ओम निधि वत्स, नीरंजन पंजीयार, शंभु गिरी, आनंद सिंह, सुनील सोनी, पंकज झुनझुनवाला, रश्मि रंजन गुप्ता, मुकेश कुमार, परितोष राय, सारिका देवी, ऋतु जायसवाल, जनक साह, विनय श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रक्सौल में एसपी की जनसुनवाई में उजागर हुआ 'फर्जी जमीन' घोटाला

### अस्तित्वहीन जमीन की हो गई रजिस्ट्री, दलाल-विक्रेता पर एफआईआर का आदेश

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल थाना परिसर में आयोजित पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई के दौरान जमीन घोटाले का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के समक्ष प्रस्तुत इस शिकायत में खुलासा हुआ कि शहर के शंभू नगर इलाके में दलालों की मिलीभगत से ऐसी जमीन की बिक्री करा दी गई, जिसका वास्तव में कोई अस्तित्व ही नहीं है। शिकायत के अनुसार संजय पटेल द्वारा कृष्णा प्रसाद की जमीन बताकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा दी गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जिस जमीन की रजिस्ट्री कराई गई, वह कागजों में ही मौजूद है, धरातल पर उसका कोई नामोनिशान नहीं है। हैरानी की बात यह रही कि उक्त फर्जी जमीन का दाखिलख़ारिज अंचलाधिकारी कार्यालय से भी हो चुका था, जिससे पूरे प्रशासनिक तंत्र पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने तत्काल सख्त रुख अपनाया। उन्होंने रक्सौल थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार को निर्देश दिया कि विक्रेता और इसमें शामिल सभी दलालों को नोटिस जारी कर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा पूरे प्रकरण की गहन जांच कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जनता दरबार में एसपी स्वर्ण प्रभात ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जमीन घोटाले, भू-माफिया और दलालों पर किसी भी सूरत में रहम नहीं किया जाएगा। कानून से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। एसपी के जनता दरबार में बड़ी संख्या में भूमि विवाद से जुड़े मामले सामने आए, जिससे यह साफ है कि बिहार में जमीन विवाद आज भी सबसे बड़ी समस्याओं में से एक बना हुआ है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार देश में होने वाली लगभग 65 प्रतिशत हत्याओं का कारण भूमि विवाद है। इसी को देखते हुए सुशासन की सरकार जमीन से जुड़े मामलों पर लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है।



## सिरिसिया बाजार में अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती मनी, आयुष्मान भारत कार्ड निःशुल्क शिविर आयोजित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती रिविलगंज क्षेत्र में स्थित सिरिसिया बाजार में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के सहयोग से आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं राशन कार्डधारी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान भारत कार्ड निःशुल्क बनाए गए। बड़ी संख्या में लाभार्थियों ने शिविर का लाभ उठाया। मंडल अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा पिछले पांच वर्षों से कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार जनसेवा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सारण जिला देश का पहला ऐसा जिला है, जहां सांसद के प्रयास से सेवा वाहन एवं स्टाफ को गांव-गांव भेजकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं और उसी स्थान पर कार्ड का वितरण भी किया जाता है। धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी के प्रथम अध्यक्ष थे। उनके नेतृत्व में पार्टी का व्यापक विस्तार हुआ और पहली बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी, जिसने सुशासन की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि अटल सरकार की अन्नपूर्णा योजना, अटल चतुर्भुज परियोजना के माध्यम से देश को जोड़ने का कार्य और पोखरण परमाणु परीक्षण आज भी उनके दूरदर्शी नेतृत्व के साक्ष्य हैं, जिसने विश्व मंच पर भारत की ताकत को स्थापित किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गुड्डू साह ने कहा कि सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता की जाती रही है। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष गामा सिंह एवं शंभूनाथ पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी कार्यकताओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे और उन्हें हमेशा स्मरण किया जाएगा। कार्यक्रम में संजय तिवारी वारसी, मंडल महामंत्री प्रियकांत कुशवाहा, उपाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, राकेश सिंह, संजीव कुमार, गुड्डू तिवारी, दिलीप सिंह, सुधीर कुमार, डॉ. उमेश मिश्रा, रमेन्द्र कुमार, सतेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सीकरीया शिक्षण संस्थान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा युवा नेता यमुना कुमार सीकरीया द्वारा अपने सीकरीया शिक्षण संस्थान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जदयू महासचिव दीपक पटेल, अनिल प्रसाद छात्र एवं शिक्षक उपस्थित थे। यमुना सीकरीया ने कहा अटल जी वह चेतना थे। जिन्होंने लोकतंत्र को शोर नहीं संवाद सिखाया। उन्होंने राजनीति को सत्ता नहीं, सेवा और संस्कार की यात्रा बताया। अटल जी के शब्दों में शालीनता विचारों में राष्ट्र और राजनीति में मयार्दा समाहित थे। जन सेवा और राष्ट्र सेवा को समर्पित उनका जीवन देशवासियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। साथ हीं भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया के द्वारा अपने सीकरीया कॉलेज परिसर में तुलसी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी जी की आरती सभी के द्वारा की गई, मौके पर अनिल प्रसाद सभी छात्र शिक्षक उपस्थित थे। इस अवसर पर यमुना सीकरीया ने तुलसी के महत्व को बताया और कहा तुलसी जीवनदायनी है, हजारों साल पहले ऋषियो ने एवं वर्तमान में वैज्ञानिकों ने भी इसके महत्व को महान बताया है। तुलसी का पौधा जहां होता है। वहां सकारात्मक ऊर्जा रहती है।



## जदयू समीक्षा सम्मेलन में एनडीए जीत का जश्न, संगठन मजबूती पर जोर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू के कार्यकर्ताओं का सम्मान सह सदस्यता अभियान की समीक्षा सम्मेलन का आयोजन बेतिया में किया गया। सम्मेलन को राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। पूर्व मंत्री शीला मंडल, सांसद सुनील कुमार और विधायक समृद्ध वर्मा ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि हालिया विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। मंत्री ने बताया कि सरकार ने 10 लाख नौकरियां दी हैं, जिनमें शिक्षा विभाग में लगभग पौने तीन लाख नियुक्तियां शामिल हैं। उन्होंने हर प्रखंड में मॉडल स्कूल खोलने की घोषणा करते हुए सदस्यता अभियान को और तेज करने का आह्वान किया।पूर्व मंत्री शीला मंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं और पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण में उनका योगदान ऐतिहासिक है। सांसद सुनील कुमार ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर बल दिया।विधायक समृद्ध वर्मा ने कहा कि एनडीए की जीत जनता की जीत है और युवा व महिलाओं का समर्थन पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

## अटल जयंती पर रेणु देवी ने किया गांवों का दौरा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं बेतिया विधायक रेणु देवी ने मझौलिया विधानसभा क्षेत्र के लाल सरैया, करमवा, राजाभार, रुलही सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के बुजुर्गों और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया तथा क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।रेणु देवी ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे। वे करोड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत और मार्गदर्शक हैं। उनके मानवतावादी और राष्ट्रवादी विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणादायी हैं।

## गिफ्ट कॉर्नर की आड़ में बेची जा रही थी शराब, धंधेबाज पिता-पुत्र गिरफ्तार

### पुलिस ने 38 लीटर विदेशी शराब की बोतल सहित कुल 62 लीटर शराब बरामद कर दुकान को किया सील

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के खड़तरी गांव में शराब बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गिफ्ट कॉर्नर में शराब बेच रहे कारोबारी पिता- पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद उक्त गिफ्ट कॉर्नर को पुलिस द्वारा सील कर दिया गया है। बताया जा रहा है गिफ्ट कॉर्नर एवं किराना दुकान की आड़ में शराब बेची जा रही थी। पुलिस द्वारा दुकान के आगे सील का नोटिस लगा दिया गया है। मामला थाना क्षेत्र के खड़तरी गांव स्थित अन्वी गिफ्ट कॉर्नर एवं विशाल किराना स्टोर का है। थानाध्यक्ष महेश कुमार के नेतृत्व एवं सब इंस्पेक्टर खगेश झा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की रात को गिफ्ट कॉर्नर में छापामारी की। छापेमारी के दौरान दुकान से 38.12 लीटर विदेशी शराब की बोतल व 24 लीटर देसी शराब सहित 62.120 लीटर शराब बरामद की गई है। उक्त गिफ्ट कॉर्नर के संचालक खड़तरी गांव निवासी 55 वर्षीय सुरेश भगत पिता स्वर्गीय लक्ष्मी भगत एवं उसके पुत्र रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार पिता व पुत्र एक आदतन अपराधी है। इसी वर्ष होली से एक दिन पूर्व भी शराब बेचने के आरोप में इन्हें गिरफ्तार किया जा चुका है। गिफ्ट कॉर्नर को बिहार मद्य निषेध व उत्पाद अधिनियम की धारा 62 के अन्तर्गत तत्काल सील कर दिया गया है।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में किया गया बाल संचलन

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने नगर में बाल स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकाला, जिसका नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यह संचालन आरएसएस कार्यालय ज्ञाबाबू चौक से मीना बाजार गांधी चौक होते हुए पुनः संघ कार्यालय पहुंचा। इस दौरान शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर लोगों ने बाल स्वयंसेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। संचालन के बाद सह प्रांत प्रचारक प्रवीर जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस हमें गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की अदम्य शौर्यगाथा का स्मरण कराता है। बाल अवस्था में भी जिन्होंने धर्म, राष्ट्र और सत्य के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान सिखाता है कि उम्र नहीं, संस्कार ही राष्ट्रनिमार्ता होते हैं। आइए, हम सब संकल्प लें कि ऐसे ही संस्कारित, साहसी और राष्ट्रभक्त नागरिक बनें। वही विशिष्ट अतिथि गुरु ग्रंथी सुखविंदर सिंह ने कहा कि वीर बाल दिवस साहिबजादों के उस अद्भुत साहस का प्रतीक है, जहाँ मासूम देह में भी अडिग धर्म और प्रचंड राष्ट्रभाव था।उन्होंने सिखाया कि सत्य के मार्ग पर अडिग रहना ही जीवन है। आज उनका बलिदान हमें राष्ट्रसेवा का संकल्प देता है। गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों ने इतिहास नहीं, आदर्श रचे। बाल वय में भी उन्होंने अत्याचार के आगे शीश नहीं झुकाया। उनका जीवन बताता है-धर्म रक्षा ही सच्चा पराक्रम है। वीर बाल दिवस हमें उसी तेजस्वी मार्ग पर चलने का संदेश देता है। मौके पर जिला संघचालक सुशील कुमार पाण्डेय,नगर संघचालक उदय नारायण सिंह,जिला प्रचारक शिवम सोनू,सह जिला कार्यवाह मनोज क्याल,नगर कार्यवाह संजीव कुमार सिंह,श्याम सुन्दर राम,जितेन्द्र त्रिपाठी, अभिषेक कुमार,वेद प्रकाश पाण्डेय,सतीश टंडन, विजय कुमार,अनिल कुमार,उत्पल कुमार,मिथिलेश पाण्डेय,भरत कुमार,विजय कुमार,अबोध कुमार,राम नरेश तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।




## तुलसी में आरोग्य का खजाना है: रेणु देवी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरोही कला संस्कृति वेलफेयर ट्रस्ट और मिथिला नवचेतन समिति के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर स्थानीय जनता सिनेमा चौक पर तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार की पूर्व उपमुख्यमंत्री व विधायक रेणु देवी ने कहा कि तुलसी केवल एक पौधा नहीं, बल्कि चमत्कारी औषधीय गुणों से भरपूर है। भारतीय संस्कृति में आदिकाल से तुलसी पूजनीय रही है और यह हमारी पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है।संस्कार भारती के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. दिवाकर राय ने तुलसी के औषधीय गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले तत्व होते हैं, जो कई बीमारियों से सुरक्षा देते हैं। संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और नेतृत्व पर चर्चा की।आरोही कला संस्कृति वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव प्रभात कुमार झा ने बताया कि 25 दिसंबर तुलसी माता को समर्पित है और इसी दिन महामना मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती भी मनाई जाती है। कार्यक्रम में संस्कार भारती के कोषाध्यक्ष उत्तम मोटानी, विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री नीरज कुमार, जिला मंत्री रमन गुप्ता, मिथिला नवचेतन समिति के कुंदन शांडिल्य, शक्तिनाथ झा, सुरेंद्र राम, कामेश्वर कुमार, अंशुमन कुमार व विशाल मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कुष्ठ से प्रभावित लोगों के बच्चों को की गई स्टेशनरी

**औरंगाबाद**। सदर अस्पताल स्थित रेडक्रॉस सभागार में एनएलआर इंडिया फाऊंडेशन के सहयोग से कुष्ठ से प्रभावित लोगों के बच्चें और दिव्यांग विद्यार्थियों को स्टेशनरी समान वितरण किया गया। इस क्रम में बच्चों को कॉपी, पेंसिल, जमर्टी बॉक्स, इरेसर, शार्पनर, कलर पेंसिल, वैक्स कलर, स्केल, स्कूल बैग, वाटर बॉटल, ड्राइंग बुक सहित वितरित किया गया। इस शिक्षा से संबंधित समान को ओरेकल वालंटियर्स के द्वारा एनएलआर इंडिया फाऊंडेशन को उपलब्ध कराया गया था। आज के इस वितरण समारोह में कुल 30 जरूरतमंद बच्चों को लाभ मिला। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. चंद्रमणि, अक्षय कुमार प्रजापति, वीवीएएम अध्यक्ष सुखराम और डीआइडी काओर्डिनेटर प्रखंड सदर रणजीत कुमार, मदनपुर प्रखंड नंदलाल रजक, देव प्रखंड विनोद सिह, कुटुंबा के अरविंद्र कुमार सभी ने सहयोग प्रदान किया और हम सब ओरेकल वालंटियर्स को धन्यवाद दिया।

### युवक ने भाभी के साथ की मारपीट, प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शहर के अब्दुलपुर में देवर ने अपने गर्भवती भाभी के साथ मारपीट की है। इस मामले में धर्मेंद्र कुमार की पत्नी जुली कुमारी ने रफीगंज थाना में अपने देवर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाते हुए उल्लेख किया है कि 23 दिसंबर के दोपहर 12:00 बजे अब्दुलपुर स्थित मकान में मेरा देवर धीरेंद्र कुमार आया और गली गलौज करते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगा। मामले में प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### भूमि विवाद में मारपीट, दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज(औरंगाबाद)**। शहर के धुनिया मोहल्ला में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में प्रथम पक्ष से शहनाज खातून, दुसरे पक्ष से खुशनसीबा प्रवीण घायल हो गयी। इस मामले में प्रथम पक्ष से घायल शहनाज खातून ने मोहम्मद कलाम,मोहम्मद मुख्तार सहित पांच लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि 24 दिसंबर की दोपहर 1:30 में उक्त लोग आए और एकमत होकर लाठी डंडा एवं लोहे के रड़ से मारपीट किया। दूसरी पक्ष से खुशनसीबा ने शहनाज खातून एवं मोहम्मद अशफाक एवं नौशाद को नामजाद आरोपी बनाते हुए उल्लेख किया है कि उक्त लोक मेरे घर पर आए और गाली गलौज करते हुए मेरी सास को धक्का देकर मारपीट करने लगे। मामले में प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि जमीन विवाद में मारपीट की घटना हुई है। दोनों पक्ष से प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### याद किये गये अटल बिहारी वाजपेयी

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बिनोद शर्मा के अध्यक्षता में पचरुखिया बाजार में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती मनाई गई। और उनकी जीवनी पर विस्तार से सभी कार्यकर्ता अपने विचार को रखा। जिसमें उपस्थित मण्डल उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, सुनिल सिंह, आचार्य लाल मोहन शास्त्री, युवा मोर्चा अध्यक्ष लव कुमार सिंह, अति पिछड़ा अध्यक्ष भीखम मिस्त्री, भागवत याद, सन्तोष शर्मा, मुकेश शर्मा, सतेंद्र शर्मा, रणधीर सिंह, बबलू शर्मा, द्वारिका पासवान, नीरज शर्मा, सियाराम शर्मा, शिव केवल राम, सुजीत कुमार इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**औरंगाबाद**। चोरी की बाइक के साथ एक युवक को दाउदनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के भगवान बिगहा निवासी 22 वर्षीय निर्दोष कुमार के रूप में की गई है। दरअसल, गुरुवार को थाना क्षेत्र के सिपाहा लक पर वाहन जांच की जा रही थी। पुलिस को देख युवक बाइक विपरीत दिशा की ओर घुमा कर अचानक भागने लगा जिसे पुलिस ने पीछा कर धर दबोचा। बाइक से संबधित दस्तावेज़ की मांग की गई। लेकिन युवक बाइक से संबधित दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने बाइक को जब्त करते हुए युवक को हिरासत ले लिया और थाना लाया गया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ़्तार किया गया है। जांच पड़ताल से पता चला कि जब्त बाइक से संबधित एक मामला जहानाबाद जिले के नगर थाना में दर्ज है। मामले की सूचना संबधित थाना को दे दी गई है। इधर, आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया गया।

### कोल्हुआ ने टिकवा स्थान को 25 रनों से हाराया

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर के बेरी खेल मैदान में खेले जा रहे गांधी युवा क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा लीग मैच कोल्हुआ और टिकवास्थान के बीच खेला गया। तीसरा लीग मैच का टॉस मध्य विद्यालय कोल्हुआ के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र पासवान के द्वारा किया गया जिसमें टिकवास्थान के कैप्टन निरंजन कुमार ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। कोल्हुआ ने बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाया जिसके जवाब में टिकवास्थान की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 120 रन ही बना सकी और 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। मैन ऑफ द मैच कपील कुमार को दिया गया। कपिल ने 3 विकेट लिया। इस अवसर आयोजक उदय शिकारी ने बताया कि युवाओं में खेल के प्रति भावना बढे , ताकि ग्रामीण इलाकों के युवा क्रिकेट के क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। इस उद्देश्य से खेल का आयोजन किया गया है।

### जलजा मार्केट में मिल सकती है जाम से मुक्ति

**औरंगाबाद**। जिले के हसपुरा प्रखंड स्थित पटेल चौक एस जलजा मार्केट में अब सब्जी को दुकानें नहीं सजी हुई दिखती है। बता दें कि कभी यहां सब्जी की बिक्री होती थी। अब बाजार की जगह सड़क पर सब्जी की बिक्री होती है। जलजा मार्केट के अस्तित्व खतरा है। देखभाल नहीं होने के कारण गिरने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1976 के आसपास मार्केट का निर्माण हुआ था जब हसपुरा में प्रशिक्षु आइएएस एएनपी सिन्हा आए थे। उन्हीं की पहल व ग्रामीणों के सहयोग से मार्केट की स्थापना की गई थी। उन्होंने महसूस किया कि हसपुरा में सब्जी मार्के ट की जरूरत है। बस वे इस कार्य में हाथ बढ़ाना शुरू किए। पहल करने के लिए उनकी पत्नी के नाम पर एस जलजा मार्केट का नामकरण किया गया। जब मार्केट बना तो लोगों में एक अलग खुशी हुई थी। 15 वर्षो तक मार्केट में सब्जी की दुकाने लगने लगी। धीरे-धीरे मार्केट देखभाल के अभाव में जर्जर हो गया। अब स्थिति यह है कि जलजा मार्केट के पास से सब्जी की दुकानें हटा दी जाए तो हसपुरा के ग्रामीणों को जाम से छुटकारा मिल सकता है। ग्रामीण अशोक कुमार, सिकंदर कुमार सहित बताते हैं कि सब्जी बिक्री के लिए मार्केट का निर्माण हुआ था। सब्जी विक्रेताओं में एक भ्रम है कि मार्केट में जाना पड़ेगा। दूसरा लाभ होगा कि सड़क से अतिक्रमण हट जाएगा जिससे जाम की समस्या से काफी हद तक मुक्ति मिल सकेगी।

# केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने गरीबों के बीच कंबल व अन्न का किया वितरण






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. एस.के.सुनील के पिता स्वर्गीय सियाराम शर्मा के निधन पर उनके पैतृक ग्राम बसंतपुर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए।

इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि एवं शोक सभा में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के अलावा अतरी विधायक रोमित कुमार भी शामिल हुए। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। कार्यक्रम के दौरान जीतन राम मांझी ने अपने हाथों से सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल एवं अन्न का वितरण किया। वहीं अतरी विधायक रोमित कुमार भी पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आयोजक परिवार की ओर से सभी अतिथियों के प्रति सादर आभार व्यक्त किया गया।इस मौके पर समाजसेवी व शिक्षाविद डॉ एस. के. सुनील की ओर से करीब 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं महिला नेतृत्व के माध्यम से कार्यक्रम में आई महिलाओं के बीच चूड़ा, गुड़ सहित खाद्य सामग्री वितरित की गई तथा 200 महिलाओं को भोजन कराकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## देवकली डैम से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, पहचान में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। कासमा थाना क्षेत्र के देवकली डैम से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकलवाया।

कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि देवकली डैम के पानी में एक शव तैर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल के साथ तत्काल स्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की गई। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट या जख्म के निशान नहीं पाए गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, जिससे मामले की गुत्थी और गहरी हो गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी साझा की जा रही है, ताकि मृतक के परिजनों तक जल्द से जल्द खबर पहुंच सके। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और पहचान होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन से कटकर किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास मानव रहित रेलवे गुमटी पार करने के दौरान 17 वर्षीय एक किशोर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतक की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है, जो टेहटा थाना क्षेत्र के सुप्पी गांव का निवासी था। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल जहानाबाद डीएम आवास के पास किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह बाजार से समोसा और अन्य सामान खरीदकर अपने कमरे की ओर लौट रहा था। इसी दौरान मानव रहित गुमटी पार करते समय उसने दाएं–बाएं ट्रेन की ओर ध्यान नहीं दिया। तभी पाटलिपुत्र पैसेंजर ट्रेन वहां से गुजर गई और वह उसकी चपेट में आ गया। ट्रेन गुजरने के बाद राहुल का क्षत-विक्षत शव रेलवे लाइन पर पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय राहुल के कान में ईयरफोन लगा हुआ था और वह मफलर से ढका हुआ था, जिस कारण वह ट्रेन के हॉर्न की आवाज नहीं सुन सका। मैट्रिक का परिणाम आने के बाद वह इंटर की पढ़ाई के लिए पिछले कुछ दिनों से जहानाबाद में रह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही जहानाबाद जीआरपी मौके पर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी गई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस हादसे से मृतक के गांव सुपी में शोक की लहर है। होनहार छात्र की असामयिक मौत से परिजन सहित पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## नाली सफाई के दौरान शराब की सैकड़ों खाली बोतलें बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार सरकार द्वारा राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गुरुवार को जहानाबाद जिले के राजा बाजार इलाके में नाली की सफाई के दौरान सैकड़ों शराब की खाली बोतलें बरामद होने से शराबबंदी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।नगर परिषद की ओर से कराई जा रही नाली सफाई के दौरान सफाईकर्मियों को महज 10 मिनट के भीतर 100 से अधिक शराब की खाली बोतलें नाली से मिलीं। सफाईकर्मियों के अनुसार नाली की सफाई अभी काफी दूर तक होनी बाकी है और आगे और भी बड़ी संख्या में बोतलें निकलने की आशंका है। नाम न छापने की शर्त पर सफाईकर्मियों ने कहा कि "बिहार में



शराबबंदी सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आती है, जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।" इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन और मद्य निषेध विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है। सवाल यह उठता है कि जब बिहार की सीमाओं पर सख्त चेकिंग, हर जिले में मद्य निषेध थाना और जगह-जगह पुलिस जांच की व्यवस्था मौजूद है, तो इतनी बड़ी मात्रा में शराब आखिर आ कहां से रही है?स्थानीय लोगों का आरोप है कि चेकिंग के नाम पर अक्सर छोटे वाहनों को ही रोका जाता है, जबकि बड़े वाहनों की जांच केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है। इसी का फायदा उठाकर शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब बिहार में खपा रहे हैं। गौरतलब है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी अंबेडकर चौक स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के पास नाली सफाई के दौरान बड़ी संख्या में शराब की बोतलें बरामद हो चुकी हैं। बार-बार सामने आ रही ऐसी घटनाएं इस बात की ओर इशारा करती हैं कि जहानाबाद में शराब की उपलब्धता अब कोई छिपी हुई बात नहीं रह गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि बिहार में शराबबंदी पूरी तरह लागू है, तो नालियों से इस तरह शराब की बोतलों का मिलना किस ओर इशारा करता है? क्या शराब तस्करी किसी की मिलीभगत से चल रही है? और यदि सब कुछ नियंत्रण में है, तो मद्य निषेध थाना और सख्त चेकिंग व्यवस्था का औचित्य क्या रह जाता है? फिलहाल इस पूरे मामले पर प्रशासन या मद्य निषेध विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना यह होगा कि इस खुलासे के बाद प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई करता है या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में ही दबकर रह जाता है।

## असहायों के बीच कम्बल वितरित

**नवबिहार टाइमस संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड के फतेगंज गांव में कड़ाके की ठंड को देखते हुए दिल्ली से संचालित संस्था कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच के तत्वाधान में कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह,पूर्व प्रमुख नागेश्वर यादव, संजय मंडल, पूर्व उपप्रमुख किरण यादवेन्दु, डॉ अंजली कुशवाहा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मंच के संयोजक अनिल कुमार के देखरेख में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत कुमार ने की। संचालन संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम में मंटू कुशवाहा, डॉ जे के शर्मा, डॉ विजय कुमार, कामाख्या नारायण सिंह, योगेंद्र वर्मा, महा लक्ष्मी वस्त्रालय के नन्दू , रविकांत कुशवाहा, विजय सैनी, दिनेश कुशवाहा, संजय कुमार, कौशल्या सिंह, अंजित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 250 असहाय लोगो के बीच कम्बल का वितरण किया। विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने




उपस्थित लोगों के बीच कहा कि इस कड़ाके की ठंढ में असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किया जाना बहुत ही सराहनीय कदम है। जितने गरीब असहाय लोग कम्बल ओढ़ेंगे उतनी दुआएं लोग देंगे। उन्होंने कहा कि हर सुख दुख में आपके साथ शामिल रहेंगे। वही पूर्व विधायक रविन्द्र सिंह ने कहा कि इस संस्था को हमलोग प्रत्येक वर्ष ऐसे शुभ कार्य के लिए सभी तरह से पूरा सहयोग देंगे। कम्बल वितरण में फतेगंज, बहादुर बिगहा, टाल, कंचननगर, सिहाड़ी, बन्धु बिगहा सहित दर्जनों गांवों के असहाय, गरीब लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव कुमार, ऋषि कुमार, प्रिंस कुमार, नीतीश कुमार,बजरंगी कुमार, जितेंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों का योगदान सराहनीय रहा। ललिता कुंवर, शिव प्रसाद, नरेश राम, कमलेश चौधरी, राजमंगल ,द्वारिका महतो, वैजंती देवी, मुनि कुमारी, अर्जुन पासवान सहित सैकड़ों गरीब, असहाय, निर्धन लोगो ने कम्बल पाकर खुशी जाहिर की। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने साथ मिलकर इस संस्था को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### समाजसेवी की 12वीं पुण्यतिथि पर हुआ समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखण्ड के उचित बिगहा गांव में बुधवार को समाजसेवी चंद्रिकाकांत सिन्हा की 12 वीं पुण्यतिथि प्रतिमा पर मालार्पण कर समारोह पूर्वक मनायी गई। माल्यार्पण के बाद दो मिनट तक मौन रहकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत सीपीआई नेता राम एकबाल सिंह की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजित की गई। कार्यक्रम में शामिल आगुंतुकों को राजद नेता रामाश्रय प्रसाद सिंह ने स्वागत किया। कहा वे कुशल व्यवहार के धनी व्यक्ति थे। हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ चढ कर हाथ बटाते रहते थे। यही कारण है कि लोगों में उनकी पकड़ थी। वे समाज मे चर्चित व्यक्ति थे। उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि साबित होगी। पूर्व मुखिया रंजिव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, सिपिआई नेता राम एकबाल सिंह पूर्व सैनिक चन्द्रदेव यादव,पूर्व पैक्स अध्यक्ष रामनन्दन सिंह, अशोक सिंह,पूर्व प्रमुख विजय यादव, ऋषि खत्री, डॉ अरविंद कुमार साधु, रामबिलास यादव,डॉ केशव कुमार ने कहा कि वे सच्चे दिल के थे। सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, संतोष कुमार, बैजू प्रसाद,रवींद्र अकेला सहित दर्जनों लोगो ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

## अभाविप ने मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और किया तुलसी पूजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रफीगंज इकाई के द्वारा नगर मंत्री राहुल गुप्ता के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गयी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई ने भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे, एक प्रखर वक्ता, कवि, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे, जिनका जन्म ग्वालियर में हुआ और शिक्षा के बाद वे जनसंघ से जुड़े जिन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने, कारगिल युद्ध के दौरान नेतृत्व करने और देश के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य करने में अहम भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें भारत रत्न सहित कई सम्मान मिले और उनका जन्मदिन 25 दिसंबर 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। नगर मंत्री राहुल गुप्ता ने बताया कि 25 दिसंबर को "तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है, का संबंध पौराणिक कथा के अनुसार वृंदा नामक परम पतिव्रता स्त्री से है। जालंधर से विवाह और भगवान विष्णु के छल




से सतीत्व भंग होने के बाद, वृंदा ने विष्णु जी को शिला बनने का श्राप दिया और स्वयं भस्म होकर तुलसी के दिव्य पौधे में परिवर्तित हो गई, जिसे भगवान ने शालिग्राम रूप में विवाह कर सदा अपने पास रहने का वरदान दिया। तुलसी का पौधा रोपण शिव मंदिर, डॉ विजय सिंह कॉलेज, और आरबीआर हाई स्कूल में पौधा लगाया गया, इस मौके पर उपस्थित नगर कोषाध्यक्ष रंजन कश्यप,नगर एसएफएस प्रमुख सुमित पाठक,नगर कार्यालय मंत्री रोहित कुमार, आदर्श कुमार,प्रिंस कुमार, राजू कुमार,और छात्रा सुस्मिता, अंशु, अमीषा, सोनम, नेहा, गायत्री, काजल और साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धा के साथ मनाई गई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। शहर के कासमा रोड एवं भदवा क्षेत्र में गुरुवार को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों को याद किया गया। कासमा रोड स्थित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने की, जबकि संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने किया। वहीं भदवा में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में अटल जी के प्रेरणादायक व्यक्तित्व, राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने और "हर घर स्वदेशी" के



संकल्प को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, विधानसभा संयोजक दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रदीप कुमार चौरसिया, नगर महामंत्री बाल गोविंद साहू, ग्रामीण महामंत्री शशि भूषण मिश्रा, डॉ. गोपाल प्रसाद, मनोज सिंह, शुभम सिंह, डॉ. आर. कुमार, बूथ अध्यक्ष विनेश सत्यवादी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भानु प्रसाद गुप्ता, पूर्व बूथ अध्यक्ष रमेश प्रसाद, अनिल कुमार गुप्ता, बच्चू प्रसाद सिंह, कमलेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मधुमक्खी पालन से बढ़ेगी किसानों की आय

### दो दिवसीय प्रशिक्षण 29 से शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। मधुमक्खी पालन से किसानों की आय बढ़ेगी। इस संबध में जानकारी देते हुए जिला उद्यान पदाधिकारी डॉ. श्रीकांत ने बताया कि एकीकृत बागवानी मिशन के तत्वावधान में 29 दिसंबर से संयुक्त कृषि भवन औरंगाबाद में मधुमक्खी पालन का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। कोई भी बेरोजगार युवक या इच्छुक व्यक्ति प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए जिला उद्यान कार्यालय से संपर्क कर लिखित आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए संबधित प्रखंड के बीएचओ के माध्यम से अपना नाम इंट्री कराना होगा। डीएचओ ने बताया कि शहद अत्यंत पौष्टिक आहार है। प्राचीन काल से औषधीय दवा एवं पूजा पाठ में शहद का प्रयोग किया जाता रहा है। किसानों की उन्नति के लिए शहद उत्पादन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण में एक सौ प्रशिक्षणार्थियों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ट्रेनिंग संपन्न होने के पश्चात 30 दिसंबर को उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा। बीएचओ रजनीश कुमार व आशुतोष कुमार ने बताया है कि मधुमक्खी पालन करने के लिए किसी उत्पादक को जमीन व ज्यादा पूंजी की जरूरत नहीं होती है। प्रशिक्षण के उपरांत मधुमक्खी पालन करने के लिए 75 प्रतिशत अनुदान पर बॉक्स दिया जाता है। इसी तरह से सर्टीफिकेट के आधार पर मशरूम उत्पादन करने के लिए सरकार के उद्यान विभाग द्वारा किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। सरकार मशरूम की के लिए नित्य नये-नये प्रयोग कर रही है। छोटे यूनिट में मशरूम उपजाने वाले उत्पादकों के लिए भी अनुदान का प्रावधान है। मशरूम सुपाच्य खाद्य पदार्थ के पौष्टिक आहार के रूप में विटामिन से भरपूर है। उद्यान विभाग से जुड़कर बागवानी और औषधीय फसलों की खेती कर अच्छी कमाई की जा सकती है। उन्होंने जिले के किसानों से इसका लाभ लेने की अपील की है।

## ट्रैक्टर व रोटावेटर चोरी मामले में थाने में आवेदन, जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड अंतर्गत जाखिम गांव में ट्रैक्टर और रोटावेटर चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक रंजीत शर्मा ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर वाहन की बरामदगी की गुहार लगाई है। पीड़ित रंजीत शर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर की शाम वह अपने खेत की जुताई कर स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर एवं रोटावेटर अपने घर के दरवाजे पर खड़ा कर दिए थे। 25 दिसंबर की सुबह जब उन्होंने बाहर निकलकर देखा तो ट्रैक्टर और रोटावेटर दोनों गायब थे। काफी खोजबीन और गांव-घर में पूछताछ के बाद भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल सकी। चोरी हुए ट्रैक्टर का पंजीकरण नंबर BR 45 G 9031 बताया गया है। घटना को लेकर बुधवार को रफीगंज थाना में लिखित आवेदन दिया गया, जिसके आधार पर पुलिस से जांच और खोजबीन की मांग की गई है। इधर, जिला पार्षद आसिफ शाह ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से मामले की शीघ्र जांच और ट्रैक्टर बरामद करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चोरी की घटना में जो भी लोग संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर चोरी का मामला संज्ञान में आया है। पीड़ित द्वारा दिया गया आवेदन प्राप्त हो चुका है और आवेदन के आधार पर जांच व खोजबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से कार्रवाई कर रही है।

### असहायों और बुजुर्गों के बीच कम्बल वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर(जहानाबाद)**। जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के पूर्वी सरेन पंचायत में बढ़ते ठंड और सितलहरी के बीच पूर्वी सरेन पंचायत की मुखिया सीता रानी कुमारी के पति एवं सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम कुमार के द्वारा सैकड़ों गरीबों तथा असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। विक्रम कुमार ने बताया कि पिछले कई वर्षों से प्रत्येक ठंड में गरीबों के बीच कंबल का वितरण कर रहा हूं। इसी को लेकर इस वर्ष भी बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया है।

## अयोग्य लाभुकों का राशन कार्ड रद्द करने की बजाय राशन से वंचित करे सरकार : धर्मेंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। प्रखंड प्रमुख कुटुंबा सह नबीनगर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि हाल फिलहाल में सरकार के द्वारा राशन कार्ड के आयोग्य लाभुकों को चिन्हित कर राशन कार्ड को रद्द करने का निर्णय लेते हुए नोटिस जारी किया है। जिससे आम जनता को काफी परेशानी होगी। क्योंकि राशन कार्ड से सिर्फ जनता को राशन ही उपलब्ध नहीं होता है बल्कि यह कार्ड आइडी प्रमाण के तौर पर भी काम करता है। साथ ही राशन कार्ड में नाम होने पर ही आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड भी बनाया जाता है। साथ ही यह कार्ड पारिवारिक सूची को भी दर्शाता है। इसलिए सरकार से यह मांग है कि ऐसे लाभुक जो की अयोग्य साबित हो रहे हैं उन्हें राशन कार्ड रद्द करने के बजाय



दूसरे राज्य के तर्ज पर ऐसे राशन कार्ड को दूसरे श्रेणी का कार्ड घोषित कर दिया जाए और सिर्फ राशन से वंचित किया जाए न कि राशन कार्ड को ही रद्द कर दिया जाए। यह प्रक्रिया अपनाने से आम जनता को काफी सहूलियत होगी क्योंकि आज जिस गति के साथ बीमारी का प्रकोप लगातार बढ़ते जा रहा है और हर एक परिवार बीमारी में परेशान है। इसको देखते हुए पूर्व में सरकार के ही द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि मैं सभी भारतीयों को पांच लाख तक का मुफ्त हेल्थ कार्ड जारी करूंगा और सभी को उस कार्ड से फ्री में इलाज किया जाएगा लेकिन राशन कार्ड में नाम नहीं होने पर इस योजना का भी लाभ नहीं लिया जा सकता है। साथ ही बहुत से लाभुक आवास योजना से भी वंचित हो जाएंगे। इसलिए सरकार से मैं मांग करता हूं कि इस पर विचार करते हुए ऐसे लाभुकों की कार्ड को नन राशन कार्ड का दर्जा देते हुए अयोग्य लाभुकों को राशन से वंचित किया जाए न की राशन कार्ड को ही सरकार रद्द करें।

# बिहार में खेल एवं खिलाड़ियों को मिली नई पहचान : गिरिराज सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** गांधी स्टेडियम में गुरुवार को भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व पीएम वाजपेयी की तैलचित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।उपस्थित खिलाड़ियों, खेल प्रबंधकों एवं जिला वासियों को संबोधित करते हुए सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि बेगूसराय खेल के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं थी। परंतु पहले उन्हें आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाते थे। बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार बनने के बाद जिले के खेल एवं खिलाड़ियों को नई पहचान और नया मुकाम मिला है। उन्होंने गांधी स्टेडियम सहित नगर निगम क्षेत्र के विद्यालयों बी.पी. .2 विद्यालय, बी.एस.एस. कालेजिएट एवं जे.के. .2 विद्यालयके खेल मैदानों के समतलीकरण एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा गांधी स्टेडियम के पुनर्विकास के लिए जिला पदाधिकारी को कहा। साथ ही बेगूसराय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम के निर्माण का आश्वासन देते हुए बरौनी के पास भूमि उपलब्धता का भी उल्लेख किया। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि जिले के बच्चों में अपार ऊर्जा और प्रतिभा है। आवश्यकता केवल उन्हें सही मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण देकर नई ऊंचाइयों तक ले जाने की है। उन्होंने कहा कि जिले में भूमि चिन्हित कर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा तथा खिलाड़ियों के लिए आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 237 संसदीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने असम, बंगाल, तमिलनाडु एवं हरियाणा के खिलाड़ियों से संवाद किया और खेल को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों के लिए असीमित अवसर सृजित किए हैं। जहां चयन पहचान या सिफारिश के आधार पर नहीं बल्कि कौशल और प्रतिभा के आधार पर होता है। आज देश का सबसे गरीब परिवार का बच्चा भी कम उम्र में शीर्ष स्तर तक पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत के प्रयासों का उल्लेख करते हुए युवाओं को देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं की पहचान का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।कार्यक्रम के प्रारंभ में ताइक्कांडो संघ के जिला सचिव नंदू कुमार एवं जिला कोच मणिकांत कुमार के नेतृत्व में ताइक्कांडो खिलाड़ियों द्वारा पंच, ब्लक, किक, फाइट, एप्पल ब्रेकिंग, वुड ब्रेकिंग, फ्लाइंग साइड किक, नेशनल फ्लैग, सेल्फ डिफेंस, काता, रिंग फायर वल्ट आदि का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। सांसद ने हैंडबल, कबड्डी, खो-खो, योगा सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया और जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद एवं केंद्रीय कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह, जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, विधायक तेघड़ा रजनीश कुमार, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, जिला कला एवं संसति पदाधिकारी, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा, बेगूसराय सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, खेल प्रबंधक, दल प्रभारी एवं बड़ी संख्या में जिले के खेलप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

# भागवत कथा सृष्टि, प्रकृति और मोक्ष का दिव्य संदेश : बद्रीनाथ वनमाली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत श्री रंगजी बड़ी मंदिर गुंडी के परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक बद्रीनाथ बनमाली ने श्रद्धालु भक्तों को सृष्टि, प्रकृति और आध्यात्मिकता का गूढ़ ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने प्रवचन के दौरान भक्तो से कहा कि सृष्टि की रचना भगवान विष्णु की इच्छा से हुई। प्रारंभ में केवल परमात्मा का अस्तित्व था, उसी से प्रकृति और पुरुष तत्व की उत्पत्ति हुई। पंचमहाभूत-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी से संपूर्ण ब्रह्मांड, ग्रह-नक्षत्र, वनस्पति और जीव-जंतुओं का निर्माण हुआ। कथावाचक ने सृष्टि में मैथुन की उत्पत्ति का उल्लेख करते हुए बताया कि नर-नारी का संबंध केवल भोग नहीं, बल्कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के संतुलन का आधार है। मनु और शतरूपा की कथा के माध्यम से उन्होंने आदर्श गृहस्थ जीवन का संदेश दिया, जिससे मानव समाज की स्थिरता बनी रहती है। उन्होंने विभूति (देवहूति वंश परंपरा) के विवाह को धर्म और कर्तव्य का पवित्र बंधन बताया। कहा कि विवाह संस्कारों के प्रसार का माध्यम है। अंत में कपिलदेव-देवहूति संवाद का वर्णन करते हुए बताया कि ज्ञान और भक्ति के मार्ग से ही जीव प्रकृति के बंधन से मुक्त होकर मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है।

## शराब के साथ गिरफ्तार

**बलिया।** डंडारी थाना पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर छापा मारी कर बांक पंचायत के बिष्णुपुर निवासी रामबीनय यादव को चार लीटर देसी शराव के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इसकी जानकारी देते हुए थानाप्रभारी नीरज कुमार ने बताया की क्षेत्र मे जहाँ भी शराब पीते या बेचते हुए पकड़ाएंगे कोई व्यक्ति उसपर कड़ी करवाई की जाएगी।

# दिनदहाड़े फाइनांस कर्मी को हथियार के बल पर लूटा

## पुलिस कर रही मामले की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के मेहदौली पंचायत भवन के समीप पिपरा समसा पीडब्ल्यूडी मुख्य पथ पर गुरुवार को दिन दहाड़े फाइनेंस कर्मी से बाइक सवार तीन बदमाशों ने हथियार के बल पर 37 हजार 7 सौ 50 रुपए लूट लिये। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह एसआई सुमित कुमार, एएसआई अभिषेक रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। पीड़ित माइक्रो फाइनेंस सेटिंग क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड का कर्मी मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चंद्रिका स्थान निवासी अरबिंद प्रसाद सिंह के पुत्र नीरज कुमार सिंह बताया जाता है। पीड़ित ने बताया गुरुवार को करीब 10:30 बजे बगरस और भारडीहा के महिला समूह से तहसीली कर मेहदौली स्थित अपने अफिस लौट रहा था। इसी क्रम में पिपरा समसा पीडब्लूडी मुख्य पथ पर मेहदौली पंचायत भवन के समीप पीछे से आ रहे पल्सर बाइक से सवार तीन नकाबपोश बदमाश ने ओवरटेक कर कर्मी को गिरा दिया। बदमाशों ने हथियार के बल पर उसके जेब से तहसीली की गई 37 हजार सात सौ पचास रुपए छीन लिया। कर्मी द्वारा शोर करने पर आस पास के लोगों के जुटने पर बदमाश भाग निकले। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार नकाबपोश तीनों बदमाशों ने पहले उक्त कर्मी को रोका फिर हथियार के बल पर मारपीट करते हुए उसके पास मौजूद रुपये लूट लिए। घटना के बाद आस पास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। इसकी सूचना मिलते ही 112 नंबर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल कर्मी को उठा कर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जिसके बाद पीड़ित ने इसकी लिखित सूचना थाने में दी। सूचना मिलते ही एसडीपीओ ष्ण कुमार, थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, एसआई सुमित कुमार, एएसआई अभिषेक रंजन सहित पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रहे है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि लुटेरे को चिन्हित कर लिया गया है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

# डीसीओ ने किया पहसारा पश्चिम पैक्स का निरीक्षण

## धान का रख रखाव बेहतर तरीके से करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** जिला सहकारिता अधिकारी सत्येन्द्र पाल ने प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड पहसारा पश्चिम का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान पैक्स अध्यक्ष रणवीर कुमार को हिदायत देते हुऐ कहा कि धान का रख रखाव स्टैंकिग अच्छे तरीके से हो। पैक्स अध्यक्ष रणवीर कुमार सिंह ने जिला सहकारिता अधिकारी को बताया। अभी तक कुल 33 किसानों से लगभग 845 क्विंटल धान खरीदी जा चुकी है। किसानों को राशि उनके खाते में पैक्स प्रबंधक किरण कुमारी के द्वारा भेज दी गयी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्र्य-सह भुगतान पंजी,नमी जांच पंजी, भंडारण पंजी, माप तौल, लाईसेंस एवं नमी मापक यंत्र से धान की नमी को जांच किया। जिसका प्रतिशत 16ः पाया गया। जांच के दौरान प्रखंड सहकारिता अधिकारी अनिल चौधरी को उन्होंने निर्देश दिया कि गांव एवं प्रखंड में एक भी किसानों का धान नहीं छूटना चाहिए। पहसारा पश्चिम अध्यक्ष रणवीर कुमार को गोदाम की क्षमता बढ़ाने 1000 मैट्रिक्स टन का गोदाम बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने अपने निर्देश में कहा कि कहीं भी सरकारी जमीन या आम लोगों के द्वारा अतिक्रमण वाली सरकारी जमीन गांव में हो आवेदन देकर सी ओ से अतिक्रमण मुक्त करवाकर गोदाम बनाने का कार्य करें। सरकार किसानों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु दृढ़ संकल्पित है। मौके पर समिति के उपाध्यक्ष शिवेश रंजन, नवयुवक ष्ण पूजा समिति के प्रबंधक गोलू, धान विक्रेता किसान मनोज कुमार, अर्जुन तांती, डाटा आपरेटर अंकित कुमार मिश्रा, शोषण कुमार सहित अनेकों किसान मौजूद थे।

## डीएम ने बसहा स्थान का दौरा कर विकास कार्यों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने गुरुवार को प्रखंड के नौलागढ़ एवं वीरपुर पश्चिम पंचायत के बरैपुरा स्थित पालकालिन बाबा बसहा स्थान का जिला में विकास कार्यों से संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारीयों के साथ दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां लगे बाबा बसहा से संबंधित बोर्ड से जानकारी प्राप्त करते हुए स्थानीय ग्रामीणों एवं मुखिया त्रिपुरारी कुमार से बाबा बसहा स्थान की विकास, रख रखाव, पोखर आदि से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। जानकारी देते हुए वीरपुर पश्चिम पंचायत के मुखिया त्रिपुरारी कुमार ने बताया कि बसहा स्थान के प्रांगण स्थित पोखर को जिला मत्स्य विभाग से हटाकर पंचायत में जोड़ने का आग्रह किया जिसके राजस्व से पंचायत का विकास हो सके।मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, डी डी सी, सदर एसडीओ एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी समेत वीरपुर के अंचलाधिकारी भाई विरेंद्र, थाना अध्यक्ष रवींद्र कुमार भी अपने दल बल के साथ मौजूद थे।

# पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की मनी जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** आत्मा के बैनर तले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती ई किसान भवन नावकोठी में गुरुवार को मनाई गई। इस अवसर पर जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीएओ रौशन कुमार ने की। अनुमंडल षि पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा कि किसानों की पूंजी उसकी भूमि है। अर्जित भूमि का उपयोग करने के उपरांत इसे हम आने वाली पीढ़ी को सौपते हैं। हम अपने भावी पीढ़ियों को किस प्रकार की भूमि सौपने जा रहे हैं। वर्तमान समय में यह विचारणीय प्रश्न है। अधिक उत्पादन के लिए खेतों में बिना सोचे समझे अत्यधिक रासायनिक उर्वरक का प्रयोग करते हैं जिससे खेतों की मिट्टी जहरीली तथा बंजर होती जा रही है। इसे संरक्षित रखने की जिम्मेदारी किसानों की है अन्यथा आने वाली पीढ़ी को देने के कुछ भी नहीं बचेगा। आज अनाज के उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुके है। हम अपने उत्पाद को अन्य राष्ट्रों को भी आपदा के समय में देकर उन्हें भूखमरी से बचाने का भी कार्य करने में समर्थ हैं। रसायनिक उर्वरक से कम्पोस्ट अथवा सुपर कम्पोस्ट के द्वारा एक बार में नहीं जा सकते हैं। इसे समय के साथ बदलने की जरूरत है। खेतों की मिट्टी जांच कराने के लिए किसानों से अपील की। किसानों को आधुनिक खेती के तकनीक को अपनाने, मोटे अनाज उत्पादन करने, उत्पाद को सही कीमत पर बेचने के बाजार उपलब्ध कराने के लिए किये जा रहे प्रयास के संबंध में जानकारी दी। बीटीएम विवेकानंद सिंह ने परंपरागत खेती के स्थान पर की जाने वाली आधुनिक खेती को ही अनुसंधान बताया। उन्होंने कहा कि पहले खेतों में घरेलू देशी बीजों का प्रयोग करते थे जिससे उत्पादन कम होता था। अधिक उत्पादन के लिए हाइब्रीड बीजों का प्रयोग करने लगे हैं। पशुपालन कृषि पर आधारित है। इससे किसानों को आर्थिक स्थिति में सुधार खेती से बचे समय का सदुपयोग हो जाता है। अधिक दूध उत्पादन हेतु देशी गाय के स्थान पर जर्सी अथवा फ्रिजियन गाय का पालन करने लगे हैं। यही तो अनुसंधान है। कृषि समन्वयक मनोज कुमार ने खेतों में बीज डालने से पूर्व बीजोपचार करना, श्री विधि से खेती करने, बूंद बूंद सिचाई करने से कम लागत तथा अधिक मुनाफा होने के तरीके को विस्तार से बताया। खेतों में उर्वरक तथा स्प्रे करने के सही समय तथा उससे होने वाले लाभ की जानकारी दी। ड्रोन के माध्यम से स्प्रे करने में कम पानी का खपत, कम लागत तथा अधिक लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। स्प्रे करने के लिए घोल तैयार करने की विधि को विस्तार से बताया। आत्मा द्वारा संचालित योजना, एफ आर, षि यंत्रीकरण, आवेदन करने के तरीके के संबंध में बताया। मौके पर बीएओ शोभित कुमार, एटीएम सोनल सिंह, प्रदान से शिव चंद्र कुमार, किसान सलाहकार जयशंकर सिंह, सुनील कुमार, राजीव कुमार, प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया।

## प्रखंड क्लस्टरस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**बिहटा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत, पटना के तहत स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय प्रखण्ड क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को बिहटा के अल्हनपुरा खेल मैदान में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बिहटा, मनेर, बिक्रम एवं नौबतपुर प्रखण्ड के कुल 150 खिलाड़ी शामिल होकर सभी खिलाड़ीयों ने अपनी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ व समापन बिहटा नगर पंचायत परिषद के मुख्य अध्यक्ष प्रियंका कुमारी, प्रखंड उप प्रमुख वरुण कुमार, राकेश कुमार मुखिया प्रतिनिधि, बीडीओ शिवजन्म राम, अमित कुमार बीसीएम, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि निखिल कुमार, अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# बांग्लादेश के पीएम का एबीवीपी ने फूंका पुतला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डंडारी इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनिस का पुतला दहन किया। इस दौरान एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार से भाई दीपू चंद्र दास को पीट पीट कर पेड़ से लटका करके जला दिया गया, दीपूचंद्र दास का बस इतना कसूर था कि वो हिंदू था। जब से जिहादी मानसिकता के मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की सत्ता में आए हैं, तब से वहां हिंदुओं पर लगातार अत्याचार और निर्मम हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में कानून और लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। हर तरफ जिहादी मानसिकता के लोगों का बोलबाला है। यह पूरा घटनाक्रम बांग्लादेश पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने हुआ। लेकिन इसे रोकने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। एबीवीपी डंडारी के नगर मंत्री दिवेश कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद इस्लामी जिहादी गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और उनका निशाना वहां का हिंदू समाज बन रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, महिलाओं, संपत्तियों, शासकीय कर्मचारियों और पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं। हिंदू प्रताड़ना की घटनाएं वहां लगभग हर सप्ताह सामने आ रही हैं। एबीवीपी डंडारी के नगर सह मंत्री सुमंत कुमार एवं शुभम झा ने कहा कि 1947 के विभाजन के बाद से भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदू आबादी के आंकड़ों में लगातार गिरावट आई है। उन्होंने इसे सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों से जोड़ते हुए केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ठोस कदम उठाने की मांग की। बांग्लादेश में हुई यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। पुतला दहन कार्यक्रम में नगर कोषाध्यक्ष बिशाल कुमार, सोशल मीडिया संयोजिक आकाश दीप कुमार, सोशल मीडिया सह संजयोक कुंदन कुमार, खेलो भारत संजोयक निकेश झा, रूपेश कुमार, शिवजी, गुंजन, विकाश, अमन, दिवो, राजीव कुमार, छोटू कुमार, किशन कुमार, कार्तिक कुमार आदि मौजूद थे।

# बढ़ती ठंढ को लेकर 26 तक बंद रहेंगे स्कूल

**'नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में पड़ रही ठंड के कारण कम तापमान को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जिले के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों में प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र सहित कक्षा 8वीं तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियाँ दिनांक 26 दिसंबर तक पूर्णतः प्रतिबंधित रखने का निर्देश दिया है। वहीं कक्षा 8वीं से ऊपर की कक्षाओं का संचालन विशेष सावधानी के साथ पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक करने का निर्देश दिया है। विद्यालय प्रबंधनों को उल्लेखित आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निर्धारित करने का निदेश जिला दंडाधिकारी द्वारा दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र मध्याह्न 12 बजे से अपराह्न 2 बजे के बीच केवल बच्चों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी, तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) को उपरोक्त आदेश को सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया। प्री-बोर्ड तथा बोर्ड परीक्षाओं के लिए संचालित की जाने वाली विशेष कक्षाएं एवं परीक्षाएं इस आदेश के प्रतिबंधों से मुक्त रहेंगी।

## घर से लाखों की चोरी

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के सब्जी बाजार के निकट एक घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के कीमती सामान की चोरी कर ली। पीड़ित अदालत राय की पत्नी रीना देवी ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि विगत 23 दिसंबर को पिताजी को देखने के लिए स्वपरिवार नैहर गई हुई थी।इसी का फायदा उठा कर अज्ञात चोरों ने घर में खिड़की के सहारे घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घर के अलमीरा में रखे 45 ग्राम सोना,10 भरी चांदी के पायल, एक टेलीविजन, एक मोबाइल व 47 हजार नगद रुपए लेकर फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर गहन जांच की जा रही है।

# श्रीरंगजी बड़ी मंदिर में भागवत कथा में पहुंचे श्रद्धालु

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गुंडी गांव स्थित श्रीरंग जी बड़ी मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के पीठाधीश्वर बद्रीनाथ बनमाली जी ने सरल, सहज और भावपूर्ण भाषा में भागवत के गूढ़ प्रसंगों का वर्णन किया। कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से हुआ जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। कथावाचक ने द्विति के पुत्रों हिरण्याक्ष और हिरण्य कष्यपु का प्रसंग सुनाते हुए हिरण्याक्ष वध की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब हिरण्याक्ष के अत्याचार से पृथ्वी रसातल में चली गई। तब भगवान विष्णु ने वराह अवतार लेकर उसका उद्धार किया। इसके बाद मनु और शतरूपा से सृष्टि की उत्पत्ति तथा उत्तानपाद और ध्रुव की कथा सुनाकर सच्ची भक्ति का महत्व बताया। कथा के अंतिम चरण में दक्ष यज्ञ और वीरभद्र की उत्पत्ति का प्रसंग आया। जिसमें अहंकार के दुष्परिणाम और भक्ति-विनम्रता की महत्ता को रेखांकित किया गया। कथा के समापन पर हरि बोल के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

# समन्वयक स्कूल जाकर देंगे अकादमिक अनुसमर्थन

**'नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर के समन्वयक प्राथमिक विद्यालय सप्ताह में एक दिन जाएंगे। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने सभी जिले के डीईओ को इसका निर्देश दिया है। निदेशक ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में पूर्व में गठित संकुल संसाधन केन्द्र का पुनर्गठन पंचायत स्तर पर विद्यालयों को जोड़ते हुए कम्प्लेक्स संसाधन केन्द्र के रूप में किया गया है। ऐसे में कम्पलेक्स संसाधन केन्द्र को पंचायत स्थित विद्यालयों के शिक्षकों के अकादमिक मेंटरिंग के लिए दो कार्य निर्धारित किए जा रहे हैं। विद्यालय में अकादमिक अनुश्रवण के लिए जिला के रोस्टर के अनुसार कम्पलेक्स संसाधन केन्द्र विद्यालयों का भ्रमण करें। सप्ताह में एक दिन समन्वयक प्राथमिक विद्यालयों का अनुश्रवण करेंगें।

# निर्धनता छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** राष्ट्रीय आय सह निर्धनता छात्रवृत्ति परीक्षा के पूर्व एक अभ्यास परीक्षा का आयोजन एपीएस मिडिल स्कूल नावकोठी में बुधवार को किया गया ।इस परीक्षा में विभिन्न मिडिल स्कूल के अष्टम कक्षा में अध्ययनरत 77 बच्चे शामिल हुए। इसकी जानकारी चिह्नित परीक्षा केंद्र के केन्द्राधीक्षक राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का केन्द्र इसी विद्यालय को बनाया गया है तथा इस परीक्षा में नावकोठी के विभिन्न मिडिल स्कूलों के 95 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। इसमें 77 बच्चों ने हिस्सा लिया तथा 17 बच्चे अनुपस्थित हो गए। शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना शिक्षकों ने की है।कहा कि इस अभ्यास परीक्षा से बच्चों को काफी हद तक फायदा होगा और मुख्य परीक्षा में कठिनाई नहीं होगी। अभ्यास परीक्षा से विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न और प्रश्नों की समझ मिलेगी, जिससे मुख्य परीक्षा में उन्हें कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। परीक्षाफल जारी होने के बाद क्वालीफाय करने के बाद निशुल्क तैयारी करवाई जाएगी ताकि मुख्य परीक्षा में आसानी से सफलता पाने में आसानी होगी।

## पुलिस ने किया मोबाइल बरामद

**बलिया।** थाना पुलिस ने अपरेशन मुस्कान के तहत तकनीकी अनुसंधान कर दो लोगो का खोया हुआ मोबाईल बरामद कर मोबाईल धारक को सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी बिकास कुमार राय ने बताया की थाना क्षेत्र के बड़ी बलिया निबासी बीरेंद कुमार एवं फूलबड़िया थाना क्षेत्र के बाड 26 निबासी सचिन कुमार का मोबाईल अपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर दोनों को सुपुर्द कर दिया गया हे दोनों मोबाईल धारक ने खोये मोबाईल मिलने पर खुशी जाहिर की एवं बलिया पुलिस को धन्यवाद दिया।

# छात्रवृत्ति परीक्षा के पूर्व अभ्यास परीक्षा का आयोजन

**'नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा के पूर्व एक अभ्यास परीक्षा का आयोजन मध्य विद्यालय, नावकोठी में बुधवार को किया गया है। इसकी जानकारी चिह्नित विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का केन्द्र इसी विद्यालय को बनाया गया है तथा इस परीक्षा में नावकोठी के विभिन्न मध्य विद्यालयों के 93 बच्चे भाग लेंगे। शिक्षा विभाग की इस पहल की सराहना शिक्षकों ने की है। और कहा है कि इस अभ्यास परीक्षा से बच्चों को काफी हद तक फायदा होगा और मुख्य परीक्षा में कठिनाई नहीं होगी। अभ्यास परीक्षा से विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न और प्रश्नों की समझ मिलेगी, जिससे मुख्य परीक्षा में उन्हें कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## रजाकपुर चर्च में मनाया गया क्रिसमस

**नावकोठी।** क्रिसमस डे के अवसर पर रजाकपुर स्थित चर्च में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से ही चर्च परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और सजावटी झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पादरी ने प्रभु यीशु के जीवन, प्रेम, शांति और भाईचारे के संदेश पर प्रकाश डाला।प्रार्थना के बाद केक काटकर क्रिसमस की खुशियां साझा की गईं। बच्चों ने सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें कैरोल गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के ईसाई समुदाय के लोग शामिल हुए, वहीं अन्य समुदाय के लोगों ने भी पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि क्रिसमस प्रेम, सेवा और मानवता की भावना को मजबूत करने का पर्व है। कार्यक्रम के अंत में सभी के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। मौके पर सुमन कुमारी, ड रमण कुमार समेत अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे।

# पुलिस अधीक्षक ने अकोढ़ीगोला थाना का किया निरीक्षण, फरियादियों से की सीधी बातचीत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने अकोढ़ीगोला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों की स्थिति, लंबित कांडों की प्रगति तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर एसपी ने थाना क्षेत्र से पहुंचे दर्जनों लिखित एवं मौखिक फरियादियों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। फरियादियों ने झूठे मुकदमे, हत्या के मामलों, लंबित कांडों के उद्भेदन और निष्पादन में हो रही देरी जैसे विषयों को सामने रखा। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित मामलों में तैनात अधिकारियों से मौके पर ही बातचीत कर आवेदन एवं तथ्यों की समीक्षा की और मामलों के शीघ्र निष्पादन व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद के दौरान एसपी ने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई और सड़क सुरक्षा नियमों के सख्ती से पालन के साथ लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार सिंह, श्रीराम प्रजापति, मनोज कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य लोगों ने क्षेत्र की समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। सरपंच उदय कुमार सिंह ने स्थानीय थाना में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित करने की मांग भी रखी। निरीक्षण के दौरान फरियादी निर्मल कुमार, राजू सिंह, विमला देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## जयंती पर याद किए गए पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री देशरत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने उन्हें याद कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान, उनकी दूरदर्शी सोच, सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा), सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सिविल सर्जन डॉ. लालसा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी र'ा प्रियदर्शिनी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कपड़ा बैंक सह कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ, 451 जरूरतमंदों को मिला सहारा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** शीत ऋतु की सिहरन के बीच मानवता की गर्माहट लिए सासाराम में लगातार ग्यारहवें वर्ष कपड़ा बैंक सह कंबल वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महागठबंधन समर्थित करगहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं करगहर थाना के लोकप्रिय व कर्मठ थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित कर किया गया। इस अवसर पर महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने अपने निजी कोष से 451 कंबलों का वितरण कर सामाजिक सरोकार की एक सशक्त मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी जरूरतमंद को वस्त्रों के अभाव में कठिनाई न हो, इसी उद्देश्य से यह अभियान विगत कई वर्षों से निरंतर चलाया जा रहा है। कपड़ा बैंक के माध्यम से जमा किए गए पुराने लेकिन उपयोग योग्य वस्त्र—जैसे जींस, पैंट, शर्ट, स्वेटर, साल, मफलर, टोपी, ट्राउजर सहित विभिन्न प्रकार के कपड़े का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह सेवा पूरे शीतकाल तक अनवरत जारी रहेगी, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इनमें प्रमुख रूप से फेंकू सेठ, मुक्तेश्वर सिंह यादव, राधा यादव, जगनारायण गुप्ता, इंद्रजीत कुमार गुप्ता, मथुरा साह, पत्रकार निरंजन तिवारी, शमशाद आलम, अजय सोनी, समाजसेवी पुरुषोत्तम गुप्ता, रामचंद्र राम, शिवनारायण साह, रामप्रसाद सेठ, धर्मवीर सोनी, गोपाल प्रसाद गुप्ता, रविशंकर पासवान, रमजान अंसारी, सर्वेश कुमार, कृष्णा कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास और संवेदनशील सोच से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक भी राहत की रोशनी पहुंचाई जा सकती है।

# एस.जी.एन ठीकरा कॉन्वेंट, डालमियानगर के वार्षिक समारोह "भारत दर्शन" का हुआ समापन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** एस.जी.एन ठीकरा कॉन्वेंट, डालमियानगर में आयोजित वार्षिक समारोह "भारत दर्शन" विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक उल्लास और देशभक्ति के रंगों के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, भाषाई विविधता और परंपराओं का आकर्षक एवं भावपूर्ण प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी पंकज कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सभापति के जिला प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी, डेहरी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी एवं सुनीता देवी ने शिरकत कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के संचालक राकेश रंजन, प्रधानाचार्य भावना रंजन, अतिथियों एवं नर्सरी की छात्रा काव्या द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद नैंसी गुप्ता एवं तनिष्ठा रंजन द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। साथ ही स्वच्छ भारत, बाल मजदूरी उन्मूलन एवं बालिका शिक्षा जैसे सामाजिक विषयों पर आधारित नाटकों ने समाज को जागरूक करने का संदेश दिया, वहीं हास्य नाटक ने दर्शकों को खूब आनंदित किया। अंग्रेजी गीतों पर नृत्य एवं क्रिसमस के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया। विद्यालय द्वारा शतरंज, मेहंदी, चित्रकारी, गायन एवं नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## हादसे से बाल-बाल बचे 20 लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव के पास एनएच - 19 पर गुरुवार की शाम एक बड़ा हादसा टल गया। सड़क पार कर रहे व्यक्ति को बचाने के क्रम एक टाटा विंगर कार अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन एनएचएआई पुल के गड्ढे में जा गिरी। हालांकि गनीमत रहा की, कार में बैठे सभी लोग सुरक्षित हैं। कार में सवार 20 लोग पश्चिम बंगाल से उत्तर प्रदेश जा रहे थे। तभी बसतपुर ग़ांव के समीप यह हादसा हुआ। उसी रास्ते से गुजर रहे व्यापार मंडल के अध्यक्ष पीयूष रंजन उर्फ रिशू सिंह ने अपने सहयोगियों और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फिर क्रेन बुलाकर कार को गड्ढे से बाहर निकाला गया। अपर थानाध्यक्ष राजेश पासवान ने बताया कि टाटा विंगर कार दुर्घटना का शिकार हुई पर सभी लोग इसमें सुरक्षित है।

# क्रिसमस मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** न्यू दिल्लीज स्थित क्रिश्चियन चर्च में बुधवार की शाम क्रिसमस पर्व श्रद्धा, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित क्रिसमस मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तमिलनाडु के चिदंबरम संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. थिरूमावलम तथा सासाराम संसदीय क्षेत्र के सांसद मनोज कुमार उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों का स्वागत जेम्स मिनिस्ट्री के सुपरिटेंडेंट भाई राकेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना वंदना से की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जेम्स इंग्लिस स्कूल, सिकरिया के छात्र-छात्राओं ने कोरियोग्राफी नृत्य, लघुनाटक एवं रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं जेम्स प्रोजेक्ट के बच्चों द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा जेम्स नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन चरित्र पर आधारित लघुनाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. थिरूमावलम ने उपस्थित लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए जेम्स संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। वहीं सांसद मनोज कुमार ने अपने संबोधन में प्रभु यीशु मसीह के जीवन, त्याग और प्रेम के संदेश पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बाइबिल पाठ एवं प्रवचन के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म और उनके संदेशों को साझा किया गया। बाइबल संदेश प्रस्तुत करते हुए जेम्स संस्था के संस्थापक डी. अगस्टीन जेबाकुमार ने प्रभु यीशु के पृथ्वी पर अवतरण के उद्देश्य को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि मसीह यीशु ने समस्त मानव जाति के पापों के लिए क्रूस पर बलिदान दिया, ताकि मानवता को अनंत जीवन का मार्ग मिल सके। उन्होंने समस्त बिहारवासियों को क्रिसमस एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए देश में शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर सामाजिक सरोकार के तहत 400 गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का समापन क्रिसमस कैरोल गीत के साथ हुआ। धन्यवाद ज्ञापन जेम्स संस्था के क्षेत्रीय सुपरिटेंडेंट श्री सुरेश ने किया। कार्यक्रम में जेम्स संस्था के पीआरओ विक्टर अल्फ्रेड, गोफोर्थ जेबाकुमार, एमरसन, पास्टर विक्टर इम्मानुएल, पास्टर सैमुएल जॉनसन, विनोद मसीह, सुनील भाई अनुप, मिथलेश सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खेल हमें प्रेम और सौहार्द से रहने की देते है शिक्षा : अभिलाषा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस केंद्र औरंगाबाद में दो अलग - अलग टीम के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया जिसमें पहला मैच पुलिस केंद्र औरंगाबाद एवं नगर थाना की टीम के बीच खेल गया। खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए नगर थाना की टीम ने 95 रनों से अपनी जीत सुनिश्चित की। दूसरा मैच फ़ेसर थाना और सिमरा थाना की टीम के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित ओवर में लक्ष्य प्राप्त करने उतरी फ़ेसर थाना की टीम ने 111 रनों से जीत सुनिश्चित की। सर्व प्रथम इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मैच का उद्घाटन किया। तत्पश्चात खेल के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। जिलाधिकारी ने इस आयोजन को खेल भावना और आपसी सहयोग का प्रतीक बताते हुए इसकी सराहना की। साथ ही कहा कि खेल का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है जहां खेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है तो वहीं खेल हमें प्रेम और सौहार्द से रहने की शिक्षा देते हैं।

# सुशासन दिवस के रूप में मनी वाजपेयी की जयंती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** नुआंव भारतीय जनता पार्टी मण्डल कार्यालय पर ओजस्वी वक्ता, अजातशत्रु, राष्ट्रकवि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटलबिहारी बाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप मे मनाया गया। साथ हीं काशी हिन्दू विश्वबिद्यालय के संस्थापक पंडित मदन मोहन मालवीय को भी श्रद्धांजलि दि गई। समारोह मे अटल जी अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा अटल जी का नाम रहेगा के नारों से पूरा वातावरण अटलमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष सन्देश चौधरी ने किया तथा संचालन कार्यक्रम संयोजक सह मिडिया संयोजक नमोनारायण चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी के जिला महामंत्री सह जिला 20 सूत्री सदस्य राजीव श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर पार्टी के मण्डल महामंत्री रामायण सिंह ,दुर्गेश तिवारी, दीनानाथ सिंह, जितेंद्र कुमार, ताजमूल हुसैन, शेषनाथ सिंह, संजय पाण्डेय, विनीत कुमार राय, छागूर चौधरी, रामअवध चौधरी सहित पार्टी के मण्डल के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# करहगर विधायक वशिष्ठ सिंह का जदयू कार्यालय भभुआ में किया स्वागत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** जनता दल यूनाइटेड द्वारा गुरुवार को भभुआ स्थित पार्टी कार्यालय में करहगर के लोकप्रिय विधायक एवं जदयू युवा प्रदेश प्रभारी वशिष्ठ सिंह का भव्य स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल ने की, जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष लियाकत अंसारी ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं, समर्थकों और युवाओं ने जेसीबी से फूलों की वर्षा कर विधायक का अभिनंदन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, बुके, मोमेंटो और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान प्रकट किया। जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल एवं मुख्य प्रवक्ता अतुल पटेल ने भी उन्हें अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं विधायक वशिष्ठ सिंह ने पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वशिष्ठ सिंह ने कहा कि बिहार की प्रगति का वास्तविक श्रेय जदयू के समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि बिहार की राजनीति वहीं दिशा लेती है, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खड़े होते हैं। कैमूर जिले की चैनपुर, भभुआ और मोहनिया सीटों पर मिली सफलता के लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं की सराहना की और भावुक स्वर में कहा कि कैमूर उनका अपना घर है। उन्होंने संगठन में पुराने और नए कार्यकर्ताओं के समन्वय पर जोर देते हुए सदस्यता अभियान को तेज करने का निर्देश दिया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जनता ने भ्रष्टाचार की राजनीति को नकार कर विकास और शांति को चुना है। कार्यक्रम के बाद विधायक अपने समर्थकों के साथ मां मुंडेश्वरी धाम पहुंचे और दर्शन किए। मौके पर अतुल पटेल, डॉ. सुशील जायसवाल, प्रदीप रंजन, सुरेंद्र त्यागी, सीमा पांडे, उपेंद्र कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रारंभिक शिक्षक संघ का प्रखंड सम्मेलन संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, औरंगाबाद का प्रखंड सम्मेलन गुरुवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय, टिकरी रोड में संपन्न हुआ। प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन वार्ड पार्षद धर्मेंद्र कुमार, संगठन के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत प्रसाद, औरंगाबाद प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिह, कार्यालय सचिव ब्रजकिशोर प्रसाद, जिला आंकेक्षक ब्रजेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में औरंगाबाद जिले की शिक्षा व्यवस्था, जिला शिक्षा कार्यालय की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। शिक्षकों से अपने अधिकारों के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन के दौरान औरंगाबाद प्रखंड इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव में राजेंद्र राम को प्रखंड अध्यक्ष, सत्यनारायण सिह, जितेंद्र कुमार, मो रेयाजुद्दीन, धनंजय प्रसाद को उपाध्यक्ष चुना गया। विक्रम कुमार को प्रखंड सचिव, शबीना आजमी को संयुक्त सचिव, योगेंद्र कुमार को कार्यालय सचिव, नंदकेश्वर बैठा को आंकेक्षक एवं इसरार अहमद को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया को चुनाव पदाधिकारी राजेंद्र कुमार एवं ब्रजेश कुमार सिह ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया। सम्मेलन का समापन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिह द्वारा किया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती गुरुवार को बिक्रम में सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्य नारायण सिन्हा ने की, जबकि संचालन योगेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान राष्ट्रपुरुष थे, जिन्होंने देश में विकास की मजबूत नींव रखी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और नीतियों का ही परिणाम है कि आज भारत विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ते हुए वैश्विक मंच पर सशक्त भूमिका निभा रहा है।

# अटल बिहारी और मालवीय के अपनाए रास्तों पर चलने की है जरूरत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आजादी के पूर्व मालवीय जी ने स्वतंत्रता के आंदोलन में विशेष भूमिका निभाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी, वहीं अटल जी ने भारत के प्रधानमंत्री रहते हुए कालजयी कार्य किये थे। यह बातें गिरिडीह के पूर्व सांसद डॉ रवींद्र कुमार पांडेय ने कही। वे गुरुवार को शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित सम्राट अशोक भवन में चाणक्य परिषद के तत्वावधान में आयोजित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक मदन मोहन मालवीय की जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। पूर्व सांसद ने दोनों को भारत की तस्वीर बदल देने वाला व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि उनके लिए राष्ट्र और उसका उत्थान हमेशा सर्वोपरि रहा। इनके अपनाए रास्तों पर चलने और नीतियों तथा विचारधाराओं को अपनाने की जरूरत है ताकि देश में प्रेम एवं भाईचारा का माहौल कायम रह सके। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गिरिडीह के पूर्व सांसद डॉ रवींद्र कुमार पांडेय, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबल्लभ सिंह उर्फ बबुआ जी, जिला परिषद की उपाध्यक्ष किरण सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, रेडक्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, साहित्यकार डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, पूर्व बीडीओ भैरवनाथ पाठक, हम नेता सुनील चौबे, कमल किशोर पांडेय आदि ने दोनों महापुरुषों की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पांडेय और संचालन चाणक्य परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को मोमेंटो, शॉल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। वहीं ब्राह्मण समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर के दिवंगत आत्माओं को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर भी माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर चाणक्य परिषद के जिला महासचिव योगेंद्र दूबे, ओबरा प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश द्विवेदी, नरेश पांडेय, अमरेंद्र पांडेय, शंभु पांडेय, रेडक्रॉस के सचिव दीपक कुमार, संज्ञा समिति के अध्यक्ष अशोक पांडेय आदि मौजूद रहे।

# अकस की लघु नाट्य प्रतियोगिता को लेकर निकली जागरुकता रैली




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** कैनाल रोड स्थित इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब परिसर में अभिनव कला संगम के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय 34वें अखिल भारतीय बहुभाषीय लघु नाट्य एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य शहरवासियों को इस राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिता की जानकारी देना और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। जागरूकता रैली को एम.एम. इंटरनेशनल फाइटर श्यामनन्द एवं स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली इंजीनियर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब से प्रारंभ होकर चुना भट्ठा मोड़, स्टेशन रोड, पाली रोड, सिनेमा रोड, मुख्य बाजार होते हुए पुनः क्लब परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से नागरिकों को लघु नाट्य प्रतियोगिता में आमंत्रित किया गया। रैली में मणिपुर के इंफाल से आई नाट्य संस्था के कलाकार धन कांटा एवं एमखामडोले, वहीं कोलकाता की पद्मा सरकार टीम के कलाकारों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे रैली में राष्ट्रीय सांस्कृतिक रंगत देखने को मिली। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संजय सिंह बाला, सचिव नंदन कुमार, विनोद गुप्ता, संतोष सिंह, कीर्तन श्रीवास्तव, पवन कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी व कलाकार उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन शुक्रवार की संध्या राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख एवं राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि देश के विभिन्न राज्यों से नाट्य संस्थाओं की टीमें डिहरी ऑन सोन पहुंचना शुरू हो चुकी हैं। अध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन दिन में गायन, नृत्य, पेंटिंग, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जबकि शाम के समय 30 दिसंबर तक प्रतिदिन नाटकों का मंचन किया जाएगा।

# पेड़ से टकराई बाइक, 16 वर्षीय युवक की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी प्रखंड अंतर्गत मल्हीपुर गांव के समीप गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 16 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब युवक करमचट डैम की सैर कर वापस चेनारी लौट रहा था। बताया जा रहा है कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, जिससे युवक को गंभीर चोटें आईं और उसकी घटनास्थल पर ही जान चली गई। मृतक की पहचान नगर पंचायत चेनारी निवासी भीम सेठ के 16 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में युवक को तत्काल चेनारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, वहां मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार युवक की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। जैसे ही हादसे की सूचना परिजनों को मिली, अस्पताल परिसर में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आयुष करमचट डैम घूमने गया था और लौटने के दौरान यह हादसा हो गया। इस हृदयविदारक घटना से नगर पंचायत चेनारी में शोक की लहर दौड़ गई है। हर आंख नम है, और लोग एक होनहार किशोर की असमय मौत पर गहरा दुख जता रहे हैं।

# कुशल वक्ता और सर्वमान्य नेता थे पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी : सुशील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के एक निजी रिशोर्ट में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा और सहयोगी दलों के नेता, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व, कृतित्व और आदर्शों को स्मरण करते हुए कार्यकर्ताओं का सम्मान करना था। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल, विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, औरंगाबाद सदर से भाजपा विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह, लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण उर्फ सोनू सिंह सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं को शाल, गमछा और फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, उनके राजनीतिक संघर्ष, राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभी नेताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नेतृत्व दूरदर्शिता, संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक था। अटल जी न केवल एक महान राजनेता थे, बल्कि वे एक संवेदनशील कवि, कुशल वक्ता और सर्वमान्य नेता भी थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और संतुलित विदेश नीति के जरिए भारत को नई पहचान दी। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे, जिनका सम्मान सभी दलों में समान रूप से किया जाता था। उन्होंने राजनीति में मर्यादा, संवाद और सहमति की जो परंपरा स्थापित की, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अटल जी के आदर्शों को अपने जीवन और राजनीति में अपनाने का आह्वान किया। सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि अटल जी का नेतृत्व, राष्ट्रहित में लिए गए निर्णय और उनकी विचारधारा आज भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देती है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सम्मान समारोह के बाद आयोजित भोज में कार्यकर्ताओं ने आपसी संवाद और सौहार्द के साथ सहभागिता निभाई। लोजपा (रामविलास) जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी पक्ष के साथ-साथ विपक्ष की बात भी उतनी ही गंभीरता से सुनते और रखते थे। उनके द्वारा तय किए गए राजनीतिक मानकों पर चलने का प्रयास करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जेडीयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबलभ सिंह उर्फ बबुआ जी, जिलाध्यक्ष पूजा सिंह, महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता सिंह, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह, भाजपा के युवा नेता दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## लापता विक्षिप्त महिला को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विक्षिप्त महिला को अंबा पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। दरअसल महिला बीते कुछ दिनों से लापता थी। बताया जाता है कि महिला चार दिन पहले भटकते हुए अंबा थाना क्षेत्र में पहुंची थी। जहां गश्ती दल की नजर उस पर पड़ी। मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह अपना नाम और पता बताने में असमर्थ थी जिसके बाद टीम ने उसे सुरक्षित रखा। पहचान के लिए आसपास के थानों से संपर्क स्थापित कर तस्वीर भेजी गई तथा सोशल मीडिया पर सूचना साझा की गई। इसी क्रम में महिला की पहचान भोजपुर जिले के सीकरहटा गांव निवासी सन्नी देओल की 25 वर्षीय पत्नी रीता के रूप में हुई है। इस संबध में आरा के करनौल चांदी गांव के निवासी महिला के भाई अर्जुन कुमार ने बताया कि रीता अपने ससुराल वालों के साथ खेत में धान काटने गई थी। सोलह दिन पहले अचानक लापता हो गई थी। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। बुधवार को चरपोखरी थाना के चौकीदार अर्जुन कुमार के घर पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आपकी बहन औरंगाबाद जिले के अंबा थाना में सुरक्षित है। यह खबर मिलते ही बहनोई और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ थाना पहुंचा। इसके लिए उन्होंने पुलिस के प्रति आभार जताया है।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

### आज मनायी जाएगी पूर्व सांसद रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के गेट स्कूल मैदान में सांसद खेल महोत्सव के तहत दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, रामनरेश सिंह फाउंडेशन के चैयरमैन सुनील सिंह एवं विधान पार्षद दिलीप सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मैच की शुरुआत राष्ट्रगान एवं खिलाड़ियों के परिचय के साथ किया गया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत पूरे देश मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश एवं उनके आग्रह पर किया जा रहा है। इस खेल महोत्सव में बैडमिंटन, खो-खो, कुश्ती, कबड्डी, फुटबॉल एवं विभिन्न खेलों का आयोजन शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर किया जा रहा है। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि 26 दिसम्बर को इसी मैदान में पूर्व सांसद रामनरेश सिंह उर्फ लूटन बाबू की पुण्यतिथि दोपहर 12 बजे से मनाया जाएगा और फाइनल मैच औरंगाबाद एवं बारुण के बीच दोपहर 1 बजे से खेला जाएगा। हमारे राज्य, जिला एवं ग्रामीण स्तर पर अच्छे खिलाड़ी है जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलो में अच्छा प्रदर्शन कर चुके है। पहला मैच औरंगाबाद एवं बेल (दाउदनगर) के बीच खेला गया जिसमें औरंगाबाद की टीम 7-0 से जीती। दूसरा मैच बारून और देव आनंदपुरा के बीच खेला गया जिसमे बारून की टीम 1-0 से जीती। इस मैच के मुख्य रेफरी मो. फक़रूद्दीन आलम, लाइन्स मैन अधिवक्ता मनोज कुमार एवं सत्येन्द्र सिंह रहे। मैच का कमेंट्री विजय यादव एवं मंच संचालन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह ने किया। कार्यक्रम में जदयू नेता विश्वनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, सुनील शर्मा, रविन्द्र शर्मा, सूर्यपत सिंह, भरत सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रदीप चौरसिया, मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल सिंह, किसान मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, युवा भाजपा नेता शुभेंदु शेखर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, शुभम सिंह, नलिनी रंजन, ब्रजेश सिंह, गुड्डू खान, सोनू सिंह, वार्ड पार्षद रंजय अग्रहरी, इलताफ कुरैशी, सुशील कुमार, भाजपा नेता धर्मेन्द्र शर्मा, शुभम सिन्हा, मनोज सिंह, बिजेन्दर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, प्रभात सिंह, सुरेन्द्र जैन, ऋषि सिंह, लवकुश कुमार, गोलू कुमार, दिपक सिंह, हुमायूं अंसारी, मृत्युंजय सिंह, मन्टू सिंह, विकास कुमार उर्फ बारूद, उपेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सिन्हा कॉलेज में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का जिला स्तरीय आयोजन सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा और खेल मामलों के मंत्रालय के तहत कॉलेज एनएसएस के कोलैबोरेशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने की। जबकि मार्गदर्शन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ निहारिका ने किया। विषय प्रवेश कॉलेज समन्वयक डॉ संजीव रंजन ने कराया। इसमें विभिन्न कॉलेजों के 18 से 25 उम्र समूह के बच्चों ने सैकड़ों की संख्या में हिस्सा लिया। इस वर्ष यूथ पार्लियामेंट का विषय आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रखा गया, जिस पर विद्यार्थियों ने वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्य संवैधानिक समझ और सामूहिक राजनीतिक विमर्श के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रतिभागियों ने आपातकाल के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, नागरिक स्वतंत्रताओं पर प्रभाव संस्थागत संतुलन तथा आज के लोकतंत्र के लिए उससे मिलने वाले सबक पर तर्कपूर्ण चर्चा की। स्पीकर की भूमिका में बीएड विभाग के प्रमुख डॉ राजीव रंजन थे। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मिथिलेश सिंह, बीजेपी नेता मुनींद्र कुमार, कॉलेज टीचर अमित रंजन, मधुजी, शिवम, राजीव, राशिद आदि थे। अतिथियों में यूनिवर्सिटी समन्वयक पिंटू, क्षेत्रीय कार्यालय से अंकित पाठक एवं दाउदनगर कॉलेज से देवप्रकाश आदि शामिल हुए। बेहतर संभाषण के लिए 10 प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया जिसमें रितिका, सुनैना, निशि प्रिया, आशीष, प्रीति, प्रशांत, राजकुमार, गुड़िया गौतम एवं अमीश शामिल रहे। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवक ओमप्रकाश, समीर, ऋतिक, बुशरा एवं रंजन आदि सक्रिय रहे। इस मौके पर कॉलेज परिवार के नागेंद्र शिवम, राजीव बायोटेक अनिल, छोटेलाल, मंजीत, ओम, मनोज, सौरभ, विकाश, नंदलाल आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन भीम बहादुर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ निहारिका ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। कॉलेज परिवार के सहयोग से एक सफ़ल कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# विभिन्न मामलों में 50 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई की है। अलग-अलग मामलों में 50 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। दुष्कर्म मामले में एक, शराब कांड में 6 एवं अन्य शीर्ष कांड में 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 115 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है तथा 13 वारंट का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1028 वाहनों की जांच की गई जिसमें 54000 रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 75 लीटर महुआ विनिष्ट किया गया है।पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जिले में मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की देर शाम कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्र से 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 लोगों को जेल भेजा गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि जिले में शांति व्यवस्था कायम रहे। तथा अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

